शुक्रवार
12 अप्रैल 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज


15 अप्रैल को बिहार में हुंकार भरेंगे उप्र के सीएम योगी
2



## ममता बनर्जी बोलीं... मैं देश के लिए रक्त बहाने को तैयार हूं

**एजेंसी/कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि वह राज्य में सीएए, एनआरसी और समान नागरिक संहिता को लागू नहीं होने देंगी। ईद के मौके पर कोलकाता में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि 'कुछ लोग चुनाव में दंगा कराने की कोशिश करेंगे, लेकिन आपको उनके झांसे में नहीं फंसना है। कुछ लोग चाहते हैं कि इस चुनाव के दौरान एजेंसियों के नाम पर लोगों को डराया जाए। उनके पीछे केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग आदि को लगा दो। मैं उनसे (भाजपा) कहूंगी कि वे जेल बनाएं और सभी को सलाखों के पीछे डाल दें। लेकिन क्या आप 130 करोड़ की पूरी आबादी को जेल में डाल पाएंगे? मैं देश के लिए रक्त बहाने को तैयार हूं, लेकिन यह अत्याचार जारी रहे, इसके लिए तैयार नहीं हूं।' टीएमसी चीफ ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि 'अगर कोई दंगा भड़काने आए तो आप शांत रहना क्योंकि अगर कोई विस्फोट होगा तो वे एनआईए को भेजेंगे और सभी को गिरफ्तार कराएंगे। सभी को गिरफ्तार करने से देश सूना हो जाएगा। हम चाहते हैं कि सभी मिलकर रहें।

# हमारी सरकार आयी तो पीएम मोदी समेत कई नेता जेल में होंगे: मीसा

- पाटिलीपुत्र लोकसभा सीट से राजद की प्रत्याशी मीसा भारती की पीएम मोदी पर की गई टिप्पणी से गरमाई सियासत
- बीजेपी ने कहा- विपक्ष के प्रचार का स्तर निचले स्तर पर पहुंचा

**केटी न्यूज/पटना**



आरजेडी के मुखिया लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती ने एक बड़ा बयान दिया है। पाटिलीपुत्र लोकसभा सीट से उम्मीदवार मीसा भारती ने कहा कि अगर लोगों ने इंडिया अलायंस को मौका दिया तो पीएम मोदी से लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेता सलाखों के पीछे होंगे।

पीएम मोदी के इंडिया अलांयस पर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाने संबंधी सवाल का जवाब देते हुए मीसा भारती ने कहा कि इंडिया गठबंधन है वो 30 लाख रोजगार दे रहा है। इसमें भी उनको तुष्टिकरण नजर आ रहा है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि हम किसानों की आय दोगुनी करने की बात कर रहे हैं, एमएसपी लागू करने की बात कर रहे हैं क्या यह सब तुष्टिकरण है? उन्होने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड पर कौन जवाब देगा। आरजेडी सुप्रीमो की बेटी इतने पर ही नहीं रूकी उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री जब भी आते हैं वे हमारे परिवार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हैं। जानतें है कि कितना बड़ा भ्रष्टाचार है? मीसा ने कहा कि अगर देश की जनता ने हमकों यानी इंडिया अलायंस को मौका दे दिया तो फिर प्रधानमंत्री से लेकर जितने भी भारतीय जनता पार्टी के नेता हैं वो सभी जेल के अंदर होंगे।

### मीसा के बयान पर बीजेपी ने किया पलटवार

मीसा भारती के बयान के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस पर भारतीय जनता पार्टी के नेता और डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा के साथ रामकृपाल यादव ने भी लालू परिवार पर हमला बोला है। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि जो लोग डरे सहमें हैं उनकी भी आवाज निकल रही है। यही लोग हैं जो चपरासी के क्वार्टर में रहते थे और आज महलों में रहते हैं। पीएम मोदी पर आरजेडी सांसद मीसा भारती के बयान पर बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि विपक्ष के प्रचार का स्तर इतना नीचे आ गया है कि वे पीएम मोदी को जेल भेजने की बात कर रहे हैं। देश सुनना चाहता है कि भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा जाएगा या नहीं। विपक्ष का अभियान इस स्तर पर है कि कोई नेताओं को जेल भेजने की बात कर रहा है।

### जेल भेजने वाले अपनी खैरियत तो मना लें

वहीं एनडीए के पाटलिपुत्र सीट से उम्मीदवार रामकृपाल यादव ने चैलेंज करते हुए कहा कि पहले जेल में भेजने वाले लोग अपनी खैरियत तो मना लें। पहले अपने आप को बचा लें। जेल भेजने की बात करनेवाले का परिवार पहले से ही भ्रष्टाचार के आरोप में घिरा हुआ है। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि रामकृपाल यादव तकरीबन 40 साल से राजनीति में है और छह बार सांसद और दो बार विधायक रह चुका हूं। उसके ऊपर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर जेल में भेजकर दिखाएं। हमारे एफिडेविट के बाद कोई संपत्ति नहीं है। इन संपत्ति की जांच कर देख लें। हमारे पास दिल्ली में कोई फॉर्म हाउस नहीं है। पीएम मोदी तो आसमान हैं जो उनके ऊपर थूकेगा, थूक खुद उसके ही ऊपर गिरेगा।

## चुनावी सभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने किया वादा

# सरकार बनी तो गरीब परिवार को हर महीने देंगे 8500 रुपए

**एजेंसी/बीकानेर**



राजस्थान के बीकानेर जिले के अनूपगढ़ में गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर जमकर आरोप लगाए। साथ ही कांग्रेस की सरकार बनने पर जनता के लिए कांग्रेस के वादों को याद दिलाया। राहुल ने कहा कि जितना पैसा मोदी ने अरबपतियों को दिया है, चुनाव जीतने के बाद हम गरीबों, पिछड़ों, आदिवासियों और दलितों को देंगे। उन्होंने आगे कहा कि लोग कहते हैं कि इससे जनता की आदत बिगड़ जाएगी, लेकिन क्या कोई मुझे बता सकता है कि जब मोदी अमीरों का पैसा माफ करते हैं, तो क्या उनकी आदत नहीं बिगड़ती है? मेरे मन में 16 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा है, मैं उसे देखकर आगे बढ़ रहा हूं। राहुल गांधी की यह राजस्थान में पहली चुनावी यात्रा है। राहुल ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने अपने 20-25 लोगों की मदद के लिए 30 लाख सरकारी पद खाली रखे। हम लोगों को 30 लाख सरकारी नौकरियां देंगे। हमारी सरकार आएगी तो हम किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य का कानून लागू करेंगे। अगर नरेंद्र मोदी कर्ज माफ कर सकते हैं तो कांग्रेस फिर किसानों का कर्ज माफ करके दिखाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि हमारी सरकार हिंदुस्तान के हर गरीब परिवार की हर महिला के बैंक खाते में साल में एक लाख रुपये जमा करेगी। जब तक आप गरीबी रेखा से बाहर नहीं आ जाते तब तक सरकार आपको हर महीने 8500 रुपये देगी। अगर आप गरीबी रेखा से नीचे हैं तो आपके बैंक खाते में हर महीने 8500 रुपये आते रहेंगे। हम एक झटके में भारत से गरीबी मिटा देंगे।

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनी तो देश में ठेका प्रथा को बंद कर देंगे। यानी अभी तक जो कार्य सरकार में कॉन्ट्रैक्ट पर ठेकेदारों के जरिए करवाया जाता है। वह काम करने के लिए परमानेंट कर्मचारियों की भर्ती करेंगे। उनसे कार्य करवाएंगे और उसका भविष्य भी सुरक्षित रखेंगे।

राहुल गांधी ने कहा कि हर राज्य के युवा आर्मी में जाते हैं लेकिन मोदी ने अग्निवीर योजना लागू करके युवाओं का भविष्य संकट में डाल दिया। आर्मी चाहती ही नहीं थी कि अग्निवीर योजना लागू हो लेकिन पीएम ने अपने ऑफिस से इस योजना को लागू कर दिया। पहले सेना के जवानों को आर्मी यह गारंटी देती थी कि अगर आपको कुछ होगा तो आपकी देखभाल सरकार करेगी। अगर शहीद हो गए तो शहीद का दर्जा, पेंशन, परिवारजनों को पेंशन और कैंटीन की सुविधा दी जाती थी लेकिन अग्निवीर ने यह सब खत्म कर दिया। राहुल बोले कि कांग्रेस की सरकार बनने पर इस योजना को रद्द करेंगे।

सभा में राहुल गांधी ने कहा कि अभी तक लोगों को पता ही नहीं है कि देश में पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों, मुस्लिमों और गरीबों की आबादी कितनी है। कांग्रेस की सरकार बनते ही पहला का जातीय जनगणना का कराएंगे ताकि पता चले कि देश में किसकी आबादी कितनी है। यह पता लगाएंगे कि देश का कितना धन किन लोगों के हाथ में है। जातीय जनगणना से सब पता चल जाएगा कि देश में दलितों, पिछड़ों और गरीबों की कितनी भागीदारी है।

वहीं जोधपुर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि अभी तक लोगों को पता ही नहीं है कि देश में पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों, मुस्लिमों और गरीबों की आबादी कितनी है। कांग्रेस की सरकार बनते ही पहला का जातीय जनगणना का कराएंगे ताकि पता चले कि देश में किसकी आबादी कितनी है। यह पता लगाएंगे कि देश का कितना धन किन लोगों के हाथ में है। जातीय जनगणना से सब पता चल जाएगा कि देश में दलितों, पिछड़ों और गरीबों की कितनी भागीदारी है।

उन्होंने अडाणी का जिक्र करते हुए कहा कि जब 2014 में केंद्र में मोदी सरकार आई, तब उद्योगपति गौतम अडाणी के शेयरों के दाम बढ़ने शुरू हुए और लगातार बढ़ रहे हैं क्योंकि इंडिया जानता है कि अडाणी और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष ने आगे कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी कहते हैं कि वो भ्रष्टाचार खत्म करना चाहते हैं लेकिन इलेक्टोरल बॉन्ड्स स्कीम ले आए। उद्योगपतियों ने उन्हें हजारों करोड़ रुपये दिए। पीएम मोदी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति ये न जान पाए कि कौन स्कीम के तहत पैसा दे रहा है। कुछ दिनों पहले सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्कीम गलत है और कैंसिल होनी चाहिए।

## सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

**नई दिल्ली।** लंबित और विचाराधीन मामलों पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जिस तरह से संदेश और लेख प्रसारित किए जा रहे हैं, उस पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी की पीठ ने असम के विधायक करीम उद्दीन बरभुइया के खिलाफ अवमानना कार्रवाई शुरू करते हुए सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त की है। बता दें कि विधायक को शीर्ष अदालत में फैसले के लिए आरक्षित एक मामले के संबंध में भ्रामक फेसबुक पोस्ट के लिए अवमानना नोटिस जारी किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों के संबंध में सोशल मीडिया पर टिप्पणियां और लेख पोस्ट किए जा रहे हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह एक गंभीर चिंता का विषय है क्योंकि इस तरह से सोशल मीडिया का दुरुपयोग हो रहा है। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि भले ही हमारे कंधे किसी भी दोष या आलोचना को सहन करने के लिए काफी चौड़े हैं, लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार की आड़ में सोशल मीडिया के माध्यम से न्यायालय में लंबित मामलों के संबंध में पोस्ट की जा रही हैं, जो न्यायपालिका को कमजोर करने की तरफ इशारा कर रहे हैं। पीठ ने कहा कि न्यायालयों की न्याय प्रक्रिया में इस तरह के हस्तक्षेप पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

विधायक पर आरोप है कि उन्होंने शीर्ष अदालत में फैसले के लिए आरक्षित एक मामले के संबंध में भ्रामक फेसबुक पोस्ट की है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि मामले को उचित पीठ के समक्ष सूचीबद्ध कर भारत क मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखा जाए।

## पुलवामा में सेना और आतंकी के बीच मुठभेड़ में एक दहशतगर्द ढेर, हथियार, गोला-बारूद बरामद

**एजेंसी/जम्मू**



दक्षिण कश्मीर के जिला पुलवामा में गुरुवार को सुरक्षाबलों और आतंकी के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस, सीआरपीएफ, सेना की संयुक्त टीम ने आतंकी को मार गिराया। जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच तीन महीने से अधिक समय बाद मुठभेड़ हुई। मारा गया आतंकी लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़ा था। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि सुरक्षा बलों ने दक्षिण कश्मीर जिले के राजपोरा इलाके के फ्रेसीपोरा गांव में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। आतंकवादी द्वारा बलों पर गोलीबारी करने के बाद तलाशी अभियान मुठभेड़ में बदल गया। जवाबी कार्रवाई में आतंकी मारा गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मारे गए आतंकवादी की पहचान श्रीनगर निवासी दानिश शेख के रूप में हुई। वह प्रतिबंधित टीआरएफ से संबद्ध था। टीआरएफ या द रेजिस्टेंस फ्रंट लश्कर-ए-तैयबा की एक शाखा है। मुठभेड़ स्थल से हथियार, गोला-बारूद और आपत्तिजनक सामग्री मिली है। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

पुलवामा में गुरुवार की मुठभेड़ जनवरी की शुरूआत के बाद से कश्मीर घाटी के भीतरी इलाकों में पहली गोलीबारी थी। पांच जनवरी को शोपियां जिले में मुठभेड़ में लश्कर का एक आतंकवादी मारा गया था। पांच अप्रैल को छोड़कर तीन महीने से अधिक समय तक घाटी में गोलीबारी नहीं हुई। पांच अप्रैल को बारामुला के उड़ी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए दो पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गए थे। उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले में पुलिस और सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। सुरक्षाबलों ने आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। जिले में हथियार समेत तीन आतंकवादी मददगार गिरफ्तार किए गए हैं। तीनों प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के उग्रवादियों की मदद करने का काम कर रहे थे।






## गोण्डा जनपद में शत प्रतिशत मतदान के लिए शुरू हुआ 'हर घर सकोरा अभियान'

# मतदाता जागरूकता अभियान के साथ पक्षियों का भी कल्याण

- राष्ट्रीय पालतू पशु दिवस पर शुरू हुआ अभियान, सकोरा बुझाएगा पक्षियों की भूख और प्यास
- अभियान के तहत मतदाता जागरूकता लिखे स्लोगन्स वाले मिट्टी के सकोरे घरों और ऑफिस में किए गए स्थापित

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**



लोकसभा के आम चुनावों को देखते हुए उत्तर प्रदेश में शत प्रतिशत मतदान के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। आने वाले दिनों में भीषण गर्मी की आशंका के कारण इन कार्यक्रमों को इनोवेटिव तरीके से प्रस्तुत कर मतदाताओं को गर्मी के बावजूद मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस क्रम में प्रदेश के गोण्डा जनपद ने भी एक अनूठी पहल की है। इस पहल के तहत लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव को पक्षी कल्याण कार्यक्रम से जोड़ा गया है। 11 अप्रैल को राष्ट्रीय पालतू पशु दिवस के अवसर पर गोण्डा जिला प्रशासन ने 'हर घर सकोरा अभियान'की शुरूआत की है। इस अभियान के तहत पूरे शहर में ऐसे मिट्टी के सकोरे स्थापित किए जा रहे हैं जिन पर मतदाता जागरूकता से संबंधित स्लोगन्स लिखे गए हैं। सकोरा पर लिखे ये स्लोगन्स न सिर्फ मतदाताओं को लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व पर अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित करेंगे, बल्कि पक्षियों की प्यास और भूख मिटाकर उन्हें तरोताजा रखने में भी सहायक होंगे। जिला प्रशासन की ओर से अधिक से अधिक संख्या में सकोरा को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित कर पक्षियों के साथ ही मतदाताओं को आकर्षित किए जाने का प्रयास हो रहा है। उल्लेखनीय है कि गोण्डा जनपद में लोकसभा चुनाव पांचवें चरण यानी 20 मई को होना है। गोण्डा में 25.30 लाख पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें 13.50 लाख पुरुष, 11.82 लाख महिलाएं और 94 ट्रांसजेंडर हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में, इस चुनाव क्षेत्र में 52.2 प्रतिशत मतदान रहा था, जो कि राज्य औसत 59.21 प्रतिशत से कम था। इसी क्रम में आगामी 2024 आम चुनावों में भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रयास जारी हैं।

### मतदाता जागरूकता में नया अध्याय लिखेगा गोण्डा

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में, मतदाता जागरूकता संदेशों से सजे पारंपरिक मिट्टी के पॉट (सकोरा) पेड़ों पर लगाए जा रहे हैं। ये सकोरा गौरैया, तोते, कोयल, मुनिया और अन्य पक्षियों को आकर्षित करेंगे और उनकी भूख और प्यास को मिटाएंगे। सकोरा मिट्टी का एक बर्तन है जिसमें पक्षियों के लिए पानी और दाने होंगे, ताकि गर्मी के दौरान उनकी भूख और प्यास को बुझाया जा सके। इस पर लिखे स्लोगन्स मतदाताओं को भी उनकी जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करेंगे। यह पहल गोण्डा में मतदाता जागरूकता के इतिहास में एक यादगार अध्याय लिखेगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम को निर्वाचन आयोग के सिस्टमेटिक वोटर एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (स्वीप) कार्यक्रम से जोड़ा गया है। साथ ही इस पहल के माध्यम से मिट्टी के खिलौने बनाने वाले कुम्हारों और स्थानीय कलाकारों के प्रयासों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## योगी आदित्यनाथ नवादा लोकसभा क्षेत्र की जनता से साधेंगे संपर्क

# 15 अप्रैल को बिहार में हुंकार भरेंगे सीएम योगी, नवादा में होगी जनसभा

**केटी न्यूज/नवादा**



नवादा में चुनावी सभा अकबरपुर प्रखंड में 15 अप्रैल को होगी। इसमें भाजपा के फायर ब्रांड नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे । इस जन सभा के माध्यम से यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नवादा लोकसभा क्षेत्र के जनता के साथ साथ आसपास के लोकसभा को साधने की कोशिश करेंगे। बुलडोजर बाबा के नाम से प्रसिद्ध योगी आदित्यनाथ अपने सख्त कानून व्यवस्था के लिए जाने जाते हैं। नवादा में योगी के काफी समर्थक हैं। उनकी चुनावी से ठीक तीन दिन पहले यानी 12 अप्रैल को नवादा के आईटीआई मैदान में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव जनसभा को संबोधित करेंगे। इस बार नवादा लोकसभा से भाजपा के राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर चुनावी मैदान में हैं। वहीं राजद से उम्मीदवार श्रवण कुशवाहा हैं। लोकसभा चुनाव में लालू प्रसाद यादव ने नवादा लोकसभा सीट से श्रवण कुशवाहा को टिकट देकर कोयरी वोट अपने पाले में लाने की कोशिश की है। नवादा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा चार बार अपनी जीत दर्ज की है। पिछले चुनाव में नवादा सीट एनडीए के घटक दल लोजपा के खाते में दे दी गई थी, इसमें लोजपा से चंदन सिंह चुनाव जीते थे। इसबार भाजपा यह सीट फिर से भाजपा के खाते में आ गया है। 2009 में भाजपा से भोला सिंह और 2014 में फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह, 2019 में लोजपा से चंदन सिंह चुनाव जीते थे। भाजपा इस सीट पर हरहाल में चुनाव जीतना चाहती है।

## पवन सिंह पर उपेंद्र कुशवाहा बोले-मेरी जीत निश्चित

**पटना।** भोजपुरी गायक पवन सिंह के काराकाट लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की घोषणा पर एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा ने रिएक्शन दिया है। रालोजपा नेता कुशवाहा बोले कि जीत तो पहले से सुनिश्चित है, लेकिन पहले से मार्जिन और बढ़ जा रहा है।उन्होंने आज डेहरी में कहा कि सब कुछ बहुत अच्छा चल रहा है। समाज के सभी वर्गों का समर्थन है। इसका सबसे बड़ा कारण है कि आज हर तबके के लोग चाहते हैं कि नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बनें।बता दें कि लोकसभा क्षेत्र से पवन सिंह की उम्मीदवारी की बात सामने आने पर क्षेत्र की राजनीति गरमा गई है। उपेंद्र कुशवाहा ने कुछ भी सीधे कहने के बजाए अपने अंदाज में बात को नजरअंदाज करने की कोशिश की है। लेकिन उनकी चिंता नजर आ रही है।कुशवाहा ने आगे कहा कि हम साइंस के विद्यार्थी हैं, कॉमर्स के सवाल का जवाब कहां से दे पाएंगे। बता दें कि पवन सिंह हाल ही में भाजपा में शामिल हुए थे, उनको उम्मीद थी कि भाजपा उनको कहीं से टिकट देगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बुधवार को अचानक ही उन्होंने चुनाव लड़ने की बात कही है। 2014 और 2019 के चुनाव में काराकाट संसदीय क्षेत्र में सीधा मुकाबला रहा है। इस बार भी माना जा रहा था कि एनडीए के उपेंद्र कुशवाहा और इंडिया के राजाराम में ही सीधा मुकाबला होगा।

## पप्पू यादव के कार्यालय में पुलिस की छापेमारी, प्रचार गाड़ी जब्त कर थाने ले गई पुलिस

**केटी न्यूज/पूर्णिया**



पूर्णिया में पप्पू यादव के कार्यालय में पुलिस ने छापेमारी की है। सदर सीओ भारी पुलिस बल के साथ पप्पू यादव के कार्यालय छापेमारी कर गाड़ियों को जब्त करने पहुंचे। मामले की जानकारी मिलते ही पप्पू यादव अपने समर्थकों के साथ कार्यालय पहुंच गए। पप्पू यादव ने प्रशासन की इस कार्रवाई को राजनीतिक साजिश करार दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि उनकी जान को खतरा है। उन्हें कुछ भी होता है तो इसकी जिम्मेदार सरकार और स्थानीय प्रशासन होगी। हालांकि इस पर पुलिस के अधिकारी कुछ भी कहने से साफ इनकार कर रहे हैं। इस रेड में पुलिस पप्पू यादव के एक प्रचार गाड़ी को जब्त कर थाने ले गई है। वहीं, प्रशासन के इस कार्रवाई से नाराज पप्पू यादव के समर्थकों ने आजादी वाला नारा लगाया। प्रशासन के पप्पू यादव के कार्यालय पहुंचते ही जमकर बवाल हुआ। पप्पू यादव पूर्णिया सीओ पर भड़क गए और प्रशासन की इस ओर से की गई इस कार्रवाई का ऑर्डर दिखाने को कहा। प्रशासनिक कार्रवाई से बिगड़े पप्पू यादव ने कहा कि 26 अप्रैल तक चुनाव आयोग की और फिर इसके बाद खुद की। सीओ को चेतावनी देते हुए पप्पू यादव ने कहा कि अब आगे अपना बोरिया बिस्तरा समेटने को तैयार रहें। इसे वे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। पप्पू यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वह प्रचार गाड़ी को सजा रहे थे इसी दौरान पुलिस उनके कार्यालय पहुंच गई। उन्होंने कहा कि ये कार्रवाई उनके खिलाफ एक साजिश के तहत की गई है। पहले उनकी सिक्योरिटी छीनी गई और अब उन्हें परेशान किया जा रहा है। पप्पू यादव ने कहा कि उनके जान को खतरा है। जिस दिन वह कांग्रेस ज्वाइन किए थे, उसी दिन उनकी सुरक्षा हटा ली गई थी। वहीं, सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बिना परमिशन की गाड़ी सजाई जा रही है। प्रचार गाड़ियों की इसकी जांच में एक गाड़ी अवैध पाई गई है। जिसके बाद एक गाड़ी को जब्त किया गया है।







## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, 12 घर जलकर खाक,



**मधुबनी।** मधुबनी के बेनीपट्टी प्रखंड के नवटोली गांव में बिजली की शॉर्ट सर्किट अचानक एक घर में आग लग गयी। जिसके बाद तेज हवा के कारण उसने 10 से 12 घरों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना गुरुवार दोपहर की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि इस घटना में एक सिलेंडर भी ब्लास्ट कर गया। जिससे आग और भड़क गयी।वहीं घटना के बाद आसपास के लोगों ने अग्निशमन विभाग को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। वहीं इस घटना में तकरीबन 20 लाख रुपए की होने की आशंका जताई जा रही है। अगलगी की घटना में पीड़ित पिंकी देवी ने बताया की इस घटना में घर में रखे गोदरेज में रखे जेवरात कपड़ा और समूह से लोन लिए हुए 2 लाख रुपए सभी जलकर राख हो गया। इस आगलगी की घटना में करीब 20 लाख रूपए से अधिक संपत्ति जलकर हुई राख। वहीं इस घटना के बाद कई परिवार खुले आसमान के नीचे सोने के मजबूर हो गये है। उनके पास खाने के लिए कुछ भी नहीं बचा है।


## सीतामढ़ी में हाईवे लुटेरा गिरोह के सात सदस्य गिरफ्तार

**सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी जिले की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर एनएच लुटेरा गिरोह के सात सदस्यों को एक साथ गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही जिला पुलिस ने अंतरजिला हाईवे लूटेरा गिरोह का खुलासा भी किया है। इस गिरोह में मुजफ्फरपुर से चार सगे भाई भी शामिल हैं। जबकि सीतामढ़ी के तीन अन्य लोग भी गिरोह का हिस्सा हैं। पुलिस ने चारों भाइयों समेत सात बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दो बाइक व करीब एक दर्जन मोबाइल बरामद किए हैं।









# जतकुटवा बस्ती के पास झील में तब्दील हुई सड़क, आम आदमी परेशान

**केटी न्यूज/डुमरांव**



नगर के स्टेशन रोड स्थित जतकुटवा बस्ती के पास सात निश्चय योजना के फटे पाइप से जलजमाव की समस्या गंभीर हो गई है। मुख्य पथ पर हुए जलजमाव से लोगों को आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। वही वासंतिक नवरात्र के समय पूरी सड़क पर जलजमाव से स्टेशन के पास स्थित पंच मंदिर में आने जाने वाले श्रद्धालुओं को भी फजीहत झेलनी पड़ रही है। बता दें कि जतकुटवा बस्ती के पास सात निश्चय योजना के तहत मोटर पंप लगाया गया था। लेकिन, पाइप तथा अन्य उपकरणों की गुणवत्ता दोयम दर्जे की थी, जिस कारण कुछ दिन के बाद से ही जगह-जगह पाइप फटने शुरू हो गए थे। आलाम यह है कि पिछले कुछ महीनों में नगर परिषद प्रशासन इस जगह पर आधा दर्जन बार पाइप का मरम्मत करवा चुकी है। बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। मरम्मत के नाम पर हजारों रूपए खर्च होने के बाद भी लोगों को जलजमाव से मुक्ति नहीं मिल सकी है। लोगों ने जलजमाव से स्थायी निजात दिलाने में नगर परिषद प्रशासन पर उदासीनता बरतने का आरोप लगाया है। बता दें कि इस जगह पर मोटर पंप लगाया गया था, जिससे जतकुटवा बस्ती के साथ ही स्टेशन कॉलोनी, स्टेशन इलाका तथा टेक्सटॉईल कॉलोनी में जलापूर्ति दिया जाना था। लेकिन यह सिर्फ जतकुटवा बस्ती तक सिमट कर रह गया है। बावजूद फटे पाइप लोगों के लिए परेशानी का सबव बना हुआ है। स्थानीय निवासी मंटू सिंह, मिल्टन दूबे, सोनू वर्मा आदि ने बताया कि हर कुछ दिनों पर यहां पाइप फटने से जलजमाव शुरू हो जाता है। जबकि सुरेन्द्र पाल, लालजी सिंह आदि का कहना है कि नवरात्र में मुख्य सड़क पर जलजमाव से स्थिति नारकीय बन गई है। लोगों ने फटे पाइप की मरम्मत के बजाय यहा अच्छी गुणवत्ता वाले पाइप लगाने की मांग की है। गौरतलब है कि इस जगह पर फटे पाइप के कारण अक्सर छोटी मोटी दुर्घटनाएं हो रही है।

**शनिचरा बाबा के पास भी जलजमाव ने बढ़ाई मुश्किलें:** एनएच 120 पर स्थित राज हाई स्कूल के ठीक सामने शनिचरा बाबा मंदिर के आस पास भी मुख्य सड़क पर नाली का गंदा पानी जमा रहता है। जिस कारण मुख्य पथ पर आवागमन बाधित होने के साथ ही हर समय दुर्घटना की आशंक बनी रहती है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यहां नाली का निकास नहीं होने से उसका पानी ओवर फ्लो कर मुख्य सड़क पर जमा हो गया है। जिस कारण जलजमाव की समस्या गंभीर बनी हुई है। स्थानीय निवासी अजय कुमार, जितेन्द्र तिवारी, पप्पू कुमार आदि ने नगर परिषद प्रशासन से मुख्य पथ के किनारे बनी नाली की सफाई कराने तथा पानी के निकास की व्यवस्था करने की मांग की है।

कहते है मुख्य पार्षद प्रतिनिधि

शहर को जलजमाव से मुक्ति दिलाने के लिए मॉस्टर प्लान बना लिया गया है। इसका डीपीआर भी तैयार हो चुका है। जल्दी ही इजलजमाव से मुक्ति दिलवाई जाएगी। - **सुमित कुमार, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि, नगर परिषद, डुमरांव**

## एक नजर

### अनुमंडल अस्पताल में होगा बच्चों का इलाज



**डुमरांव।** अनुमंडलीय अस्पताल लगभग एक दशक से चाईल्ड स्पेशलिस्ट का दंश झेल रहा था। बच्चा के डाक्टर नहीं होने के कारण लोगों को निजी क्लीनिकों का सहारा लेना पड़ता था। अनुमंडलीय अस्पताल में दो चाईल्ड स्पेशलिस्ट चिकित्सक डॉ. महेश कुमार व डॉ. उमेश कुमार की पोस्टिंग एक सप्ताह के भीतर कर दी गई है। इनकी पोस्टिंग होते ही अनुमंडलवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। मरीज के अभिभावकों को अब अपने बच्चे को दिखाने के लिए नहीं निजी क्लीनिक का सहारा लेना पड़ेगा और नहीं उनको फीस जमा करना पड़ेगा। बीमार बच्चें के लिए स्ट्रेचर बेड भी अस्पताल में पहुंच चुका है। बेड को चाईल्ड वार्ड में रख दिया गया है। बता दें की चाईल्ड स्पेशलिस्ट डॉक्टर की पोस्टिंग करने के लिए एक दशक से आवाज उठाई जा रही थी।

### गायों का बीमा नहीं होने से पशुपालक परेशान

**बक्सर।** पशुपालन विभाग से गाय का बीमा नहीं होने से परेशानी में पड़ गए हैं। वहीं पशुधन बचाने के लिए पशुपालक निजी बीमा कंपनियों का सहारा ले रहे हैं। हरियाणा फार्म में अवस्थित पशुपालन विभाग के कार्यालय में पहुंचे अटांव गांव निवासी आनंद माधव ने बताया कि बहुत से डेयरी फार्म खुले हुए हैं। डेयरी फार्म में गाय की बहुलता ज्यादा है। फार्म मालिक अपने गायों का बीमा कराने के लिए पशुपालन विभाग का चक्कर काट रहे हैं। विभाग द्वारा बीमा नहीं कराए जाने से परेशानी में पड़ गए हैं। बतादें की इसका नियम है कि पशुपालक पशुपालन विभाग में गाय का बीमा कराने के लिए आवेदन देते हैं। आवेदन देने के बाद विभाग के लोग जाकर गाय को देखते हैंए फिर हेल्थ प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। मालूम हो की बगैर हेल्थ प्रमाण पत्र जारी हुए बीमा नहीं हो सकता है।

### पूर्व प्रधानाध्यापिका की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन



**केसठ।** प्रखंड के कन्या प्राथमिक विद्यालय परिसर में गुरुवार को पूर्व प्रधानाध्यापिका शांति देवी के सातवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उनकी प्रतिमा पर अतिथियों ने पुष्पार्चन व माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान ने व संचालन गोरख नाथ पासवान और मुख्तार यादव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्वगर्गीय शांति देवी बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा देती थी। क्षेत्र के बच्चों को विद्यालय में नामांकन कराने, शिक्षा देने, कॉपी, किताब, कलम समेत अन्य आवश्यक सुविधाएं भी निजी तौर पर मुहैया कराती थी। वह स्नेह और प्रेम की प्रतिमूर्ति थी। इस दौरान गरीब बच्चों को टॉफी, कलम और कॉपी का वितरण किया गया। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के मैट्रिक एवं इंटर बोर्ड की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित भी किया गया, वही अतिथियों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। मौके पर राजद नेता सुनिल कुमार यादव उर्फ पप्पू यादव, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष डॉ विद्या भारती,पंचायत मुखिया अरविंद कुमार उर्फ गामा पहलवान, गया स्नातक प्रत्याशी डॉ पुनीत कुमार, लालबाबू यादव, प्रो. रमेश चंद्र श्रीवास्तव, संतोष यादव, शारदा यादव, संजय कुमार, मुकेश कुमार, अजय विक्रांत, मुन्ना कुमार, संजय बारी, राजेंद्र प्रसाद समेत तमाम शिक्षक, समाजसेवी एवं शिक्षाविद भी मौजूद थे। इस दौरान दो सौ से अधिक छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

### बक्सर के तीन किशोरों ने कुश्ती में जीता मेडल

**बक्सर।** जिले के तीन होनहार किशोरों ने कुश्ती की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मेडल जीता है। इनमें से दो सगे भाई हैं, मनीष व आयुष। इनका गांव है बरुना। जो औद्योगिक थाना की सीमा में पड़ता है। इनके पिता अजय कुमार चौहान बिहार पुलिस में सिपाही हैं और बेटों की सफलता पर बहुत ही खुश। मजे की बात यह है कि पिता भी कुश्ती के शौकीन रहे हैं। बेटों ने जब जाना कि पिता जी कुश्ती का शौक रखते हैं। तो उन्होंने भी दांव आजमाना शुरू किया। आज उन्होंने एक साथ दो मेडल पर कब्जा किया है।अजय चौहान ने बताया कि 5 से 7 अप्रैल तक उड़ीसा के पूरी में नेशनल प्रतियोगिता का आयोजन था। 62 किलो वर्ग की प्रतियोगिता में उनके जेष्ठ पुत्र मनीष प्रताप चौहान ने गोल्ड जीता। वह दसवीं का छात्र है। जो बरुना हाई स्कूल में पढ़ता है। उसका छोटा भाई आयुष प्रताप चौहान सातवीं का छात्र है। उसने 45 किलो वर्ग में सिल्वर मेडल जीता है। अजय ने बताया मेरे बच्चों के साथ एक और बालक जिसका नाम संभवतः रूद्र दुबे हैं। उसने भी कांस्य पदक जीता है। वह भी बक्सर का रहने वाला है।

## खबरें फटाफट

### किसान नेता पर लगा 61 हजार का जुर्माना

**बक्सर।** पुलिस की चिलमन में फंस गया टिकैत का काफिला, 61 हजार का लगा जुर्माना 'किसान महापंचायत में शामिल होने पहुंचे संयुक्त किसान मोर्चा के नेता राकेश टिकैत बनारपुर गए। लेकिन, वहां जाने के क्रम में उनके काफिले को दानि कुटिया मोड के समीप पुलिस द्वारा चलाई जा रही सघन जांच से होकर गुजरना पड़ा। उनके साथ बहुत से राजनीतिक लोग भी थे। मसलन राजद के उम्मीदवार और उनके समर्थक भी इस काफिले में नजर आए। लेकिन, जब पुलिस ने इनमें से कुछ वाहनों के कागजात जांचना शुरू किए तो कई ने रास्ता ही बदल लेना बेहतर समझा।हालांकि टिकैत व सुधाकर की गाड़ी को सिर्फ तलाशी की औपचारिकता से गुजरना पड़ा। इस घटनाक्रम की जानकारी जब मीडिया को लगी तो पुलिस के अधिकारियों से इस बारे में पूछा गया। पता चला वाहन का बीमा व अन्य जरूरी कागजात नहीं होने की स्थिति में कुल 61000 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। लेकिन, वे वाहन किसके थे, इसकी पुख्ता जानकारी नहीं मिली। मौके पर पहुंचे पत्रकारों ने देखा कि वहां नगर कोतवाल, इटाढ़ी थाना समेत कई थाने की पुलिस अर्द्ध सैनिक बल के साथ मौजूद थे। इस तरह की जांच चौसा गोला, देवल पुल, राजपुर प्रखंड मुख्यालय आदि भी चली।

### डॉक्टर के विरूद्ध मुख्य निर्वाचन आयुक्त को भेजा पत्र

बक्सर। सदर अस्पताल में पदस्थापित डॉ० अमलेश कुमार के विरूद्ध मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र भेजा गया है। पत्र कांग्रेस नेता टीएन चौबे ने भेजा है। उनका कहना है कि बिहार के बक्सर जिले के सदर अस्पताल में लगभग 8 वर्षों से पदस्थापित है। नियमानुसार एक डॉक्टर का एक स्थान पर पदस्थापन 3 वर्षों का होता है लेकिन किन परिस्थितियों में सरकार इन्हें इतनी लम्बी अवधि से सदर अस्पताल में रखा है। जो सरासर नियम के विरूद्ध है। डॉ० अमलेश कुमार पुराना अस्पताल के नजदीक सिद्धनाथ घाट के पास निजी क्लिनिक चलाते है। सदर अस्पताल में इनका कार्य दिवस सप्ताह में 4 दिन है, लेकिन यह समय पर नहीं आते है।

## अकीदत के साथ पढ़ी गई ईद की नमाज, लोगों ने एक दूसरे को दिया मुबारकबाद

# अमन चैन कायम रहने के लिए शहर के ईदगाह व मस्जिदों में अदा की गई नमाज

♦ ईदगाह में सुबह 8.30 बजे नमाज पढ़ने के लिए निर्धारित था समय, ईदगाहों से लेकर चप्पे-चप्पे पर मौजूद थे पुलिस के जवान

**केटी न्यूज/बक्सर/डुमरांव**

गुरूवार को ईद का त्योहर हर्षोल्लास संपन्न हो गया। मस्जिद हो ईदगाह हर तरफ खुशी से लोग ईद का इस्तकबाल करते नजर आए। जहां बुधवार की शाम रमजान का 30 वा रोजा पूरा होते ही ईद के बेहद खूबसूरत चांद का दीदार हुआ। चांद नजर आते ही इलाके में चांद रात की चकाचौंध छा गई। वही गुरूवार की सुबह जिले के सभी मस्जिदों व ईदगाहों में अकीदतमंदों ने अल्लाह की राह में सजदे किये व अमन चैन की दुआ मांगी। इस खुशी में सुबह से ही मुस्लिम घरों में ईद की तैयारियां, साफ सफाई के बच्चे-बूढ़े व नौजवान नए लिबास में घर से निकल मस्जिदों तक पहुंचे और अल्लाह की राह में सजदे किये गए। नमाज बाद एक दूसरे से गले मिल ईद की मुबारकबाद दी गई। तथा लजीज मीठी सेवइयों का आनन्द उठाया। इससे पहले ईद की नमाज के लिए मस्जिदों व ईदगाहों में नमाज के लिए निर्धारित समय पर नमाज पढ़ी गई। वही, पुलिस प्रशासन भी ईद पर्व को लेकर पूरी तरह मुस्तैद रहे। जिला मुख्यालय स्थित कचहरी मस्जिद, बड़ी मस्जिद, जुल्फजल मस्जिद, डुमरांव के शाही मस्जिद, जमा मस्जिद समेत ग्रामीण क्षेत्र के मस्जिदों व ईदगाहों में ईद की नमाज अदा की गई। इस मौके पर बच्चों की खुशी देखते ही बनती थी। नये कपड़े में चहकते, दमकते व इत्र की खुशबू से गमकते बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था।नमाज बाद चला मुबारकबाद व लजीज मीठी सेवइयों का दौर

ईद का पर्व सादगी भरा है। साफ सुथरे इस पर्व पर हर तरफ गंगा-जमुनी तहजीब दिखाई दी। जहा लोग लजीज मीठी सेवइयों की खुशबू व कपड़ों से इत्र की खुशबू वह छटां बिखेर रही थी। नमाज के बाद पूरे इलाके में मुबारकबाद देने का दौर शुरू हुआ, जो देर शाम चलता रहा। वही मेहमान नवाजी लजीज सेवइयों व अन्य व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया।



### नमाज अदा करने वाले मस्जिदों व ईदगाहों पर चढ़ा रहा चुनावी बुखार

**केटी न्यूज/डुमरांव**

ईद त्योहार के दौरान गुरुवार को सुबह से ही मस्जिदों व ईदगाहों चुनावी बुखार चढ़ा रहा। लोकसभा का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी हो या विधायक के साथ ही चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी सभी मस्जिदों व ईदगाह गेट के बाहर नमाजियों के इंतजार में खड़े रहे। नमाज समाप्त होने के बाद ही सभी लोग नमाजियों को गले लगाना शुरू कर मुबारकबाद देना शुरू कर दिया। डुमरांव में स्टेशन रोड स्थित महरौरा मोड़ स्थित ईदगाह पर वर्तमान विधायक अजीत कुशवाहा व पूर्व मंत्री ददन पहलवान पहुंचे हुए थे। नमाज खत्म होने के बाद इनका नमाजियों से मिलना शुरू हो गया। एक-एक से मिल ईद की मुबारकबाद देने लगे। हर कोई अपनी ओर ध्यान खींचना चाह रहा था।

### शांति पूर्ण माहौल मनाई गई ईद, प्रशासन की रही तैनाती

**केसठ।** ईद का पर्व प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा कर अमन-चैन की दुआ मांगी गई। त्योहार को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था भी चुस्त-दुरुस्त थी। लोगों ने नमाज अदा करने के बाद ईद की मुबारकबाद दी। एक महीने की इबादत के बाद ईद पर सुबह से ही मुस्लिम भाईयों के घर रौनक दिखी। ईदगाहों में ईद की नमाज अदायगी के बाद रोजेदारों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा था। ईदगाह परिसर के बाहर मेला का नजारा दिख रहा था। जहां बच्चे आइसक्रीम, गुब्बारा आदि खरीदारी करने में मशगूल दिखे। इस मौके पर उपस्थित मजिस्टेज्ट और नावानगर थाना अध्यक्ष डॉ नंदू कुमार ने बताया कि सभी ईदगाहो में शांति पूर्ण तरीके के पर्व का समापन हुआ। इस दौरान प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में प्रशासन की टीम गश्त करती नजर आई। मौके पर उपस्थित नावानगर थानाध्यक्ष, राजद नेता सुनिल कुमार यादव उर्फ पप्पू यादव, पंचायत मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से गले मिल कर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी। साथ ही अमन-चैन की दुआ की। इसके बाद मुस्लिम समाज के लोग एक-दूसरे के घर बधाई देने व सेवाईयां खोने के लिए पहुंचने लगे।

## महेश हत्याकांडः परिजनों का आरोप मामले को दबा रही है पुलिस, भाजपा प्रत्याशी पर भी लगाया आरोप

♦ धनसोई में परिजनों ने प्रेस वार्ता आयोजित कर पुलिस पर लगाए आरोप, बोले परिजन अभी तक गिरफ्तार नहीं हुए सभी आरोपित

**केटी न्यूज/धनसोई**

होली की रात बक्सर के जूनियर डीएवी स्कूल के ठीक सामने की कॉलोनी में धनसोई निवासी 28 वर्षीय व्यवसायी महेश साह पिता विनोद साह की एक घर में हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद गृह स्वामी मिथिलेश पांडेय ने खुद पुलिस को इस घटना की जानकारी दे अपने बड़े भाई द्वारिका पांडेय पर हत्या करने का आरोप लगाया था। जबकि परिजनों का कहना है कि मिथिलेश पांडेय ही इस घटना का मुख्य अभियुक्त है तथा पूरे परिवार ने साजिश के तहत मिलकर महेश की हत्या किया है। यही आरोप लगा एफआईआर दर्ज कराया गया है। घटना के बाद जहां पुलिस ने द्वारिका पांडेय को गिरफ्तार कर लिया था वही अन्य आरोपित फरार हो गए है। गुरूवार को धनसोई में मृतक के परिजनों ने प्रेस वार्ता आयोजित कर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए है। उसके पिता विनोद साह ने बताया कि पुलिस इस मामले की लीपापोती करना चाहती है। जबकि, पूरे परिवार ने साजिश के तहत मिलकर उसकी हत्या की थी। परिजनों ने बताया है कि फरार चल रहा मिथिलेश पांडेय राजनीतिक रसूख वाला व्यक्ति है तथा उसका बक्सर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बनाए गए मिथिलेश तिवारी से भी करीब का संबंध है। मिथिलेश तिवारी के साथ ही परिजनों ने कई कद्दावर नेताओं पर भी यह आरोप लगाया है कि वे लोग मिलकर इस मामले को दबाना चाहते है। परिजनों ने कहा कि करीब एक महीने में पुलिस न तो आरोपितों को गिरफ्तार कर सकी है और न ही पीड़ित परिजनों का बयान ही दर्ज की है। जिससे उनके मिलीभगत की बात साबित हो रही है।

**कहते हैं, एसपी**

घटना की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है। पुलिस सभी बिंदुओं के अलावे परिजनों के आरोपों को भी अपने जांच में शामिल करेगी। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। - **मनीष कुमार, एसपी, बक्सर**

## संदिग्ध अवस्था में एक विवाहिता की मौत, पति समेत चार पर लगा हत्या का आरोप

**केटी न्यूज/नावानगर**

सोनवर्षा ओपी क्षेत्र के पीपराढ़ गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत होने की मामला प्रकाश में आया है। इधर मायके वालों मृतका की पति समेत चार लोगों पर हत्या कर शव गायब करने की प्राथमिकी सोनवर्षा ओपी में दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में मृतका संध्या कुमारी उर्फ काव्या कुमारी के पिता विजय सिंह ने गुरुवार को बताया है कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर पति मनीष कुमार समेत चार लोगों को नामजद कर साजिसन हत्या करने तथा साक्ष्य मिटाने का आरोप लगाया है। मृतका के पिता के अनुसार भोजपुर जिला के चरपोखरी थाना अंतर्गत मकुंदपुर गांव निवासी विजय सिंह की पुत्री संध्या कुमारी की शादी सोनवर्षा ओपी के पीपराढ गांव निवासी मदन प्रसाद के पुत्र मनीष कुमार से चार साल पूर्व वर्ष 2020 में हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वालों ने दहेज में बाइक , फर्नीचर सामान व नगदी को लेकर उनकी पुत्री को प्रताड़ित कर रहे थे। मंगलवार को ग्रामीणों से सूचना मिली कि उनकी बेटी की मृत्यु हो गई है। सूचना पर जब तक वे पीपराढ गांव पहुंचे, तो उनकी पुत्री की शव गायब था। इस संबंध में आवेदक ने पति मनीष कुमार, सास कमलावती देवी, ससुर मदन प्रसाद समेत अन्य पर हत्या कर शव को गायब करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में सोनवर्षा ओपीध्यक्ष निशा रानी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी गई है। सभी आरोपी फरार हैं।

## ईद, चैती छठ व लोकसभा चुनाव के मद्देनजर की गई कार्रवाई

# त्योहारों पर जिला प्रशासन अलर्ट, डीएम एसपी ने लिया घाटों व चौक चौराहों का जायजा

**केटी न्यूज/बक्सर**



ईद उल फितर (ईद) के साथ ही आगामी चैती छठ, रामनवमी तथा लोकसभा चुनाव में विधि व्यवस्था संधारण के लिए जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। गुरूवार को ईद के मौके पर जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से प्रमुख मस्जिदों, चौक-चौराहों एवं छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान लोगों को शांतिपूर्ण माहौल में ईद, चैती छठ व रामनवमी मनाने का संदेश देने के साथ ही लोकसभा चुनाव में हर हाल में मतदान के लिए प्रेरित किया। जानकारी के अनुसार ईद पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रमुख मस्जिदों एवं चौक चौराहों जैसे सत्यदेव गंज बड़ी मस्जिद, खलासी मुहल्ला, कसाई मुहल्ला, कोईरपुरवा, नई बाजार इत्यादि का भ्रमण किया गया एवं विधि व्यवस्था का जायजा लिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल को विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बक्सर जिले में सभी स्थानों पर ईद का पर्व शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

### छठ घाटों के निरीक्षण कर बैरेकेडिंग का दिया निर्देश

**बक्सर।** मस्जिदों के बाद डीएम एसपी ने बक्सर नगर अंतर्गत छठ घाटों (रामरेखा घाट) का निरीक्षण किया। इस क्रम में डीएम ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि छठ घाटों पर मजबूत बांस-बल्ले से बैरिकेडिंग कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही छठ घाटों एवं घाट पर आने वाले मार्गों पर साफ सफाई, पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था, शौचालय, प्रचंड गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करने इसके साथ-साथ सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरा लगाने आदि का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी को छठ घाटों पर गोताखोरों की प्रतिनियुक्ति करने को कहा गया। निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी धीरेन्द्र कुमार मिश्र, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारीएवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान डीएम ने कहा कि आगामी रामनवमी पर जिले के विभिन्न जगहों पर निकाले जाने वाले रामनवमी जुलूश तथा झाकियां बिना अनुमति नहीं निकलेगी। इसके लिए एसडीओ स्तर से परमिशन लेना होगा। परमिशन के दौरान रूट चार्ट भी निर्धारित किया जाएगा। इसी रूट चार्ट तथा तय समय के अनुसार ही झांकी व जुलूस निकाला जाएगा।

## मतदान करना हमारा अधिकार, डालें वोट

**केटी न्यूज/केसठ**



लोकसभा चुनाव को ले प्रखंड में प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां जोरों पर है। भले ही बक्सर संसदीय सीट पर 1 जून को मतदान होना है, लेकिन प्रसाशनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूक करने को ले स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान लागातार चलाया जा रहा है ताकि लोगों में मतदान के प्रति रूचि बढ़े। मतदाता उत्साह के साथ निडर और निर्भीक होकर अपने चहेते प्रत्याशी को मतदान करे, इसको ले पुलिस प्रसाशन भी फ्लैग मार्च कर रही है। इस बार बक्सर संसदीय चुनाव को ले लोगों की क्या प्रतिक्रियाएं है इस विषय पर लोगों की राय जानने को कोशिश की। तुल्सी अतुल्य सेवा केंद्र के संथापक डॉ कुंवर भीम सिंह का कहना है कि मतदान करना हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है। हम अपने मत के द्वारा ही क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रतिनिधि का चयन करते है। मजबूत लोकतंत्र और स्थायी सरकार के लिए प्रत्येक मतदाता को अपने मत का इस्तेमाल करना चाहिए। वहीं बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा का कहना है कि मतदान करना हमारा संवैधानिक व नैतिक अधिकार है। वोट करने से सुदृढ़ सरकार बनती है। उन्होंने विकास को लक्ष्य मानकर सही प्रत्याशी चुनने और मतदान अवश्य करने की बात कही। ग्रामीण सीटू कुमार पाण्डेय का कहना है कि संविधान ने हमें अनेक अधिकार दिए, उनमें मतदान का भी हमें अपना अधिकार है, हमें अधिकारों को जीवित रखने और लोकतंत्र को मजबूती देने के लिए मतदान करना जरूरी है। ग्रामीण पंकज कुमार सिंह का कहना है कि लोकसभा चुनाव में जातपात से हटकर क्षेत्र के विकास लिए शिक्षित युवा चेहरा को मौका देना चाहिए सदन में युवाओं को रोजगार, शिक्षा, स्वस्थय को मुदा को प्राथमिकता दे क्षेत्र के विकास में योगदान दें।

# हर्षोल्लास के साथ मना ईद का पर्व, एक-दूसरे के गले लगे दी मुबारकबाद

**केटी न्यूज/जहानाबाद-रोहतास**

एक महीने के पवित्र रमजान के बाद गुरुवार को मुस्लिम भाईयों ने हर्षोल्लास के साथ ईद उल फित्र का त्योहार मनाया। बुधवार की शाम चांद दिखते हीं रोजेदारों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा था। गुरुवार को सबेरे से उनकी यह खुशी परवान चढ़ गयी। रंग बिरंगे नये कपड़े पहनकर मुस्लिम भाई सबेरे से हीं सड़क पर उतर गये थे। उनके चेहरे खिले हुये थे। दरअसल एक महीने के रमजान की समाप्ति की खुशी थी। यूं तो शहर के जामा मस्जिद, कच्ची मस्जिद, गड़ेरियाखंड, मखदुमाबाद मस्जिद, जाफगरंज मस्जिद, मदरसा अरबिया मस्जिद,बिचली मुहल्ला, ईरकी मस्जिद में मुस्लिम भाईयों ने नमाज अता किया। लेकिन पटना-गया राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 83 स्थित ईदगाह के समीप सामूहिक नमाज अता किया गया। यहां हजारों की संख्या में मुस्लिम भाईयों ने ईद का नमाज अता किया। नमाजियों की संख्या अत्याधिक हो जाने के कारण इस पथ पर कुछ देर के लिए वाहनों का परिचालन भी ठप हो गया। पूरा सड़क नमाजियों से पटा था। मौलाना बरकाती के नेतृत्व में ईद की नमाज अता की गयी। इस दौरान शांति तथा कानून व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से बड़ी संख्या में सशस्त्र बलों की प्रतिनियुक्ति भी की गयी थी। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इधर सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री डॉ सुरेंद्र प्रसाद यादव, विधायक सुदय यादव, पूर्व विधायक डा. सच्चिदानंद यादव, जदयू नेता जयप्रकाश नारायण चंद्रवंशी, हरेराम शर्मा समेत अन्य लोग भी मौजूद थे। जहानाबाद ईदगाह स्थल पर मेले का आयोजन किया गया। जहां लोगों ने झूले के साथ-साथ चाट पकोड़े का भी आनंद लिया।





## रोहतास में शांति से मना ईद, बाजारों में रही चहल-पहल

**रोहतास।** गुरुवार को पूरे जिले में मुस्लिम भाइयों का पवित्र पर्व ईद-उल-फितर पारंपरिक तरीके से मना। पवित्र रमजान के अंतिम दिन जिला के बिक्रमगंज, डेहरी, सासाराम अनुमंडल क्षेत्र सहित विभिन्न प्रखंड काराकाट, नोखा, संझौली, राजपुर, नासरीगंज, दिनारा, सूर्यपुरा, चेनारी, करहगर, तिलौथू सहित अन्य प्रखंड के सभी पंचायत स्थित ईदगाह में सभी ने नमाज अदा की। अवसर पर मुस्लमान समाज के लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी। गुरुवार को अहले सुबह से ही शब्बाल महीने के पहले तारीख को लोग ईद पर्व के रंग में रंग गए। वही ईद पर्व को लेकर बाजारों में भी चहल-पहल देखी गई।

## एक नजर

### जहानाबाद जिले में आपसी रंजिश में गोली लगने से एक घायल, पीएमसीएच रेफर

**जहानाबाद।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चुनुकपुर गांव में गुरुवार को आपसी विवाद में गोलीबारी हो गयी। इस गोलीबारी में एक व्यक्ति रहेश यादव गंभीर रूप से जख्मी हो गया। गोली उसके पेट में लगी। घटना के संदर्भ में ग्रामीण सूत्रों ने बताया कि स्थानीय थाना क्षेत्र के झुनकी घाट पर पशु मेला लगा हुआ था। मेले में ही चुनुकपुर गांव के रहने वाले दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद के बाद दोनों पक्ष अपने गांव वापस लौट आए और गांव पर जैसे ही पहुंचे दोनों पक्षों की ओर से लाठी डंडे से मारपीट प्रारंभ हो गया। हालांकि इस दौरान गोलीबारी हुई और इस गोलीबारी में एक गोली रईस यादव के पेट में जा लगी। जख्मी अवस्था में तत्काल रहेश यादव को पीएचसी घोसी लाया गया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल जहानाबाद रेफर कर दिया। घटना की जानकारी पाकर घोसी पुलिस पीएचसी घोसी पहुंचकर पीड़ित से वयान दर्ज कराया।

### जहानाबाद पुलिस ने 45 किलो गांजा के साथ एक कारोबारी को किया गिरफ्तार

**जहानाबाद।** जहानाबाद पुलिस चुनाव को लेकर असामाजिक तत्वों के साथ-साथ अपराधियों अवैध कारोबारियों पर नकेल कसने में जुटी है। इसी कड़ी में आज गुरुवार को जिले के टेहटा थाना की पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग के दौरान स्विफ्ट डिजायर गाड़ी से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है, हालांकि चेकिंग के दौरान स्विफ्ट डिजायर पर सवार चार लोग मौके से फरार हो गए लेकिन पुलिस ने वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में जहानाबाद एसडीपीओ राजीव कुमार सिंह अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव के मद्देनजर लगातार पुलिस वाहन चेकिंग अभियान चला रही है और सूचना के आधार पर टेहटा थाना की पुलिस ने पटना गया राष्ट्रीय मार्ग चेकिंग अभियान चलाकर स्विफ्ट डिजायर से 45 किलो गांजा जब्त किया है। उन्होंने बताया कि बरामद गांजा चेन्नई से गया लाया गया था और फिर उस कार में रखकर पटना ले जाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि पूछताछ के क्रम में पता चला कि यह एक सक्रिय गिरोह है जो बाहर से गांजा लाकर बिहार में सप्लाई करता है। एसडीपीओ ने बताया कि कार का चालक मनोज कुमार गया जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र बैरागीहिल का रहने वाला है।

### दिनारा पुलिस ने हथियार व कारतूस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दिनारा (रोहतास)।** दिनारा पुलिस ने आर्म्स व कारतूस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दिनारा थाना क्षेत्र के लोहरा गांव में छोटे -छोटे बच्चों के विवाद में दो चचेरे भाई आपस में भिड़ गए। जो आपस में भिड़ने के उपरांत बहस होते-होते मामला गोली चलने तक बढ़ गई। लेकिन उक्त क्रम में किसी की हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। जिस मामले में वादी सोनू कुमार ने स्थानीय थाना में अपने चचेरे भाई के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आवेदन में बताया है कि छोटे-छोटे बच्चों के विवाद में मेरे चचेरे भाई धरीछन चौधरी मुझे और मेरी मां को जान से मारने की नीयत से हम सब पर अपने बंदूक से दो फायर किए , लेकिन मैं और मेरी मां उक्त घटना के क्रम में किसी तरह से बाल-बाल बच गए । जो एक बड़ी अनहोनी घटना होने से बच गई। पुलिस ने मामले में संलिप्त आरोपी को रंगे हाथों आर्म्स और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### दो बाइक के बीच टक्कर में चार लोग जख्मी

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के कल्याणी मोड के समीप गुरुवार की दोपहर बिक्रमगंज डुमराव एनएच 120 पर दो बाईक के आमने-सामने की टक्कर में मां बेटे सहित चार लोग गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार दावथ निवासी सोनू सिंह अपनी पत्नि और बेटे के साथ बाईक पर सवार हो कर बिक्रमगंज से दावथ लौट रहे थे, की कल्याणी मोड़ के समीप मलियाबाग से बिक्रमगंज की ओर जा रहे तेज रफ्तार बाईक सवार ने सामने से जबर्दस्त टक्कर मार दी। जिसमें तीनों बाईक पर सवार दावथ निवासी 45 वर्षीय सोनू सिंह उनकी 42 वर्षीय पत्नी और 13 वर्षीय पुत्र सुमंत कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए । जिन्हें स्थानीय लोगों द्वारा सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र दावथ में भर्ती कराया है। तीनों को उपचार के बाद 13 वर्षीय सुमंत कुमार को बेहतर ईलाज के लिए चिकित्सक ने बाहर रेफर कर दिया है। जबकि दुसरे बाईक पर सवार अज्ञात युवक का ईलाज बिक्रमगंज के किसी निजी क्लिनिक में चल रहा है।

### एनडीए के प्रखंड अध्यक्षों ने की बैठक

**संझौली (रोहतास)।** लोकसभा चुनाव को लेकर संझौली प्रखंड के एनडीए प्रखंड अध्यक्ष व कार्यकताओं ने की बैठक। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह ने किया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष सह एनडीए प्रत्यासी उपेंद्र कुशवाहा का भ्रमण 18 अप्रैल को संझौली प्रखंड में जनसंपर्क करेंगे। जिसको लेकर पार्टी कार्यकताओं ने सर्वसहमति से क्षेत्र में भ्रमण कार्यक्रम का रूट चार्ट बनाया। जिसके अंतर्गत प्रखंड क्षेत्र में 3 से 5 मई को एनडीए के पंचायत अध्यक्ष व बूथ प्रभारी की बैठक के लिए स्थल का चयन किया गया। मौके पर बैठक में भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र पाठक,जगदीश सिंह, जेडयू प्रखंड अध्यक्ष राजेश पटेल, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष नरेंद्र पासवान, प्रदेश महासचिव आरएलम चंद्रकांत सिंह कुशवाहा, हाकिम सिंह, लव मिश्रा, दिन प्रकाश तिवारी व अन्य शामिल थे।

## खबरें फटाफट

### खलिहान में आग लगने से 10 बीघा का चारा जला

**काराकाट (रोहतास)।** काराकाट थाना क्षेत्र के कुरूर गांव के बाहर खलिहान में आग लगने से पशु चारा के रूप में रखा पुआल का टाल जलकर राख हो गया।खलिहान से अचानक आग की लपटे उठते देख लोग दौड़े और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। खलिहान में आग लगने से कुरुर गांव निवासी रामायण यादव का लगभग दस बीघे के पुआल का टाल जलकर राख हो गया। आग लगने पर स्थानीय ग्रामीणों व मुखिया योगेंद्र सिंह द्वारा दिए गए जेसीबी के मदद से पुआल टाल के अधिकतर भाग को आग से अलग करते हुए आग बुझाने का काफी प्रयास किया गया। जबतक आग पर काबू पाया जाता, तबतक लगभग दस बीघा के पुआल का टाल जलकर राख हो गया। ग्रामीणों का आरोप हैं की फायर ब्रिगेड को तत्काल सूचना दिया गया। लेकिन समय पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं पहुंची। ग्रामीणों की कड़ी मेहनत और मुखिया द्वारा दिए गए जेसीबी से जैसे तैसे आग पर काबू पाया गाय। मुखिया योगेंद्र सिंह ने प्रशासन से जले पुआल का टाल के गरीब किसान रामायण यादव को मुआवजा देने की मांग की है।

### शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** संझौली और भानस ओपी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 12 लीटर देसी और अंग्रेजी शराब के साथ दो कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । संझौली थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के चांदी इंग्लिश टोला निवासी अशोक चौधरी को गुप्त सूचना के आधार पर 10 लीटर देसी शराब के साथ रंगेहाथों गिरफ्तार कर संबंधित मामला दर्ज कर जेल भेज दिया।

### आरा-छपरा फोरलेन पर कोईलवर थाना क्षेत्र के झलकू नगर मोड़ के समीप की घटना

# बालू लदे ट्रक ने बाइक में मारी ठोकर, मासूम बेटे सहित मां की मौत, पसरा मातम

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर में आरा-छपरा फोरलेन पर गुरुवार की सुबह सड़क हादसे में एक महिला और उसके सात माह के बच्चे की दर्दनाक मौत हो गयी। ठोकर लगने से गिरने के बाद बालू लदा एक ट्रक दोनों को रौंदते निकल गया। उस हादसे में महिला के पति और दूसरा बेटा भी मामूली रूप से जख्मी हो गए। दोनों का इलाज कोईलवर पीएचसी में कराया गया। हादसा कोईलवर थाना क्षेत्र के झलकू नगर मोड़ के समीप सुबह करीब आठ बजे हुआ। मृतकों में

पटना जिले के परसा बाजार थाना क्षेत्र के सलालपुर गांव निवासी धनंजय मांझी की 28 वर्षीया पत्नी रूबी देवी और सात माह का पुत्र करण कुमार थे। घायलों में धनंजय मांझी और उसके दो वर्षीय पुत्र चंदन कुमार शामिल हैं। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़ कर भाग निकला। उधर, हादसे के बाद लोगों का आक्रोश भड़क उठा। आक्रोशित लोग मुआवजे की मांग को लेकर सड़क पर उतर गये। झलकू नगर के पास आरा-छपरा फोरलेन को जाम कर दिया गया। सड़क जाम के दौरान आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा ट्रक को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया। उस कारण वाहनों की लंबी कतारें लगी रही और फोरलेन पर काफी देर तक आवागमन बाधित रहा। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र पुलिस बल के साथ पहुंचे और लोगों को समझाने में लग गए। एसडीपीओ रंजीत कुमार सिंह भी पहुंचे। एसडीपीओ के काफी मशक्कत करने और मुआवजे दिलाने के आश्वासन के बाद लोगों को गुस्सा शांत हुआ। उसके बाद सड़क जाम समाप्त हुआ और पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।

**घायल पिता को देख पति और बच्चों संग गांव लौट रही थी महिला:** बताया जा रहा है कि सलालपुर गांव निवासी रूबी देवी के पिता गिर गए थे और उनका हाथ फैक्चर कर गया था। उन्हीं को देखने के लिए वह मंगलवार को अपने पति धनंजय मांझी, दो पुत्र चंदन और करण के मायके बड़हरा थाना क्षेत्र के रामशहर गांव गयी थी। गुरुवार की सुबह वह अपने पति और दोनों बेटों के साथ मोपेड बाइक से गांव लौट रही थी। उसी दौरान झलकू नगर मोड़ के समीप पीछे से आ रही बालू लदे ट्रक ने बाइक में ठोकर मार दी। उसमें रूबी देवी और उसके सात माह का मासूम बेटा करण गिर पड़े। उसके बाद ट्रक ने दोनों को रौंद दिया। उससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं उसका पति धनंजय मांझी और बड़ा पुत्र चंदन कुमार जख्मी हो गए। उसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा दोनों घायलों को कोईलवर पीएचसी ले जाया गया, जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। इधर, थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र के अनुसार झलकू नगर मोड़ के समीप ब्रेकर आ जाने के कारण मोपेड पर बैठी महिला रूबी देवी गोद में लिए सात माह के बेटे के साथ सड़क पर गिर पड़ी। तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने दोनों को कुचल दिया। उससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।



### ट्रक की ठोकर से सब्जी बेचने जा रहे किसान की मौत

आरा। बड़हरा थाना क्षेत्र के बबुरा बाजार के समीप गुरुवार की दोपहर तेज रफ्तार एक ट्रक ने सब्जी बेचने जा रहे सारण निवासी एक किसान को कुचल दिया। हादसे में उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। मृत किसान सारण जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र के सबलपुर गांव निवासी 61 वर्षीय भीम महतो थे। किसान के बेटे जय किशोर ने बताया कि गुरुवार की दोपहर गांव से साइकिल पर परवल लेकर बेचने के लिए बबुरा बाजार आ रहे थे। उसी दौरान बबुरा बाजार स्थित ढाबा के समीप सामने से आ रहे तेज रफ्तार एक ट्रक ने उन्हें जोरदार ठोकर मार दी। उससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि किसान तीन भाई और तीन बहनों में बड़े थे।

### सड़क दुर्घटना में ट्रैक्टर सवार दो लोगों की मौत

**चेनारी (रोहतास)।** जिले के चेनारी थाना क्षेत्र के एनएच-2 फोरलेन पर बुधवार की देर रात करीब 2 बजे सड़क दुर्घटना में ट्रैक्टर सवार दो लोगों की मौत हो गई है। जबकि घटना में दो दर्जन लोग घायल हो गए हैं। मृतक सहित सभी घायल कैमूर जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के उमापुर गांव के बताएं जा रहें हैं। जो ट्रैक्टर पर सवार होकर औरंगाबाद के महुआधाम जा रहे थे। इस क्रम में ट्रैक्टर जैसे ही टेकारी गांव के पास पहुंचा उसी क्रम में एक अन्य तेज रफ्तार से आ रही डंफर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिस घटना में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही चेनारी पुलिस ने सभी जख्मी लोगों को इलाज हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। घटना में डंफर भी सड़क किनारे पलट गया है। मृतकों में बंधन कहार 60 साल पिता चनकू कहार, उमापुर कैमूर एवं अनिल बारी 40 साल पिता लाल मोहन बारी, कुदरा कैमूर शामिल है। घायलों में पूनम देवी, रिता देवी, राजू, धिरन प्रजापति, निर्मला देवी, श्याम नारायण, सविता देवी, पुष्पा देवी, सुरेंद्र, मुन्नी देवी, सूरज कुमार, राज दुलार, उदय, सियाराम, चंदा देवी, संध्या देवी, आाश देवी एवं रीता देवी शामिल है। जिनका इलाज सदर अस्पताल के जेनरल वार्ड में चल रहा है। इस संबंध में चेनारी थानाध्यक्ष ने बताया कि कि दुर्घटना में दो की मौत हुई है, जबकि दो दर्जन से अधिक लोग घायल है। वहीं मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### ट्रक की ठोकर से बाइक सवार सारण के हवलदार की मौत, युवक घायल

**आरा।** बड़हरा थाना क्षेत्र के कोल्हरामपुर गांव के समीप गुरुवार दोपहर सड़क हादसे में सारण में तैनात एक हवलदार की मौत हो गई। दवा लेने भोजपुर के बड़हरा के बबुरा बाजार आ रहे बाइक सवार हवलदार को तेज रफ्तार एक ट्रक ने रौंद डाला। उसमें गंभीर रूप से जख्मी हवलदार ने पटना ले जाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया। हादसे में बाइक सवार एक युवक भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज आरा के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में कराया जा रहा है। मृत हवलदार कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के कुदरियां गांव निवासी राम गोविंद सिंह के 55 वर्षीय पुत्र हरेंद्र सिंह थे। वह सारण जिले के भगवान बाजार थाने में पोस्टेड थे। जख्मी युवक सारण निवासी चंदन चौधरी बताया जा रहा है। वह पेशे से राजमिस्त्री बताया जा रहा है। घटना के संबंध में हवलदार के परिजनों ने बताया कि गुरुवार की दोपहर वह दवा लेने के लिए बाइक से बबुरा बाजार आ रहे थे। रास्ते में चंदन चौधरी भी बबुरा आने के लिए उनकी बाइक पर बैठ गया। इस बीच कोल्हरामपुर गांव के समीप पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। उससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद दोनों को इलाज के लिए आरा के एक निजी अस्पताल लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की हालत हुए पटना रेफर कर दिया गया। उसके बाद परिजन हवलदार को इलाज के लिए पटना ले जा रहे थे। तभी उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। तब परिजन उनके शव लेकर पहले सदर अस्पताल ले आए और फिर सारण के भगवान बाजार ले गए। बाद में उनके शव का सारण सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। इधर, हादसे में हवलदार की मौत के बाद उनके घर में कोहराम मचा है। बताया जा रहा कि हवलदार चार भाई और तीन बहनों में बड़े थे। उनकी नौकरी वर्ष 1994 में हुई थी। उनके परिवार में पत्नी फूलकुमारी देवी, पुत्र विपुल गोपी और पुत्री खुशबू कुमारी है। पत्नी फूलकुमारी देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बंद घर का ताला तोड़ लाखों रुपए का सामान ले उड़े चोर

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जहानाबाद- हुलासगंज थाना अंतर्गत बिहटा गांव के मनरेगा कर्मी जितेंद्र कुमार के बंद घर को चोरों द्वारा बीते रात निशाना बनाया गया ।ग्रामीणों को इसकी भनक सुबह में लगी। चोरी की सूचना तुरंत ग्रामीणों द्वारा गृह स्वामी जितेंद्र कुमार जो जहानाबाद में रह रहे थे उन्हें दिया गया तथा इसकी जानकारी हुलासगंज थाना को भी दी गई। मौके पर हुलासगंज पुलिस पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई । बताया गया कि घर में मेन गेट के ताला को काट कर अंदर प्रवेश कर सभी कमरों के ताला काटकर इत्मीनान से घटना को अंजाम दिया गया। चोरों द्वारा चुन चुन कर कीमती सामानों को निकाला गया तथा गांव के बाहर कुछ ही दूरी पर अनुपयोगी सामानों को फेंक दिया गया।

सुबह जब गांव के लोग अपने अपने काम से गांव से बाहर निकल रहे थे तो खेत में बिखरे सामान देख चकित हो गये तथा अनहोनी की आशंका से भर गए। जब खोजबिन की जाने लगी तब पता चला कि गांव के किनारे में स्थित घर जो जितेन्द्र कुमार का है उसका मेन गेट खुला हुआ है। तुरंत इसकी जानकारी गृहस्वामी जितेन्द्र कुमार को दी गई। गृहस्वामी द्वारा इस संबंध में हुलास गंज थाना को लिखित आवेदन दिया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि अनुसंधान के लिए खोजी कुत्तों की भी मदद ली जा रही है। चोरों को शीघ्र घटना का उद्भेदन कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा। परंतु ग्रामीणों ने इस घटना को लेकर आक्रोश जताते हुए बताया कि लगातार हुलासगंज थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं लेकिन एक भी मामले का उद्भेदन नहीं हो पाया है। दर्जनों सबमर्सिबल पंप, तथा दर्जनों मवेशियों, ट्रैक्टर, स्कार्पियो आदि के चोरी की घटना के बाद भी पुलिस कार्रवाई शून्य है। लोगों ने अपने प्रयास से एक दो मवेशियों को पैसे देकर छुड़ाया है परंतु स्थानीय थाना इस संबंध में उचित कार्रवाई करने में असफल रही है।







# मुड़ाडीह में आग लगने से ढाई दर्जन झोपड़ियां जलकर खाक, चार बकरियां झुलसीं

**केटी न्यूज/ रेवती**



रेवती विकासखंड के सहतवार थाना क्षेत्र अंतर्गत मुड़ाडीह गांव में गोंड खरवार और राजभर बस्ती में बुधवार की रात तकरीबन 10 बजे अज्ञात कारणों से आग लग जाने के कारण दो दर्जन से अधिक लोगों की ढाई दर्जन झोपड़ियां जलकर खाक हो गई तथा चार बकरियां जिंदा झुलस गईं। जानकारी के अनुसार सहतवार थाना क्षेत्र के मुड़ाडीह गांव में गोंड खरवार और राजभर बस्ती के सभी लोग खाना खाकर सोने की तैयारी कर रहे थे और कुछ लोग सो गए थे। इसी बीच रात्रि करीब 10 बजे दहारी गोंड के घर से आग की लपटे निकलती शुरू हुई जो देखते देखते कृष्णा गोंड सुनील त्रिलोकी स्वामी नाथ उमेश देवनाथ राजू लालजी लक्ष्मी देवी बृजेश खरवार रतनी हरेराम रूपेश भुवाल सरिता उमेश केदार दिलीप नागेंद्र सालिक राजभर विमलेश राजभर राजकुमार राजभर राजभर की झोपड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। चारों तरफ चीख पुकार मच गया। आग का तांडव देखकर चारों तरफ हाहाकार मच गया। ग्रामीणों द्वारा आग को बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन तब तक काफी देर हो गई थी। इस आग लगी घटना में बृजेश खरवार की चार बकरियां जिंदा झुलस गई और दम तोड़ दिया। आग की चपेट में आने की वजह से पूरी बस्ती खाक में तब्दील हो गई। जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी आती तब तक सब कुछ जलकर खाक हो गया था। झोपड़ी में रखें राशन व अन्य सामानों के साथ हजारों रुपए नगदी जलकर खाक हो गए। इस आगलगी की घटना में दो लाख से अधिक का सामान जलकर राख हो गए। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी गई है।

## शार्ट सर्किट से लगी आग, गेहूं की फसल जली

लक्ष्मणपुर। आग की दो अलग-अलग घटनाओं में खेतों में खड़ी गेहूं की फसल आग लगने से खेत में ही जलकर राख हो गई। वृहस्पतिवार को सुबह में भरौली गांव निवासी गिरिजा राय का खेत सोहाव मिशन के पास खेत है जिसमें गेहूं की खेती की गई थी जिसमें अचानक आग की लपटे उठनी शुरू हुई और आग तेजी से खेत में फैलने लगी ग्रामीणों की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने के बाद आग को बुझाया गया इस अग्नि कांड में दो बीघा से अधिक की गेहू की फसल राख हो गई। दूसरी घटना नरहीं में दोपहर में नरही कारों मार्ग के पास हुई, जहां खेत में लगे ट्रांसफार्मर से शार्ट सर्किट हुआ और खेत में खड़ी गेहू की फसल जलकर राख हो गई। इसमें विजय राय, रविन्द्र राय, नीरज राय का करीब ढ़ाई बीघा से अधिक गेहूं की फसल जल गई। किसानों ने बिजली विभाग से खेत से हटाकर ट्रांसफार्मर को नरही कारों मार्ग पर लगाने की गुहार लगाई है। वहीं चितबड़ागांव से सटे ग्राम पंचायत मानपुर में प्रसिद्ध नारायण वर्मा की एक बीघा गेहूं की फसल गुरुवार की दोपहर तीन बजे अज्ञात कारणों से लगी आग में जलकर राख हो गई।

## एक नजर

### पैसा लेकर 10 के स्टांप पर लिखी गई जमीन, लेकिन 17 साल बाद भी वही है काबिज

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के सोनहडा गांव के चकदोदा गांव निवासी झीनकी देवी पत्नी स्व. दीपचंद राजभर को 20 जनवरी 2007 को गांव के ही पांडेय परिवारों ने मिलकर 18,000 रुपये में लगभग आधा विस्वा भूमि आराजी नंबर 83 पर काबिज कराया। जिसका तहसील में दस रुपये के स्टांप पर बकायदा लिखा-पढ़ी हुई। इसके बाद झीनकी देवी के परिवार पीएम घरेलू शौचालय सहित झोपड़ी और फलदारी पौधे लगाई थी। लेकिन दबंगों ने बिना किसी आदेश का जेसीबी चला कर पीएम घरेलू शौचालय सहित निमार्णाधीन झोपड़ी का अतिक्रमण हटा दिया और कई पेड़ पौधों को उखाड़ दिया। जब पीड़िता ने रोका तो उसे भी धमकी दी। इस सिलसिले में पीड़िता रीना राजभर दुल्लहपुर थाने में आवेदन देकर नामजद तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़िता रीना राजभर ने उप जिलाधिकारी कमलेश सिंह तथा सीएम पोर्टल पर आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### रेलवे पटरी बिछाए जाने से शहीद वीर अब्दुल हमीद मार्ग रहेगा प्रभावित

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाने के अमारी रेलवे फाटक समपार संख्या 13सी पर फॉर्मेशन एवं नए रेलवे ट्रैक बिछाए जाने के इस कार्य को 12 अप्रैल 2024 शुक्रवार को किया जाना है, जो एक महत्वपूर्ण कार्य है। इस कार्य को शुक्रवार की रात दस बजे से 13 अप्रैल 2024 को किया जाना है। इस दौरान यातायात प्रभावित रहेगा। इस बीच रेलवे संपर्क संख्या 11 बाजार ढाला दुल्लहपुर से वाहनों का आवागमन सुलभ रहेगा। रेल विकास निगम लिमिटेड मऊ के उप प्रबंधक नितीश कुमार सिंह और एलटी कंपनी प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुधीर राय पप्पू रेड्डी ने कहा कि भटनी और औड़िहार परियोजना के अंतर्गत दुल्लहपुर स्टेशन के अमारी रेलवे फाटक बंद कर कार्य किया जाएगा। इसे लेकर लोगों से अपील है कि रूट डायवर्जन होने से दुल्लहपुर स्टेट मार्ग गाजीपुर -आजमगढ़ से यातायात करें।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

**गाजीपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अंतर्गत चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता जन-जन तक एक-एक व्यक्ति को 01 जून 2024 को घर से बाहर निकलकर अपने पूरी ईमानदारी से अपने मतदान का प्रयोग करेंगे, चाहे वह 80 वर्ष से ऊपर के व्यक्ति हों या दिव्यांग अथवा 18 वर्ष पूर्ण कर चुके हों की दशा में व्यक्ति मतदान का प्रयोग करेंगे। इसके अंतर्गत बैजनाथ इंटर कॉलेज रौजा गाजीपुर में चित्रकला के छात्र/छात्रा, शहीद स्मारक इंटर कॉलेज नंदगंज, खेलो इंडिया सेंटर एथलेटिक्स द्वारा मतदाता जागरूकता रैली के साथ शपथ भी दिलाई गई कि निर्वाचन की गरीमा को अक्षुण्य रखते हुए निर्भिक होकर, धर्म, वर्ग, न्याय, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपना मताधिकार का प्रयोग करेगे।

### भाजपा ने चंदौली के डॉ विनोद कुमार बिंद को भदोही लोकसभा क्षेत्र से बनाया उम्मीदवार



**चंदौली।** भारतीय जनता पार्टी ने भदोही सीट से प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। यहां से डा. विनोद कुमार बिंद को टिकट मिला है। विनोद बिंद अभी मिजार्पुर की मझवां सीट से विधायक हैं। मौजूदा सांसद रमेश बिंद को रिप्लेस करते हुए भाजपा ने उन्हें प्रत्यासी घोषित किया है। वहीं भदोही से इंडी गठबंधन की तरफ से तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशी ललितेश पति त्रिपाठी चुनाव लड़ रहे हैं। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में मिजार्पुर के मझवां से समाजवादी पार्टी से टिकट मांग रहे डॉ. विनोद कुमार बिंद को असफलता मिली थी। सपा उम्मीदवार के रूप में उन्होंने लंबे समय तक प्रचार भी किया था लेकिन सपा ने आखिरी वक्त में उनसे टिकट छीन लिया। भाजपा प्रत्याशी मूलरूप से चन्दौली के कवई पहाड़पुर के निवासी हैं। उन्होंने आर्थिक विषमताओं के बीच अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और गोल्ड मेडल प्राप्त करते हुए आर्थोपेडिक सर्जन बने। उन्होंने बतौर डॉक्टर गरीब जरूरत मंदों की दिल खोलकर मदद की, और बहुत ही कम दिनों में चन्दौली जिले के सबसे बड़े डॉक्टर के तौर पर अपनी पहचान बनाया।

## बलिया जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद का पर्व, मुस्तैद रहा प्रशासन

# मुस्लिम बंधुओं ने अकीदत के साथ अदा की ईद की नमाज, अमन की मांगी दुआ





**केटी न्यूज/ बलिया**

नगर से लेकर ग्रामीणांचलों में गुरुवार को ईद का त्योहार मुस्लिम बंधुओं द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने अपने निर्धारित समय पर नमाज पढ़ मुल्क की हिफाजत के लिए दुआ की। तत्पश्चात एक दूसरे के गले मिल ईद की बधाई दी। सुरक्षा के मद्देनजर नगर से लेकर ग्रामीणांचलों में पुलिस चक्रमण करती रही। नगर के विशुनीपुर जामा मस्जिद पर नमाज खत्म होने के बाद डीएम रवींद्र कुमार, एसपी देव रंजन वर्मा एवं एएसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी ने मुस्लिम बंधुओं को ईद की बधाई दी। अधिकारी द्वय ने कहा कि भाईचारे और एकता बनाए रखें। उधर, शिया मस्जिद पर भी अधिकारी द्वय ने शिया समुदाय के लोगों से मुलाकात की और ईद की बधाई दी। नगर के जंगेअली मोहल्ला, विजयीपुर, राजपूत नेवरी, काजीपुरा, उमरगंज, बहेरी, ईदगाह, परमंदापुर के अलावा नगर से सटे निधरिया, मिड्ढा, आमडारी, पटखौली आदि स्थानों पर मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद की नमाज अदा की और मुल्क की सलामती के लिए दुआ की।

**जिलाधिकारी ने विभिन्न मस्जिदों का लिया जायजा:** ईद के त्योहार को देखते हुए जिलाधिकारी रवींद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा ने नमाज के समय शहर की विभिन्न मस्जिदों का भ्रमण कर प्रशासनिक व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सबसे पहले बिशुनीपुर मस्जिद, उसके बाद बड़ी मस्जिद और बहेड़ी स्थित मस्जिद का भ्रमण कर लोगों से बातचीत की और हर्षोल्लास के साथ ईद का त्योहार मनाने की बात कही।

**हर्षोल्लास के साथ मनाया त्योहार:** पकड़ी क्षेत्र में ईद का त्यौहार हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के बीच मनाया गया। सुबह से हो मुस्लिम भाइयों ने सज धज कर विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की। क्षेत्र के पूर, पकड़ी, गढ़मलपुर, जगदरा, जनुआन, खेजुरी, खरसरा, बहेरी,मासुमपुर इत्यादि गांवों में स्थित मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए मुस्लिम भाइयों की भारी भीड़ देखी गई। नमाज अदा करने के बाद गले मिलकर लोगों ने एक दूसरे को ईद की बधाई दी। वहीं गांवो में हिन्दू भाइयों ने भी गले मिलकर मुस्लिम भाइयों को ईद की बधाई देते हुए एवं सेवई का लुत्फ उठाते हुए देखे गए। साथ ही ईदगाहो के पास छोटे मोटे मेले का भी आयोजन किया गया था। जिसमे छोटे छोटे बच्चे खिलौने इत्यादि खरीद रहे थे।

**एक—दूसरे को दी मुबारकबादः सिकन्दरपुर।** नगर तथा क्षेत्र में ईद उल फितर का त्यौहार हर्षोल्लास व अकीदत के साथ मनाया गया। इस मौके पर मुस्लिम भाइयों ने नए कपड़े पहन कर सुबह 7 बजे नगर के शाही मस्जिद और 8 बजे ईदगाह में शुकराना नमाज अदा किया।साथ ही एक दूसरे के गले मिल कर ईद की मुबारकबादी का आदान प्रदान किया। साथ ही एक दूसरे के घर जा कर इस अवसर पर बनने वाले विशेष पकवान सेवईयां ग्रहण किया।

त्यौहार के अवसर पर शांति ब्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रशासन द्वारा नमाज अदा की जाने वाली मस्जिदों ,नमाजियों के गुजरने के रास्तों और सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ ही उपजिलाधिकारी रवि कुमार, क्षेत्राधिकारी आशीष मिश्र, थानाध्यक्ष दिनेश पाठक,चौकी प्रभारी रविंद्र पटेल लगातार नगर में भ्रमण करते रहे। उधर नगरपंचायत की तरफ से नगर में बेहतर साफ सफाई के साथ ही नमाजियों के गुजरने के मार्गों पर चूना का छिड़काव कराया गया था। क्षेत्र के नवानगर, मुटुरी ,हुसैनपुर, कोठ, मालदह, बघुडी, जमुई, नरहनी, मासूमपुर, भूदाडीह, जनुवान, उसरैला आदि गांवों में ईद उल फित्र का त्यौहार परम्परानुसार अकीदत के साथ मनाया गया। इस मौके पर सुबह ईदगाह की मस्जिद में ईद की नमाज अदा की गई।

### दिनभर सोशल मीडिया पर चलता रहा बधाई का सिलसिला

**बिल्थरारोड।** ईद के अवसर पर गुरुवार को क्षेत्र के सभी ईदगाह में सुबह ईद उल फितर की नमाज की अदा की गई। त्योहार में गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिली।इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को गले लगा कर खुशी का इजहार किया। नगर में ईद पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।सुबह से ही रोजेदार लोग नये नये कपड़े पहन कर अमूरतानी मोहल्ला स्थित ईदगाह व अन्य ईदगाहों की तरफ जाते दिखे। क्षेत्रीय विधायक हंसु राम ने भी नगर व ग्रामीण अंचलों पहुँचकर मुस्लिम बंधुओं को ईद की मुबारकबाद दी। नगर के विभिन्न वार्ड के सभासद सुबह ही ईदगाह पर पहुंच गए थे तथा नमाज अदा करने आ रहे मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। ईद त्योहार को लेकर मुस्लिम बंधुओं में खासा उत्साह रहा । वह एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दे रहे थे। सोशल मीडिया पर भी ईद की बधाइयाँ का सिललिसा जारी था। क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था के स्थापित करने के लिए उभांव इस्पेक्टर विपिन सिंह सीयर चौकी प्रभारी देवेन्द्र कुमार दलबल के साथ चक्रमण करते नजर आये।

### इलाके के चप्पे-चप्पे पर रही पुलिस की नजर

**सहतवार।** बलिया नगर के बडी.मस्जिद छोटी मस्जिद से लेकरग्रामीणांचलों में गुरुवार को ईद का त्योहार मुस्लिम बन्धुओं द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने अपने निर्धारि त समय पर नमाज अदा किया मुल्क की हिफाजत के लिए दुआ की। तत्पश्चात एक दूसरे के गले मिल ईद की बधाई दी। सुरक्षा के मद्देनजर नगर से लेकर ग्रामीणांचलों में पुलिस चक्रमण करती रही। थानाध्यक्ष चौकीइचार्ज ने मुस्लिम बंधुओं को ईद की बधाई दी। नगर अध्यक्ष प्रति निधि ने कहा कि भाईचारे और एकता बनाए रखें। शहवान अन्सारी जहीर खान कलामुद्दीन हासमी नजीर अहमद पंकज सिंह ऊर्फ नेता जी टैम्पूसिह राणा सिंह आदि स्थानों पर मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद की नमाज अदा की और मूल्क क सलामती के लिए दुआ की। इसके बाद घर पर आने जाने वाले अतिथियों का स्वागत का सिलसिला जारी हो गया।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद का पर्व



**गाजीपुर।** ईद का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। तहसील के सभी छोटे बड़े इबादतगाहों ईदगाहों में गुरुवार की सुबह ईद की नमाज समयानुसार अदा की गई। सभी इबादतगाह नमाजियों से खचाखच भरे रहे। लोगों ने खुदा की बारगाह में नमाज अदा कर अल्लाह को शुक्र अदा किया तथा मुल्क में अमन चैन की दुआ की। बताते चलें कि ईद का त्यौहार पूरा एक महीने रमजान रखकर सारे गुनाहों से मुक्ति पाने के बाद मुसलमान इसकी खुशियां आपस में बाटते हैं तथा एक दूसरे को गले लगाते हैं इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद देकर ईद की खुशी का इजहार किया। गाजीपुर नगर में विशेश्वरगंज स्थित ईदगाह, एमएएच स्कूल, रुईमंडी, गोराबाजार आदि मस्जिदों में नमाज अदा की गई।

### हिंदू भाइयों ने भी दी ईद की बधाई, चखा सेवई का स्वाद

**बांसडीह।** ईद पर क्षेत्र के बाँसडीह, शकरपुरा, खरौनी,केवरा,मिश्रवलिया, बेरुआरबारी आदि मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। सुबह मुस्लिम भाइयों ने बाँसडीह के नई मस्जिद, बड़ी बाजार स्थित जामा मस्जिद, वार्ड नं 2 में स्थित मस्जिदो में नमाज अता की। मस्जिदों पर बिभिन्न राजनीतिक संगठनों के लोग समाजसेवी हिन्दू भाइयों ने मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकबाद दी। नगर पंचायत अध्यक्ष बाँसडीह सुनील कुमार सिंह, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष उमाशंकर पाठक, अभिजीत तिवारी सत्यम, दिग्विजयसिंह, राकेश मिश्रा आदि लोगो ने मस्जिदों पर मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकवाद दी।

### अपहरण कर बच्चों से भीख मंगवाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दुबहड़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने गुरुवार को माधोमठ बंधा वाली पक्की सड़क पर स्थित ईंट भट्ठे के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार किया। वही गुमशुदा अबोध बालक को सकुशल बरामद कर उसके माता पिता को सुपुर्द कर दिया। अभियुक्त ने अपना नाम व पता सोनू यादव उर्फ प्रेमशंकर यादव पुत्र उमाशंकर यादव निवासी घोड़हरा थाना दुबहड़ जिला बताया। अभियुक्त ने अबोध बालक को दिल्ली में ले जाकर भिक्षा मंगवाने की बात स्वीकार किया गया। बता दे कि बलिया जिले के दुबहड़ स्थित ईंट भट्टे पर झारखंड प्रान्त से आकर मजदूरी करने वाले व्यक्ति द्वारा पांच अप्रैल 2024 को अपने तीन वर्षीय अबोध पुत्र का भट्ठे पर खेलते समय गायब हो जाने की सूचना दी गई थी। इसके बाद पुलिस ने संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया। इसी क्रम में दुबहड़ पुलिस ने उनि विश्वदीप सिंह के नेतृत्व में भिक्षाटन के लिए अपहरण करने वाले अभियुक्त को माधोमथ बंधा के पक्की सड़क के पास से गिरफ्तार किया गया।

### बलात्कार का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बलिया।** दुबहर थाने के पुलिस ने गुरुवार की दोपहर बलात्कार व पॉक्सो एक्ट के आरोपी को कदम चौराहा से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी का नाम अजय तुरहा पुत्र भीम तुरहा निवासी नगवा थाना दुबहर है। आरोपी के खिलाफ बीते दिनों दुबहर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था।





## योगी ने पहले-दूसरे चरण की लगभग सभी और तीसरे चरण की कई सीटों पर मतदाताओं से साधा संवाद

# योगी ने थामा 'अपनों' का हाथ, अखिलेश न निभा रहे साथ

**केटी न्यूज/लखनऊ**



योगी आदित्यनाथ यानी परिस्थिति कैसी भी हो, लेकिन अपनों का साथ नहीं छोड़ते। 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होना है, लिहाजा 17 अप्रैल को चुनाव प्रचार थम जाएगा। इसके पहले योगी आदित्यनाथ ने एनडीए प्रत्याशियों का हाथ थामकर सभी सीटों पर कई बार मतदाताओं से संवाद कर कमल खिलाने का आह्वान कर लिया तो वहीं अखिलेश यादव गुरुवार तक सपा व इंडी गठबंधन के एक भी प्रत्याशियों के लिए प्रचार करने नहीं पहुंचे। पहले चरण में आठ सीटों पर चुनाव होना है। प्रचार के महज छह दिन शेष हैं। जिनकी बदौलत इंडी गठबंधन के प्रत्याशी नैया पार लगाने की तैयारी में थे,अखिलेश की वजह से वे मझधार में फंस गए हैं। जरूरत के समय उनके अपने अखिलेश ही अभी तक साथ नहीं खड़े हुए, जबकि योगी आदित्यनाथ ने पहले व दूसरे चरण की लगभग सभी और तीसरे चरण की कई सीटों पर मतदाताओं को एनडीए के पक्ष में सहेज लिया है।

**14 दिन में 37 जनसभा कर चुके हैं योगी:** योगी आदित्यनाथ ने 14 दिन के भीतर 37 जनसभाओं को संबोधित कर लिया है। उत्तर प्रदेश के साथ ही राजस्थान, महाराष्ट्र और जम्मू में भी भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में उन्होंने कमल खिलाने की अपील की। 27 मार्च को सीएम योगी ने मथुरा में प्रबुद्ध सम्मेलन के जरिए यूपी में चुनावी प्रचार का आगाज किया था। यही नहीं, योगी आदित्यनाथ चार अप्रैल को मथुरा की भाजपा प्रत्याशी हेमामालिनी के नामांकन में भी शामिल हुए। अब तक मथुरा आदि सीटों पर प्रचार में सीएम कई बार जा चुके हैं, जबकि विपक्ष के प्रत्याशी 'अपने रहनुमाओं' की राह देख रहे हैं।

**प्रत्याशियों के लिए भी योगी संकटमोचकः** भाजपा ने रालोद के साथ गठबंधन किया है। ऐसे में योगी आदित्यनाथ यूपी के मुखिया के रूप में भाजपा प्रत्याशियों के साथ ही रालोद प्रत्याशियों के लिए भी संकटमोचक बन गए हैं। रालोद ने यूपी में बागपत और बिजनौर सीट पर अपने उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। बिजनौर में पहले चरण व बागपत में दूसरे चरण में मतदान होगा। बिजनौर से रालोद ने चंदन चौहान और बागपत से राजकुमार सांगवान को जनता के चुनाव में उतारा है। योगी आदित्यनाथ चंदन चौहान के लिए तीन और राजकुमार सांगवान के लिए भी दो रैली कर चुके हैं।

**अखिलेश को खोज रहे सपा के प्रत्याशीः** 17 अप्रैल को पहले चरण का चुनाव प्रचार थम जाएगा। पहले चरण की सीट पर अभी तक अखिलेश यादव या इंडी गठबंधन के अन्य नेता प्रचार करने तक नहीं पहुंचे। पहले चरण में आठ सीटों पर चुनाव होना है। ऐसे में सपा प्रत्याशी अपने मुखिया अखिलेश यादव को खोज रहे हैं। अमूमन पत्नी की मैनपुरी सीट के उपचुनाव को छोड़ दिया जाए तो लोकसभा के बाकी उपचुनावों से गायब रहने वाले अखिलेश आम चुनाव प्रचार में भी अभी तक अपने प्रत्याशियों का साथ देने नहीं पहुंचे हैं।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईदगाह सहित मस्जिदों में अदा हुई नमाज

- हिंदू भाइयों ने बांटा गुलाब का फूल
- मऊ नगर सहित सभी स्थानों पर ईद की नमाज सकुशल हुई संपन्न

**केटी न्यूज/मऊ**



मोहल्ला छितनपुरा ईदगाह में सबसे अधिक लोगों ने ईद की नमाज अदा की। ईद की नमाज मदरसा दारूल ओलुम के प्रबंधक हाफिज अहमद जकी साहब ने पढ़ाई। नमाज से पूर्व मुफ्तिये शहर मुफ्ती अनवर अली ने नमाजियों को संबोधित करते हुए कहा के ये चिंता का विषय है के इजराइल फलस्तीनियों पर और रूस यूक्रेन पर लगातार बमबारी कर रहे है। बेकसूर लोगों, बच्चो और महिलाओं की जान जा रही है, मगर दुनिया शांति से तमाशा देख रही है। उन्होंने कहा के फलस्तीन में लोग भूख से मर रहे है। मुफ्ती साहब ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कहा के चुनाव केवल सामाजिक या राजनैतिक पर्व नही है, बल्कि ये एक धार्मिक जिम्मेदारी है, इसलिए सब लोगो को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा के आपको दुआ करनी चाहिए के ऐसी होकुमत बने जो देश के 140 करोड़ लोगों की भावनाओं का ध्यान रखे और सबकी चिंता करे। मुफ्ती साहब ने कहा के ये देश हमारा है, हमारे पूर्वजों ने इसके लिए जान की कुरबानी दी है। हम इस मुल्क में किराएदार नही है हिस्सेदार है। हमारी जिम्मेदारी है के देश की तरक्की, खुशहाली और शांति में सहयोग करे। मुफ्ती साहब ने नमाजियों से कहा के कही भी ऐसी जगह नमाज न पढ़े जिससे लोगो को आने जाने में दिक्कत हो। ऐसी इबादत अल्लाह को मंजूर नहीं जिससे किसी को कष्ट पहुंचे। ईद की नमाज के एक घंटा पूर्व से पुलिस ने नमाजियों की सुरक्षा के लिए घेरा बना रखा था। पुलिस के आला अधिकारियों के साथ मजिस्ट्रेट की भी ड्यूटी लगी थी। नमाज खत्म होने के बाद इमाम अहमद जकी साहब ने दुआ करते हुए अल्लाह से मांग किया के मऊ के कारोबार के हालात को बेहतर बनाए, देश तरक्की के रास्ते पर चले, फलस्तीन के लोगो को इंसाफ मिले, देश से गरीबी दूर हो, मुसलमानो को इंसाफ मिले। ईदगाह और ईदगाह का सहन जब भर गया तो सकड़ों लोग वापस दूसरी ईदगाहों पर गए। इस अवसर पर ईद की नमाज पढ़कर निकल रहे लोगो को हिंदू भाइयों ने गुलाब का फूल बांटकर कहा की ईद का त्योहार मोहब्बत का त्योहार है। इसे सभी मिलकर मनाते है। किसी के भडकाने पर आपसे में बैर नहीं करना चाहिए। जो भी इस तरह का कार्य करता है। उसका विरोध करना चाहिए। हम सभी को मिलकर रहना चाहिए। तभी देश आगे बढ़ेगा।

## एक नजर

### नगर पालिका अध्यक्ष अरशद जमाल ने सफाई, पानी तथा अन्य व्यवस्था का लिया जायजा



**मऊ।** नगर पालिकाध्यक्ष अरशद जमाल ने अध्यक्ष कक्ष में ईद के मौके पर जलापूर्ति एवं सफाई आदि व्यवस्था के संबंध में सफाई व नलजल विभागों की एक विशेष समीक्षा बैठक की। इस बैठक में ईद की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुयी। पालिकाध्यक्ष अरशद जमाल ने बताया कि चूंकि समय कम है और क्षेत्र बड़ा है इस लिये समय रहते सफाई को पूर्ण कराने हेतु बाह्य क्षेत्रों से भी सफाई कर्मचारियों को लाकर सफाई कार्य कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि नगर क्षेत्र में 53 ईदगाहों पर ईद की नमाज अदा की जायेगी। जिन ईदगाहों पर ईद की नमाज अदा होगी उन सभी ईदगाहों पर नगर पालिका परिषद मऊ ने भी अपने सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। ईद का समय होने पर बिजली विभाग द्वारा रोस्टिंग किये जाने पर पालिकाध्यक्ष अरशद जमाल ने अपनी नाराजगी व्यक्त की। इसी के साथ उन्होंने जिलाधिकारी और अधिशासी अभियंता को लगातार बिजली आपूर्ति के लिये अनुरोध भी किया है। जमाल ने बताया कि नगर पालिका के 30 नलकूपों पर निजी जनरेटरों की व्यवस्थ है। जिन सात नलकूपों पर पालिका के जनरेटर नहीं हैं वहां पर बिजली एवं पानी की आपूर्ति हेतु किराये पर जनरेटर लगाये गये हैं। इसी के साथ जलकल इंजीनियर को निर्देशित किया गया है कि आज और कल लगातार 24 घंटे भ्रमण करके नलकूपों की निगरानी करें ताकि किसी प्रकार भी पानी की दिक्कत न हो। ईदुलफित्र के अवसर पर पालिकाध्यक्ष अरशद जमाल ने समस्त नगरवासियों को हार्दिक बधाई दी है।

### महात्मा ज्योतिबा राव फुले ने कुरीतियों को समाप्त करने के लिए किया था प्रयास: कृपाशंकर सिंह

**जौनपुर।** भाजपा जौनपुर के केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा माली सैनी समाज द्वारा महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले जी की जन्म जयंती बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई। जिसमे मुख्य अतिथि लोकसभा जौनपुर के भाजपा प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला महामंत्री सुशील मिश्रा रहे तथा अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने किया। महात्मा ज्योतिबा फुले जी जन्म जयंती के कार्यक्रम में सर्वप्रथम उनके चित्र पर दीप प्रज्वलित कर और पुष्पांजलि अर्पित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि कृपा शंकर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा महात्मा ज्योतिबा राव फुले ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने में अपना अमूल्य योगदान दिया है और बच्चियों की शिक्षा के लिए अभूतपूर्व कार्य किया और उसी के परिणाम स्वरूप आज महिलाओं का शिक्षा स्तर बहुत ही अच्छा है। विशिष्ट अतिथि सुशील मिश्रा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा समाज की कुरीतियों और अशिक्षा के खिलाफ महात्मा ज्योतिबा फुले और उनकी धर्मपत्नी सावित्री बाई फुले ने जो अभूतपूर्व कार्य किया उसका परिणाम आज हम सबको दिखाई पड़ रहा है। उनके प्रयास से आज महिलाएं पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है। वह क्षेत्र में अपना जौहर दिखा रही है। पहले जहां महिलाएं सेना में नहीं जाती थी। अब उनकी पोस्टिंग दुर्गम स्थानों पर होने लगी है। वहां पर भी अपने साहस का परिचय दें रही है। कार्यक्रम का संचालन पिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार सैनी ने किया और कार्यक्रम में माली सैनी समाज के जिलाध्यक्ष एडवोकेट, अशोक कुमार सैनी ज्योतिबा फूले जी जीवन पर प्रकाश डाला मौके रामकुमार माली मास्टर साहब अमर जौहरी, डॉ विजय सैनी, मंगला प्रसाद सैनी,सुरेंद्र माली मनोज कुमार सैनी, विनय माली, शिवम सैनी राम अवतार माली, बबलू माली राकेश कुमार नाविक, विजय शंकर शर्मा, रतन निषाद, रवि शंकर सेठ शिमला बिंद रेनू मोदनवाल सुनीता बिन्द माधवी गुरु प्रसाद गुप्ता लोग उपस्थित रहे।

## खबरें फटाफट

### होम्योपौथिक डॉक्टर शैलेश को मिला पुरस्कार

**जौनपुर।** होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन आफ इंडिया द्वारा वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ शैलेश कुमार सिंह को लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार होम्योपैथी चिकित्सा में उनके तैंतीस वर्षीय योगदान को देखते हुए दिया गया है ।ज्ञातव्य है कि डॉ सिंह देश विदेश की शैक्षणिक कार्यशालाओं में भाग लेने के साथ साथ तत्कालीन राजकीय टी डी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में प्रवक्ता पद पर कार्य कर चुके हैं ।विश्व होम्योपैथी दिवस पर आइ एम ए सभागार में आयोजित एक भव्य समारोह में माननीय ज़िला न्यायाधीश वाणी रंजन अग्रवाल ने डॉ एस के सिंह को यह सम्मान प्रदान किया।

### सहतवार पुलिस ने 80 पेटी अंग्रेजी शराब किया बरामद

**बलिया।** अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सहतवार पुलिस ने गुरुवार को थानाध्यक्ष विकास चन्द्र पांडेय के नेतृत्व में सहजानंद घाट से एक पिकअप से 80 पेटी अवैध शराब बरामद किया। जिसकी कीमत चार लाख 60 हजार रुपए बताई जा रही है। जबकि शराब तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। बता दें कि सहतवार पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि कुछ लोग एक मैजिक पिकअप से अंग्रेजी शराब बिहार ले जाने कि फिराक में है। मुखबीर की सूचना को गम्भीरता से लेते हुए पुलिस सहजानंद घाट पर पहुँची, जहां कुछ समय बाद एक मैजिक पिकअप व एक सफेद रंग की वैगनार कार आती हुई दिखायी दी। पुलिस टीम को चेकिंग करते देख पिकअप चालक व उसमेंओ सवार अन्य दो व्यक्ति पिकअप को वही छोड़ वैगैनार में बैठकर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गए। पुलिस ने भागे हुए व्यक्तियों की पहचान क्रमशः अभिषेक सिंह उर्फ रसगुल्ला पुत्र विजय सिंह निवासी केदारपुर थाना बांसडीह बलिया, आलोक कुमार सिंह उर्फ सुप्पन पुत्र श्रीकिशुन सिंह निवासी चितविसाव खुर्द थाना सहतवार जनपद बलिया तथा प्रीतम कुमार सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी सुकुलपुर थाना मनियर जनपद बलिया (वाहन स्वामी वैगनार कार) के रुप में किया गया। जबकि पिकअप के चालक का नाम व पता अज्ञात है।

## बदलापुर पुलिस व स्पेशल स्वाट की संयुक्त टीम ने तस्करों के खिलाफ चलाया अभियान

# पुलिस मुठभेड़ में एक गौ तस्कर को लगी गोली, चार गिरफ्तार, एक हुआ फरार

- तस्करों के पास से से तमंचा कारतूस, देशी बम, पिकप वाहन, मोबाइल व नकदी बरामद
- थानाध्यक्ष बदलापुर द्वारा आत्मरक्षार्थ फायर किया गया जिसमें एक तस्कर को गोली लग गई

**केटी न्यूज/जौनपुर**



बदलापुर थाना अंतर्गत बदलापुर पुलिस व स्पेशल स्वाट की संयुक्त टीम के साथ गुरुवार की सुबह हुए मुठभेड़ में एक गौ तस्कर घायल हो गया व तीन मौके से फरार हो गए पुलिस ने उन्हें भी सर्च ऑपरेशन कर गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से तमंचा कारतूस, देशी बम, पिकप वाहन, मोबाइल व नकदी बरामद किया गया है। इस मामले में गुरुवार को जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के क्रम मे अरविन्द कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी बदलापुर के नेतृत्व में बदलापुर पुलिस व स्पेशल स्वाट टीम को इनपुट सूचना प्राप्त हुई कि कुछ बदमाश सफेद पिकअप से शाहपुर गौशाला से गौवंश को चोरी करके तस्करी करने जा रहे हैं, सूचना पर पुलिस टीम शाहपुर गोशाला के पास गई जहां पिकप में सवार गौ तस्कर पुलिस टीम को देखकर चिल्लाने लगे। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों को चेतावनी देते हुये आत्मसमर्पण करने हेतु कहा गया लेकिन 2 बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से लक्ष्य करके फायर कर दिया। थानाध्यक्ष बदलापुर द्वारा आत्मरक्षार्थ फायर किया गया जिससे करन कुमार त्यागी पुत्र रामआसरे राम निवासी अजगरा थाना चोलापुर जनपद वाराणसी घायल हो गया जिसके कब्जे से तमंचा कारतूस बरामद किया गया। मौके से 4 बदमाश अन्धेरे का फायदा उठाकर भाग गए जिनका पीछा करते हुए हुए पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल से करीब 300 मीटर आगे झाड़ी में छिपे हुए 3 बदमाशों को घेराबन्दी करके पकड़ा गया। पकड़े गये बदमाशों ने पूछताछ में अपना नाम इकबाल हसन पुत्र मो शरीफ निवासी फतेपुर खौदा थाना सिधौंरा जनपद वाराणसी बताया तलाशी में झोले से 5 देशी जिन्दा बम बरामद हुआ। दूसरे ने अपना नाम अजीत कुमार पुत्र संजय राम निवासी कामापुर थाना सिंधौरा वाराणसी बताया उसके पास से एक तमंचा कारतूस बरामद जबकि तीसरे नें अपना नाम मिथलेश यादव पुत्र गुड्डू यादव निवासी बेलारी थाना सिंधौरा वाराणसी बताया तलाशी में देशी जिन्दा बम बरामद हुआ। एक अभियुक्त शशिकान्त राणा पुत्र घुरबटोर राम निवासी छिबली कबूलपुर कमालपुर जनपद चन्दौली भागने में सफल रहा, जिसकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। घायल बदमाश को इजाल हेतु अस्पलात में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने बताया कि जख्मी तस्कर के पैर में गोली है। उसकी स्थिति खतरे से बाहर बतायी जा रही है। जल्द ही उसे अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। वहीं दूसरी ओर पुलिस पकड़े गये तस्करों पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। साथ ही इन सभी से पूछताछ कर रही है। पुलिस को उम्मीद है कि इनके अन्य साथियों का नाम भी उजागर होगा। इसके बाद उन्हें भी धर-दबोचा जाएगा।

### बुढ़वा बाबा स्थान पर आई महिला की मौत

**बलिया।** मनियर थाना क्षेत्र के बुढ़वा बाबा स्थान पर लगे चैत्र नवरात्र के मेले में प्रेत बाधा से मुक्ति पाने के लिए आई एक महिला की मौत गुरुवार को हो गई। सूचना पर पहुंची मनियर पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद परिजनों को सौंप दिया। परिजन शव को एंबुलेंस से लेकर नेपाल चले गए। मिली जानकारी के अनुसार मंजू देवी 45 वर्ष पत्नी कोदई यादव निवासी प्रतापपुर गाऊ पालिका-5 बदौली थाना बेलाटारी जिला नवलपरासी नेपाल की तबीयत करीब चार-पांच वर्षों से खराब चल रही थी। प्रेत बाधा से मुक्ति पाने के लिए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वह मनियर बुढ़वा ब्रह्म के स्थान पर नेपाल के अन्य लोगों के साथ आई हुई थी। जहां बुढ़वा ब्रह्म के स्थान पर करीब एक बजे उसकी मौत हो गई। जिससे बाद अफरा तफरी का महौल बन गया। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल के बाद पंचनामा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। इस बाबत मनियर थाना प्रभारी मंतोष सिंह ने बताया कि परिजन किसी प्रकार की पुलिस कार्रवाई नहीं चाहते हैं और शव को लेकर गांव जाना चाहते थे। जिसके बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

## चैत नवरात्रि में मां आद्य शक्ति दक्षिणा काली मंदिर में उमड़ी भीड़

- जौनपुर शहर में यह मंदिर कलकत्ता वाली काली के नाम से जाना जाता है

**केटी न्यूज/जौनपुर**



शहर के दक्षिणी छोर पर सिटी स्टेशन के समीप ओवर ब्रिज के नीचे बगल में स्थित मंदिर में मां आद्याशक्ति दक्षिणा काली की विशाल प्रतिमा अत्यन्त मनोहारी है। पूर्वांचल में ऐसे आकर्षक भव्य कालिका धाम मंदिर की महिमा अत्यन्त निराली है। यहां पर नित्य भक्तों द्वारा मां का दर्शन पूजन एवं श्रद्धा समर्पण से तत्काल मनोकामना पूर्ति में सहायक होता है। नवरात्र में मां काली का दर्शन करने के लिए दूर-दराज क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग यहां पर आ रहे हैं। सुबह से ही मंदिर का कपाट पूजन- अर्चन के बाद भक्तों के लिए खुल जाता है। यहां पर नवरात्र के पहले दिन से ही मां भक्तों की भारी भीड़ पहुंच रही है। श्रद्धालु नारियल, चुनरी व अड़हुल की माला अर्पित कर हाजिरी लगा रहे हैं। इस मंदिर की स्थापना सन- 1984 में हुयी है। जौनपुर शहर में यह मंदिर कलकत्ता वाली काली के नाम से जाना जाता है। मंदिर के संस्थापक व पुजारी भागवती सिंह वागीश ने बताया कि यह स्थलीय मां काली की सनातनी सिद्धपीठ है। जो भक्तों के भाग्य का नवसृजन कर देती हैं। कलयुग में काली जी की कृपा आपार है। जो व्यक्ति सच्चे दिल से मां का नाम का प्रतिपल स्मरण करता है, उसके भाग्य का कपाट खुल जाता है। इस बार चैत नवरात्र में 15 अप्रैल को कालरात्रि का दिन है। इस दिन सप्तमी है। यह दिन मां काली का सर्वशक्ति एवं सौभाग्य प्रदायक है। इस दिन मां का दर्शन, पूजन-अर्चन, स्मरण जीवन को ज्योर्तिमय तथा मंगलमय कर देता है। कलयुग में मां काली जी की दर्शंज - पूजन करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है। इस मौके पर सर्वेश सिंह सोनू, दलसिंगार विश्वकर्मा, रामपाल विश्वकर्मा, प्रधानाचार्य एसपी सिंह जाम, वेद प्रकाश सिंह एडवोकेट, देवेन्द्र सिंह,विक्रम गुप्ता, अमित निगम, संतोष चतुवेर्दी,विपिन सिंह,भानु मौर्या,पीयूष श्रीवास्तव व वंदेश सिंह व्यवस्था में लगे हुए हैं।

## शिक्षण संस्थानों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन, निकाली गई रैलियां

# ट्रांसजेंडर मतदाताओं ने मतदान के लिए किया जागरूक

- लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत जनपद में स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाया गया मतदाता जागरूकता

**केटी न्यूज/मऊ**




आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत जनपद में स्वीप कार्यक्रम के तहत संचालित मतदाता जागरूकता अभियानों के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मऊ में अध्यनरत छात्र छात्राओं ने रैली निकाली। इसके अलावा जीवन राम इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवदह एवं शिक्षा क्षेत्र बड़राव के कंपोजिट विद्यालय सोनाडीह में भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैलियों का आयोजन किया गया। स्वीप कार्यक्रम के तहत ही ट्रांसजेंडर मतदाताओं ने भी लोगों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील करते हुए घर-घर संपर्क कर रैली निकाली। विकासखंड दोहरीघाट एवं परदहा में भी संबंधित ग्राम सचिवों एवं ग्राम प्रधानों के सहयोग से मतदाता जागरूकता रैलियां निकालकर लोगों को मतदान हेतु प्रेरित किया गया। ज्ञातव्य है कि जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण मिश्र के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर के नेतृत्व में प्रतिदिन विभिन्न विभागों द्वारा जनपद में मतदाता जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि वोटिंग के दिन पहले मतदान करना है इसके बाद जलपान करना है। यह सभी का दायित्व है कि वह मतदान में भाग लें। यहीं नहीं आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करना है। क्योंकि इसकी सभी की भागीदार से बेहतर सांसद चुने जाएंगे। एक बेहतर सरकार का गठन होगा। बेहतर सरकार ही देश को प्रगति के पथ पर आगे ले जा सकती है। पूर्व में जहां 30 से 35 फीसदी के बीच ही मतदान होता था। अब वह बढ़कर पचास फीसदी से ऊपर चला गया है। यह प्रयास करना है कि आने वाले समय में इसमें और इजाफा हो। समाज के हर वर्ग के लोग मतदान में बिना डर-भय के हिस्सा लें। और अपने मताधिकार का प्रयोग करें। तभी सरकार की मुहिम सफल हो पायेगी। इसमें किसी को भी पीछे हटने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रशासन वोटरों का हर संभव सहायता पहुंचाने का प्रयास में जुटा है।



## सुभाषितम्

खुशी तब होती है जब आप जो सोचते है जो कहते है और जो करते है, सब में संतुलन होता है। - विलियम शेक्सपियर

# आम आदमी पार्टी के आरोप सच्चाई की कसौटी पर?

आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी और ईड़ी पर लंबे समय से आरोप लगाती आ रही है। भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी को खत्म करने के लिए सीबीआई और केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय का उपयोग कर रही है। शराब घोटाले के आरोप तथा लोटस अभियान के माध्यम से आम आदमी पार्टी के विधायकों और पार्टी के पदाधिकारियों को तोड़ने की कोशिश की जा रही है। पिछले कई माह से यह आरोप आम आदमी पार्टी के नेता लगाते रहे हैं। पिछले दो साल से शराब घोटाले की जांच ईड़ी कर रही है। इसमें दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को जेल जाना पड़ा। ईड़ी को अभी तक मनी ट्रेल का कोई सबूत नहीं मिला है। इसी आधार पर हाल ही में संजय सिंह की जमानत 6 महीने बाद सुप्रीम कोर्ट से मंजूर हुई है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद भी आम आदमी पार्टी छोड़कर कोई भी विधायक बाहर नहीं निकला। संजय सिंह की जमानत के बाद दिल्ली का नजारा ही बदल गया। आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच में सड़कों में संग्राम शुरू हो गया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल में बंद है। उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से इनकार कर दिया। वह जेल से सरकार चलाने की बात कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी भी अब आर पार की इस लड़ाई में अब सुनार की तरह टुकटुक करने की बजाय, लोहार की तरह, एक ही हथौड़ा मारकर आम आदमी पार्टी को निपटाने की कोशिश करते हुए नजर आ रही है। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय ईड़ी ने दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद के यहां कई महीने पहले छापा डाला था। करीब 23 घंटे तलाशी लेकर पूछताछ की थी। उसके बाद से यह मामला ठंडा पड़ा हुआ था। हाल ही में केंद्रीय परिवर्तन निदेशालय ने 12 अप्रैल को पुनः पूछताछ के लिए समन जारी किया है। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय का समन मिलने के बाद और 12 तारीख के पहले, राजकुमार आनंद ने दिल्ली सरकार के मंत्री पर और विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। आनंद ने पत्रकार वार्ता में कहा, कि मैं भ्रष्ट आचरणों के साथ आम आदमी पार्टी के नेताओं में नाम दर्ज नहीं करना चाहता हूं। आम आदमी पार्टी के पास शासन करने की नैतिकता नहीं बची है। यह कहते हुए उन्होंने आम आदमी पार्टी को छोड़ने की बात कही है। वहीं सांसद संजय सिंह का कहना है, समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद के यहां पर केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले साल छापा डाला था। हाल ही में जब ईड़ी ने पुनः समन जारी किया। उसके बाद से वह दबाव में थे। परिवार की दबाव और गिरफ्तारी से बचने के लिये राजकुमार आनंद ने आम आदमी पार्टी को छोड़ा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आम आदमी पार्टी को खत्म करना चाहती है। जिसके लिए ईड़ी का उन्होंने इस्तेमाल किया गया है। दिल्ली के उपराज्यपाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के निजी सचिव को हटा दिया है। उपराज्यपाल आम आदमी पार्टी की सरकार पर रोज निशाना साध रहे हैं। जिस तरीके से भारतीय जनता पार्टी सड़कों पर आकर केजरीवाल के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है। दिल्ली के उपराज्यपाल और केंद्र सरकार जिस तरह से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा कराने या सरकार को बर्खास्त करने के विकल्प तैयार कर रहे हैं। उससे दिल्ली की राजनीति में एक तूफान आ गया है। इसका असर सारे देश भर में हो रहा है। लोकसभा चुनाव का प्रचार शुरू हो चुका है। इस बार एनडीए और इंडिया गठबंधन में सीधा मुकाबला होने जा रहा है। दिल्ली में जो कुछ हो रहा है उसका असर देश की राजनीति में पडना तय है। आम आदमी पार्टी का आरोप है लोटस अभियान पिछले 2 साल से चलाने की कोशिश भाजपा कर रही है। ईड़ी के माध्यम से आम आदमी पार्टी के नेताओं को जबरिया जेल भेजा जा रहा है। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय की पिछले 2 साल से जांच ही चल रही है। नेताओं को जेल में बंद रखा जा रहा है। उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रचार भी नहीं करने दिया जा रहा है। पार्टी तोड़ने की जो सूचनायें पार्टी को मिल रही थी। समय-समय पर पार्टी ने उसे उजागर किया। मीडिया हम से ही सवाल पूछता था।

## चिंतन-मनन

# कर्मयोग के बिना संन्यास नहीं

आज की चिंतनधारा में संन्यास और कर्मयोग को अलग-अलग करके देखा जा रहा है। महर्षि अरविंद ने अपने साधना-प्रम में संन्यास को कोई स्थान नहीं दिया। उन्होंने कर्मयोग का ही विधान किया। इसी प्रकार कई विचारधाराएं तो संन्यास-विरोधी भी हो गई हैं। किंतु मैं संन्यास और कर्मयोग में कोई विरोध नहीं देखता। मेरे अभिमत से कर्मयोग से साधना का प्रारंभ होता है और संन्यास उसकी चरम अवस्था है। देहमुक्त अवस्था को प्राप्त करने के लिए संन्यास की स्वीकृति अनिवार्य है और संन्यास तक पहुंचने के लिए कर्मयोग की साधना से गुजरना अनिवार्य है। कर्मयोग के बिना संन्यास नहीं और संन्यास के बिना मुक्ति नहीं। फिर दोनों में विरोध कैसे हो सकता है। संन्यास से मेरा मतलब किसी वेशभूषा से नहीं है। वह तो मात्र संन्यास की परिचायक है। उससे न केवल औरों को संन्यास का परिचय मिलता है, स्वयं साधक को भी अपनी साधना का भान रहता है। भगवान महावीर ने श्रमण-वेशधारण के कारणों पर प्रकाश डालते हुए कहा है कि संयम यात्रा के वहन के लिए तथा मुनि-स्वरूप के ग्रहण के लिए लोक में साधु-वेश का प्रयोजन है। इससे साधक को अपनी साधना का प्रतिपल ध्यान रहता है। इस प्रकार साधु-वेश का भी अपना महत्व और उपयोग है। किंतु संन्यास से यहां मेरा मतलब साधु-वेश से नहीं, आत्मा की उस स्थिति से है जब वह इंद्रिय-जगत से स्वयं ऊपर उठ जाती है। उस स्थिति में आए बिना कोई भी आत्मा अपना लक्ष्य पा नहीं सकती। कर्मयोग की साधना भी अकर्म की अवस्था में से गुजरती हुई साध्य तक पहुंचती है। यदि साधक का मन और इंद्रियां उसके वश में नहीं हैं, वह अरण्य में जाकर क्या करेगा? यदि उसका मन और इंद्रियां वश में हैं, फिर वह अरण्य में जाकर क्या करेगा? प्रश्न अरण्य और शहर का नहीं, जितेंद्रियता का है। जितेंद्रिय व्यक्ति के लिए अरण्य और बस्ती में कोई अंतर नहीं रहता।

# मुद्दों से दूर भागता आम चुनाव...

- राकेश अचल




मेरी याददाश्त में देश में ये पहला और शायद आखरी आम चुनाव है जो कि जनता के मुद्दों से दूर भागता नजर आ रहा है। देश के मतदाताओं से सीधे जुड़े मुद्दों पर बातचीत करने के बजाय ऐसे मुद्दों पर विमर्श को केंद्रित करने की कोशिश की जा रही है जो न केवल अप्रासंगिक हैं बल्कि उनका आज की तारीख में देश और देश की जनता से कोई लेना-देना नहीं है। लोकतंत्र में जनता को भटकाना यानि लोकतंत्र को भटकाना एक गंभीर अपराध है ,लेकिन लोग हैं कि ये अपराध सीना ठोंक कर कर रहे हैं। इस समय देश में अठारहवीं लोकसभा के लिए चुनाव की प्रक्रिया जारी है। इनमें से कम से कम 14 आम चुनावों का मैं चश्मदीद हूँ और कम से कम एक दर्जन आम चुनावों का कव्हरेज एक पत्रकार के नाते मैंने किया है। लेकिन ये पहला मौका है जब आम चुनावों को मुद्दों से भटकाने की एक सुनियोजित कोशिश की जा रही है। दुर्भाग्य ये है कि ये कोशिश वे राजनीतिक दल कर रहे हैं जो न सिर्फ जिम्मेदार माने जाते हैं बल्कि पिछले एक दशक से भारत के भाग्यविधाता भी बने हुए हैं। विपक्ष जैसे-तैसे आम चुनावों को मौजूदा मुद्दों पर लेकर आता है सत्ता पक्ष झटके में अतीत की एक कब्र खोदकर उसमें से अपने मतलब का एक कंकाल निकाल लाता है ,वो भी आधा-अधूरा और जनता को मुद्दों से भटका देता है। तीसरी बार सत्ता में आने के लिए कटिबद्ध भाजपा के तरकस से लगभग सभी तीर निकल चुके है। राम मंदिर बन गया,जम्मू-कश्मीर को खंड-खंड कर वहां से अनुच्छेद 370 का विलोप हो गया, तीन तलाक पर कानून बन गय। नारी शक्ति की वंदना हो गयी। समान नागरिकता कानून का शिगूफा भी छोड़ा जा चुका है और अब जब कुछ नहीं बचा तो भाजपा के विद्वान रणनीतिकार अतीत की कब्र खोदकर श्रीलंका और भारत के बीच 1974 में हुए एक सीमा समझौते को खोज लाये। जिसे पिछले एक दशक से न भाजपा नेता जानते थे और न देश की जनता। अब भाजपा कच्चादीव विवाद खड़ा कर दक्षिण के तमिल मतदाताओं की भावनाओं को कुरेद कर अपना उल्लू सीधा करना चाहती है। भाजपा के नेतृत्व को भलीभांति पता है कि वो अपनी पार्टी की सरकार की कथित उपलब्धियों के बूते से मौजूदा आम चुनाव नहीं जीत सकती। भाजपा ने इस बार गलती से तीसरी बार सत्ता में आने के लिए न सिर्फ चुनाव जीतने का बल्कि अपने लिए अखंड शक्ति हासिल करने के मकसद से 400 पार का नारा और दे दिया है। हकीकत ये है कि भाजपा की नाव मझदार में है । उसके लिए पिछले आम चुनाव में मिली कामयाबी के कीर्तिमान को ही बनाये रखना कठिन हो रहा है। चार सौ पार की बात तो दूर की कौड़ी है।

आप गौर कीजिये कि जब से कांग्रेस का चुनाव घोषणा पात्र न्याय पत्र के नाम से सामने आया है तभी से भाजपा के होश उड़ते दिखाई दे रहे है। भाजपा के पहले दर्जे के नेताओं ने कनग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र की तुलना मुस्लिम लीग से कर दी है। दुनिया जानती है कि इस देश में अब मुस्लिम लीग का कोई वजूद नहीं है। भाजपा के शीर्ष नेताओं ने ये टिप्पणी खीजकर की है। इससे बहुसंख्यक खुश नहीं हुए और अल्पसंख्यक दुखी जरूर हो गए। भाजपा यही करना चाहती है। अल्पसंख्यकों को दुखी करना ही भाजपा का असल उद्देश्य है ,क्योंकि भाजपा को पता है कि भाजपा लाख कारीगरी कर ले देश का अल्पसंख्यक उसके ऊपर भरोसा नहीं कर सकता। दरअसल अठारहवीं लोकसभा के लिए होने वाले चुनावों में मुद्दा भ्ष्टार्चार होना था । भ्ष्टार्चार को संरक्षण देने वाले दल होना चाहिए था । इलेक्टोरल बांड से जुटाया जाने वाला धन होना चाहिए था। सरकार अपनी उपलब्धियों पर और विपक्ष सरकार की असफलताओं पर चुनाव लड़ता तो वास्तविक चुनाव होता। दुर्भाग्य ये है कि ये सब सत्तापक्ष होने नहीं देना चाहता। सत्तापक्ष मौजूदा विपक्ष को तो छोड़िये पचास साल पहले की सरकारों के फैसलों पर सवाल खड़े कर जनता को भ्रमित करना चाहता है। ऐसा किसी देश में नहीं होता। भारत में भी ऐसा कभी नहीं हुआ । न आपातकाल के बाद बनी पहली गठबंधन की सरकार ने ऐसा किया और न भाजपा के नेतृत्व में अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार ने ये अपराध किया। अटल जी ने अतीत की कब्रें नहीं खोदीं। वे अपनी सरकार की उपलब्धियों पार चुनाव लड़े। साइनिंग इंडिया उनका नारा था। आज की भाजपा सरकार अटल जी की सरकार का हश्र देख चुकी है ,इसलिए अपनी उपलब्धियों के बूते चुनाव न लड़कर अप्रासंगिक ,निराधार ,और निरर्थक मुद्दों को सामने रखकर चुनाव लड़ रही है। पिछले एक दशक में अपने लगभग सभी पड़ौसियों से रिश्ते बिगाड़ चुकी भाजपा सरकार के सामने अब गड़े मुर्दे उखाड़ने के अलावा जनता का समाना करने का कोई दूसरा विकल्प बचा ही नहीं है। भाजपा ने पिछले 10 साल में केवल और केवल चुनाव लड़ा है । देश को मजबूत करने के बजाय पार्टी को मजबूत किया है। भ्ष्टार्चार के खिलाफ लड़ाई का भाजपा का नारा महज एक धोखा साबित हुया है ,क्योंकि भाजपा ने हाल के वर्षों में कांग्रेस के जमाने के सबसे भ्र्ष्टतम नेताओं को अपने साथ मिलाकर उन्हें मंत्रिपद और राज्य सभा भेजा है उसे पूरे देश ने देखा है। देश की कमान कौन सम्हाले और कौन नहीं ,इससे हम जैसे लोगों पर कोई खास फर्क नहीं पड़ने वाला लेकिन आम जनता और देश के भविष्य पर इसका दूरगामी प्रभाव अवश्य पडेगा। मुमकिन है कि देश सचमुच विश्व गुरु बन जाये और मुमकिन है कि सचमुच भारत की और दुर्दशा हो जाय। भारत की जनता को 1975 के आपातकाल से भी बुरे दिन देखना पड़ जाएँ , वो भी बिना आपताकाल की औपचारिक घोषणा किये बिना। भारत की जनता ने 2014 में बुरे दिनों से बाहर निकलने और अच्छे दिन लाने के लिए भाजपा को वोट दिया था ,लेकिन भाजपा ने जो वादा किया था ,उसे निभाया नहीं ,उलटे जनता को फुसलाकर 2019 में भी उसका बहुमूल्य वोट हासिल कर लिया। लेकिन अब जनता दूध से क्या पानी तक से जली बैठी है। अब जनता सब कुछ फूंक-फूंककर देखेगी। देश का भविष्य देश की जनता के हाथों में है । देश की जनता को ही 1977 की तरह सिंहासन खाली करो कि जनता आती है का नारा देकर आगे बढ़ना होगा अन्यथा जनता सिंघासन तक नहीं पहुंचेगी कांग्रेस मिश्रित भाजपा जरूर पहुँच जाएगी।मतदान अवश्य कीजिये और अपना तथा अपने देश का ख्याल रखिये।

# क्या इन्हीं अज्ञानियों के प्रवचन से भारत बनेगा विश्वगुरु?

- निर्मल रानी

हमारा देश स्वभावतः ज्ञानियों का देश है। मान लीजिये अगर आप को किसी भी तरह का रोग है और आपने किसी से अपनी बीमारी साँझा की तो सामने वाला तुरंत कई तरह के उपचार या टोटके आपको बता डालेगा। जब आम लोगों के ज्ञान की यह स्थिति है तो आप समझ सकते हैं कि उन लोगों के ज्ञान का क्या आलम होगा जिनका पेशा ही ज्ञान वर्षा करना है। हमारे देश में जितने ज्ञानी ,गुरु,उपदेशक,प्रवचनकर्ता आपको मिल जाएँगे उतने किसी भी देश में नहीं मिलेंगे। यह प्रचलित कहावत कि औरत का पीर कभी भूखा नहीं मरता, दरअसल हमारे ही देश में चरितार्थ होती दिखाई देती है। आप किसी भी सत्संग प्रवचन में जाएँ आपको सबसे अधिक संख्या महिलाओं की ही मिलेगी। भले ही उपदेशक या प्रवचनकर्ता अपने प्रवचनों में महिलाओं के प्रति अभद्र टिपण्णी करते,उनके प्रति नकारात्मक सोच रखते ही क्यों न दिखाई दें। यहाँ उस विषय पर चर्चा की कोई जरुरत नहीं कि किस तरह देश के तमाम पाखंडी व व्यभिचारी कथित संतों,गुरुओं,उपदेशकों या प्रवचन कर्ताओं की गिद्ध दृष्टि अपनी शिष्याओं या अपने शिष्यों के परिवार की बहू बेटियों पर रहती है। यहां केवल उनके उस दिव्यज्ञान की चर्चा करनी है जो समय समय पर वे हमें सार्वजनिक रूप से सत्संग के नाम पर देते तो रहते हैं परन्तु दरअसल ऐसे ज्ञान पूरी तरह से झूठ, निराधार, अवैज्ञानिक तथा लोगों को गुमराह करने वाले होते हैं। कुछ वर्ष पूर्व गुजरात के स्वामीनारायण भुज मंदिर के स्वामी कृष्णस्वरूप दास जोकि स्वामीनारायण भुज मंदिर के उपदेशक हैं,ने ऐसा ही एक अभद्र व भ्रामक उपदेश दिया था। स्वामी जी ने माहवारी (पीरियड्स ) के दौरान खाना बनाने वाली महिलाओं को लेकर टिप्पणी करते हुये कहा था कि जो महिला माहवारी के दौरान भोजन बनाती है वह औरत अगले जन्म में निश्चित रूप से कुतिया की योनि में पैदा होगी। इसी प्रकार उस महिला के हाथों तैयार भोजन यदि किसी व्यक्ति ने एक बार भी खा लिया तो वह अगले जन्म में बैल की योनि में पैदा होगा। उन्होंने पुरुषों को सम्बोधित करते हुये कहा था कि अगर आप माहवारी का सामना कर रही किसी भी महिला के हाथ का तैय्यार किया हुआ खाना खाते हैं तो उसके दोषी आप भी हैं। स्वामी जी के अनुसार शास्त्रों में स्पष्ट रूप से उपरोक्त बातें लिखी हुई हैं। अतः विवाह पूर्व प्रत्येक पुरुष को यह मालूम होना चाहिए कि उन्हें कैसा खाना खाना है और कैसा नहीं। स्वामीनारायण मंदिर भुज स्थित श्री सहजानंद गर्ल्स स्कूल नामक उस संस्था को भी संचालित करता है जिसमें कई वर्ष पूर्व कथित रूप से साठ से अधिक लड़कियों के अंडरवियर उतरने तथा यह देखने का आरोप लगा था कि कहीं किसी लड़की को माहवारी तो नहीं आ रही है? उस समय इस बात पर काफी विवाद भी हुआ था। कितनी तार्किक हो सकती हैं माहवारी के दौरान खाना न बनाने और कुतिया व बन्दर की योनि में पैदा होने वाली यह बातें? इसी तरह तमाम संतों, गुरुओं, उपदेशकों या प्रवचन कर्ताओं द्वारा प्याज और लहसुन न खाये जाने को लेकर तरह तरह का ज्ञान बांटा जाता है। भारत हजारों मेट्रिक टन प्याज का निर्यात भी करता है और जरुरत पड़ने पर इसका आयात भी किया जाता है। मिसाल के तौर पर वर्तमान समय में ही काफी लंबे समय से भारत सरकार ने प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया हुआ है, इसके बावजूद संयुक्त अरब अमीरात जैसे कुछ देश ऐसे भी हैं, जहां सरकार की विशेष अनुमति से प्याज भेजा जा रहा है। पूरी दुनिया में इस वक़्त प्याज की बढ़ती खपत के कारण प्याज की क़ीमतें बढ़ी हुई हैं। परन्तु भारत से ऐसे देशों को सस्ती क़ीमतों पर प्याज दिया जा रहा है जिससे हमारे देश के प्याज उत्पादक किसान तथा व्यापारी नाराज भी हैं। गोया प्याज हमारे देश का बड़ा कृषि व्यवसाय भी है। दरअसल आयुर्वेद में खाद्य पदार्थों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है झ सात्विक, राजसिक और तामसिक। धारणा है कि सात्विक खाद्य ग्रहण करने से संयम, पवित्रता शांति जैसे गुण प्राप्त होते हैं जबकि राजसिक भोजन जुनून और खुशी जैसे गुण प्रदान करते हैं। इसी प्रकार तामसिक खाद्य क्रोध, जुनून, अहंकार और विनाश व हिंसा जैसे अवगुण को जन्म देता है। प्याज और लहसुन को भी राजसिक और तामसिक रूप में वगीर्कृत किया गया है। इसलिये सदियों से अनेक हिन्दू धर्मावलंबी इसे खाने से परहेज करते हैं। परन्तु इसके जो कारण हमारे आज के स्वयंभू उपदेशकों द्वारा बताये जाते हैं वे जरूर हास्यास्पद तथा समाज को अज्ञानता की ओर धकेलने वाले हैं। आजकल धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री नामक एक विवादित संत जोकि बागेश्वर धाम सरकार या महाराज के नाम से भी जाने जाते हैं उन्होंने कथा वाचन के दौरान यह ज्ञान दिया कि प्याज और लहसुन इसलिए नहीं खाना चाहिए क्योंकि इसका जन्म गंदिगी से हुआ। राक्षस के मल से प्याज व लहसुन पैदा हुआ इसलिए उससे दुर्गन्ध बहुत आती है। देवता अगर आना भी चाहें तो दुर्गन्ध के कारण आ नहीं आते हैं। लहसुन प्याज का सेवन करने वालों पर हनुमान जी की कृपा नहीं हो पाती इसलिए प्याज व लहसुन खाना वर्जित है। इस तरह का दिव्यज्ञान देकर वह अपने अनुयायियों को कितना भ्रमित करते हैं यह समझना जरूरी है। इसी तरह देश की एक मशहूर साध्वी जया किशोरी ने अपने प्रवचन में मोर पंख की पवित्रता व भगवान के मोर पंख धारण करने के सन्दर्भ में मोर की पवित्रता का बखान करते हुये ज्ञान दे डाला कि मोर संभोग नहीं करता बल्कि मोर के आंसू पीकर मोरनी गर्भ धारण करती है इसलिये मोर को पवित्र माना गया है। इसीलिये कई देवी देवता मोर पंख धारण करते हैं। यही मूर्खता पूर्ण बयान कुछ वर्ष पूर्व राजस्थान हाई कोर्ट के जस्टिस महेशचंद्र शर्मा ने भी दिया था। उन्होंने भी कहा था कि मोर आजीवन ब्रह्मचारी होता है। उसके आंसू ग्रहण कर मोरनी गर्भवती होती है। उस समय भी अनेक पक्षी वैज्ञानियों ने इसे गलत व पूरी तरह से भ्रामक बयान बताया था । साध्वी जया किशोरी को तो उनके मोर सम्बन्धी भ्रामक बयान के लिये एक पत्रकार ने घेर लिया तो वे बगलें झाँकने लगीं। दुनिया जानती है कि अन्य पशु पक्षियों की ही तरह मोर भी सम्भोग करता है। परन्तु इन कथाकथित महाज्ञानियों और इनके पीछे लगी इनके अनुयायियों की भीड़ देखकर जेहन में यह सवाल जरूर खड़ा होता है कि क्या इन्हीं अज्ञानियों के प्रवचन से भारत विश्वगुरु बनेगा?

# अहंकार से बचे

- संजय गोस्वामी

जब आप पूरी गंभीरता से आत्मन्वेषण प्रारंभ करते हैं तो होता यह है कि अहं विचार लुप्त हो जाता है और भीतर की गहराइयों में से कोई दूसरा तत्व आप पर अधिकार कर लेता है जो आपका मैं नहीं होता जिसने अन्वेषण शुरू किया था।प्राथमिक शर्त यही है कि मनुष्य मिटे, शून्य हो जाए , नकार हो जाए। मनुष्य हटे, द्वारा दे तो परमात्मा का आगमन हो।मनुष्य की चाह असंभव की हैः मनुष्य चाहता है परमात्मा को पा लूं और मैं भी रहूं। अहंकार को परमात्मा की प्राप्ति नहीं होती। हम परमात्मा को पाना चाहते हैं परंतु अहंकार छोड़ने के लिए तैयार नहीं। यह मैं बडा लालायित रहता है हर सुख पाने के लिए। परमात्मा भी उसके लिए एक सुख की तरह है,वह उसे परम सुख कहदे पर है सुख ही। जब तक अहंकार है परम सुख कहां और जब परम सुख होता है तब अहंकार नहीं होता। जब भोक्ता ही नहीं तो परम सुख का क्या अर्थ है? मगर यही है। सत्य सतचित आनंदस्वरुप है। अहंकार खोजने पर पाया नहीं जाता। इसका अर्थ है अहंकार जैसी कोई चीज नहीं है,सिर्फ भ्रम है,मूर्छा है, अज्ञान है। जब हम पूछते हैं -मैं कौन हूं तब यहां मैं अहंकार का सूचक है। अहंकार पूछता है-मैं कौन हूं, कहां हूं, क्या हूं? पता लगाने पर यही पता लगता है कि अहंकार नहीं है, अस्तित्व है, आत्मा है(सेल्फ)। मैं अहंकार हूं मतलब मैं हूं ही नहीं। श्रीरमण महर्षि बार-बार कौन है पूछने के लिए कहते हैं। विचार दिन भर चलते ही हैं बस हर विचार के साथ कौन जोड दिया जाय। जैसे सुख का अनुभव हो रहा है तो पूछे कौन सुख का अनुभव कर रहा है? दुख का अनुभव हो रहा है तो कौन दुख का अनुभव कर रहा है? इस तरह कौन सम्मान या अपमान का अनुभव कर रहा है? मैं। तो यह मैं अहंकार है जो वस्तुतःहै नहीं, जो केवल मान्यता है, अज्ञान है, भ्रम है। कौन सुखी है? मैं जो हूं ही नहीं। कौन दुखी है? मैं जो हूं ही नहीं। जो है ही नहीं वह सुखी दुखी कैसे हो सकता है? कोई प्रश्न नहीं। जो है नहीं वह सुखी दुखी कैसे हो सकता है? सुखी दुखी तो तब हो जब वह हो। अहंकार नहीं है तो फिर कौन है? वही है जो है। उसे समझने के लिए आत्मा, परमात्मा कह दिया जाता है। कहने से वह शब्द जैसा लगता है। है वस्तुतः निशब्द, अस्तित्व रुप, सतचित आनंद अनुभव रुप। मैं एक शब्द है,अनुभव निशब्द है। हम अनुभव पर ध्यान देने के बजाय मन में मैं मैं करके सोचते रहते हैं और सुखी दुखी होते रहते हैं। मन, मैं विचार,अहंकार एक ही बात है। वास्तव में यह अस्तित्व हीन है। जो है वह अस्तित्व हीन नहीं है। वह तो है। है जब इतनी बात हो रही है वर्ना इतनी बात न हो। वह पूर्ण है, आनंद है। समस्या अहंकार के कारण है जो वस्तुतःहै ही नहीं। केवल एक विचार है या ख्याल मात्र है। कोई कोई उसे मानसिक छबि(एक इमेज)भी कहते हैं। यह देखने जैसी बात है जो है ही नहीं वस्तुतः वह कैसे बड़े भारी कष्ट का कारण बना हुआ है? मुझे चोट लगी। वह कौन है जिसे चोट लगी? मुझे चोट लगी जो हूं ही नहीं। जो है ही नहीं उसे चोट कैसे लग सकती है? केवल मान लिया मैं हूं -और इसलिए चोट लग रही है। मैं कौन हूं यह जानने के लिए है कि मैं तो हूं ही नहीं, वही है सदा जो है। यह आत्मानुसंधान द्वारा जाना जाता है। अहंकार रुपी मेरा कोई अस्तित्व नहीं फिर कैसा दुख, कैसी पीडा, कैसी चिंता, कैसा भय? गीता ने अहंकारविमूढात्मा शब्द का प्रयोग किया है। आत्मा अहंकार भ्रम से भ्रमित होकर सोचता है मैं सुखी हूं, मैं दुखी हूं आदि, यदि हम अहंकार की मान्यता बनाकर जीएंगे तो यह सब होगा ही। और यह बडा कष्टप्रद है। इस कष्ट से अभी इस क्षण मुक्ति मिल सकती है अगर मैं जान लूं कि अहंकार रूपी मैं हूं नहीं। मैं ही नहीं फिर कैसा सुख दुख?

# आज का राशिफल

**मेष** कारोबार में सफलता मिलेगी। सर्वार्थ सिद्धि योग के प्रभाव से आपको रुके हुए पैसे की प्राप्ति होगी।

**तुला** आपका दिन सम्मान से भरा होगा। आज आपके पद, अधिकार की महत्वाकांक्षा पूर्ण होगी।

**वृषभ** काम सोचकर करने की जरूरत है। व्यापारी हैं तो आज अनावश्यक अधिक परिश्रम करना पड़ेगा।

**वृश्चिक** आज लाभ का दिन है और आज आपका मन कुछ कर दिखाने का करेगा।

**मिथुन** आज आपको छुटपुट लाभ की संभावना है। नौकरी व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे।

**धनु** आज आर्थिक लाभ से जुड़ा होगा और आज आपको धन प्राप्ति के मामले में लाभ होगा।

**कर्क** आज आर्थिक लाभ होगा और आज आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपके धन में वृद्धि होगी।

**मकर** आज का दिन आपके लिए धन सम्मान से भरा होगा। दाम्पत्य जीवन में सरसता बनी रहेगी।

**सिंह** आज भाग्य साथ देगा और आज आपको धन की बचत करने में सफलता मिलेगी।

**कुंभ** गोचर के शुभ प्रभाव से सफलता मिलेगी। आपको वाहन और भूमि खरीदने के मामले में लाभ होगा।

**कन्या** आज लाभ का दिन है। आज आपको अच्छे काम करने का फल अच्छा मिलेगा।

**मीन** संतान से जुड़ी समस्याएं दूर करने में बीतेगा। किसी प्रतियोगिता में आपकी जीत हो सकती है।

## विशेष


### 10 साल ट्रेलर दिखाया, तीसरी बार के 100 दिन में पूरी फिल्म दिखाएंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान की सभा में सभी को चौंका दिया है। उन्होंने कहा 10 साल में महज एक ट्रेलर दिखाया है। अभी तो पूरी फिल्म बाकी है। उन्होंने इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा, यह नया भारत है। घर में घुसकर मारता है। उन्होंने 10 साल के कार्यकाल की तुलना करते हुए कहा, रेस्टोरेंट में जैसे भोजन के पहले ऐपेटाइजर सर्व किया जाता है। मोदी के 10 साल अभी ट्रेलर है। सही फिल्म तो तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के 100 दिन के अंदर बनेगी।

### लोटस अभियान के निशाने पर आम आदमी पार्टी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल में है। लंबे समय से दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन तिहाड़ जेल में बंद है। हाल ही में सांसद संजय सिंह की जमानत सुप्रीम कोर्ट से हुई है। अरविंद केजरीवाल इस्तीफा नहीं देने पर अड़े हुए हैं। दिल्ली की सड़कों पर संग्राम छिड़ा हुआ है। इसको देखते हुए अब भाजपा ने लोटस अभियान को तेज कर दिया है। 12 अप्रैल को ईड़ी ने दिल्ली सरकार के मंत्री राजकुमार आनंद को हाजिर होने का समन जारी किया था। पिछले साल उनके यहां 23 घंटे तक छापे की कार्रवाई चली थी। उसके पहले ही राजकुमार आनंद ने आम आदमी पार्टी से पल्ला झाड़कर, गिरफ्तारी से बचने का इंतजाम कर लिया है।

## कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1545: फ्रांस नरेश फ्रांसिस प्रथम ने वादोइस प्रोटेस्टेन्टों के संहार का आदेश जारी किया. 1654: आयरलैंड और स्काटरलैंड इंग्लैंड से मिल गये. 1850: फ्रांसीसी फौजों ने रोम पर कब्जा किया. 1864: अमेरिका में गृहयुद्ध शुरू हुआ. 1945: अमेरिका राष्ट्रपति फ्रेकलिन डी.रूजवेल्ट का निधन हुआ और हैरी एस. ट्रूमस राष्ट्रपति बने. 1957: पश्चिम जर्मनी के वैज्ञानिकों नें परमाणु बम बनाने या उसके परीक्षण में सहयोग देने से इंकार कर दिया. 1964: सोवियत संघ ने यूरी गागरिन को अंतरिक्ष में भेजा . 1966: उत्तर वियतनाम पर मेरिकी विमानों ने पहली बार बमबारी की. 1978: भारतीय रेलवे के 425 वर्ष पूरे होने पर मुम्बई के विक्टोरिया टर्मिनल से पुणे तक सिंहगढ़ एक्सप्रेस चलाई गयी.

## दैनिक पंचांग

**12 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 05.51 बजे से |
| चंद्र | वृष में | वृष | 07.31 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | मिथुन | 09.29 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 11.42 बजे से |
| गुरु | मेष में | सिंह | 13.58 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 16.10 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 18.21 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.36 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 22.52 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 00.57 बजे से |
| 10.30 से | | कुंभ | 02.43 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | मीन | 04.16 बजे से |

**शुक्रवार** 2024 वर्ष का 103 वां दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्थी 13.12 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** रोहिणी 00.51 बजे रात्र को समाप्त। **योग** सौभाग्य 02.13 बजे रात्र को समाप्त। **करण** विष्टि 13.12 बजे तदनन्तर बव 00.33 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 03.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 08° 47'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871947
**जूलियन दिन** 2460412.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 02
**विशेष** विनायक चतुर्थी, रोहिणी व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 | बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 | बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 | बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 | बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 | बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 | बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 | बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 | बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 | बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 | बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 | बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 | बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# रायबरेली लोकसभा सीट का इतिहास

## कब किसने किसको हराया ?





**रायबरेली सीट पूरे देश में सबसे हॉट सीट मानी जाती है क्योंकि देश के सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस का अभेद्य दुर्ग रायबरेली सीट ही है, यहां से फिरोज गांधी, इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी संसद पहुंचे हैं। इसलिए इस सीट पर सबकी निगाहें रहती है। आज़ादी के बाद से अब तक इस सीट पर 17 लोकसभा चुनाव और 3 बार उपचुनाव हो चुके हैं। कुल मिलाकर अब तक 20 चुनाव हुए ,जिसमें 17 बार कांग्रेस ने जीत हासिल की है। जबकि एक बार जनता पार्टी और 2 बार बीजेपी ने चुनाव जीता है। ये जीत विपक्षी पार्टियों को अधिकतर तब मिली। जब गांधी परिवार का कोई सदस्य यहां से चुनाव नहीं लड़ा।**

रायबरेली सीट पूरे देश में सबसे हॉट सीट मानी जाती है क्योंकि देश के सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस का अभेद्य दुर्ग रायबरेली सीट ही है, यहां से फिरोज गांधी, इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी संसद पहुंचे हैं। इसलिए इस सीट पर सबकी निगाहें रहती है।

रायबरेली सीट पूरे देश में सबसे हॉट सीट मानी जाती है क्योंकि देश के सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस का अभेद्य दुर्ग रायबरेली सीट ही है, यहां से फिरोज गांधी, इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी संसद पहुंचे हैं। इसलिए इस सीट पर सबकी निगाहें रहती है। आज़ादी के बाद से अब तक इस सीट पर 17 लोकसभा चुनाव और 3 बार उपचुनाव हो चुके हैं। कुल मिलाकर अब तक 20 चुनाव हुए ,जिसमें 17 बार कांग्रेस ने जीत हासिल की है। जबकि एक बार जनता पार्टी और 2 बार बीजेपी ने चुनाव जीता है। ये जीत विपक्षी पार्टियों को अधिकतर तब मिली। जब गांधी परिवार का कोई सदस्य यहां से चुनाव नहीं लड़ा।

अगर बात करें इस सीट के राजनीतिक इतिहास की तो पहली बार 1952 के चुनाव में इंदिरा गांधी के पति फिरोज गांधी यहां से जीत कर संसद पहुंचे थे, लेकिन 1962के चुनाव में ये सीट आरक्षित कर दी गई। जिससे यहां आरक्षित कोटे से 1962 में बैजनाथ कुरील जीते। लेकिन 1967 के चुनाव में ये सीट फिर से सामान्य वर्ग के लिए कर दी गई। तब जवाहरलाल नेहरू की पुत्री और फिरोज गांधी कि पत्नी इंदिरा गांधी यहां से चुनाव लड़ी और जीत कर संसद पहुंची। इंदिरा इस सीट से 1971 में भी चुनाव जीती। लेकिन




**2022 के विधानसभा चुनाव में बछरावां, हरचंदपुर और सरेनी सीट पर समाजवादी पार्टी ने जीत दर्ज की। जबकि रायबरेली और ऊंचाहार सीट बीजेपी के पास है।**

इमरजेंसी के बाद 1977 में हुए चुनाव में जनता पार्टी के राजनारायण ने इंदिरा को चुनाव हरा दिया।

इसके बाद साल1980 में हुए आम चुनाव में इंदिरा एक बार फिर रायबरेली से मैदान में उतरी और भारी मतों से जीत कर संसद पहुंची। फिर साल1984 में जवाहर लाल नेहरू के भतीजे अरुण कुमार नेहरू यहां से सांसद चुने गए। 1989 और 1991 में कांग्रेस से शीला कौल ने यहां जीत दर्ज की। 1996 और 1998 में बीजेपी से अशोक सिंह यहां पहली बार कमल खिलाने में कामयाब रहे। इसके बाद से किसी दूसरे दल का खाता इस सीट पर नहीं खुल सका है और कांग्रेस ही लगातार इस सीट से जीतती आ रही है। 1999 में कैप्टन सतीश शर्मा कांग्रेस के टिकट पर यहां से चुनाव जीते। लेकिन अगले ही चुनाव 2004 में यहां से राजनीति में कदम रखने वाली सोनिया गांधी चुनाव लड़ी और जीती। इसके बाद से यहां सोनिया गांधी ही जीतती रही है।

**एक नजर 2019 में हुए लोकसभा चुनाव के मतदाताओं की संख्या पर-** 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में रायबरेली सीट पर कुल 16 लाख 50 हज़ार 806 वोटर अपने मत का प्रयोग किया था। जिनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 8 लाख 70 हज़ार 969 थी। जबकि महिला वोटरों की संख्या 7 लाख 89 हजार 793 थी.. वहीं ट्रांस जेंडर वोटरों की संख्या 44 रही।

### रायबरेली लोकसभा में 5 विधानसभा

रायबरेली लोकसभा के अंतर्गत 5 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें बछरावां, हरचंदपुर, रायबरेली, सरेनी और ऊंचाहार शामिल है।

- **एक नजर 2019 लोकसभा चुनाव के नतीजों पर-** रायबरेली लोकसभा सीट पर साल 2019 में हुए चुनाव पर नज़र डालें, तो इस सीट पर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने जीत दर्ज की थी।सोनिया गांधी ने भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह को लगभग 2 लाख वोटों के अधिक अंतर से हराया था। सोनिया गांधी को कुल 5 लाख 34 हजार 918 वोट मिले थे। जबकि भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह को 3 लाख 67 हजार 740 वोट मिले।
- **एक नजर 2014 लोकसभा चुनाव के नतीजों पर-** अब अगर एक नजर 2014 के लोकसभा चुनाव पर डालें तो ये सीट मोदी लहर में भी कांग्रेस अपने पाले में खींचने में कामयाब रही थी। रायबरेली से सोनिया गांधी ने बीजेपी के अजय अग्रवाल को हराया था। सोनिया गांधी को कुल 5 लाख 26 हज़ार 434 वोट मिले थे। जबकि अजय अग्रवाल को कुल 1 लाख 73 हज़ार 721 वोट मिले थे। वहीं तीसरे नंबर पर बसपा के प्रवेश सिंह थे, जिन्हें कुल 63 हज़ार 633 वोट मिले थे।
- **एक नजर 2009 लोकसभा चुनाव के नतीजों पर-** रायबरेली लोकसभा सीट पर साल 2009 में हुए चुनाव पर नज़र डालें तो इस सीट पर सोनिया गांधी चुनाव जीती थी। सोनिया गांधी को कुल 4 लाख 81 हज़ार 490 वोट मिले थे। जबकि दूसरे नंबर पर बसपा के आरएस कुशवाहा मैदान में थे। कुशवाहा को कुल 1 लाख 9 हज़ार 325 वोट मिले थे..वहीं तीसरे नंबर पर बीजेपी के आर बी सिंह रहे। आरबी सिंह को कुल 25 हज़ार 444 वोट मिले थे।
- **2006 के उपचुनाव के नतीजे-** रायबरेली लोकसभा सीट पर साल 2006 में उपचुनाव भी हुए थे। जिसमें कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने जीत दर्ज की थी। सोनिया गांधी को कुल 4 लाख 74 हजार 891 वोट मिले थे। जबकि दूसरे नंबर पर सपा के राजकुमार रहे। जिन्हें 57 हजार 3 वोट मिले थे...वहीं तीसरे नंबर पर बीजेपी के विनय कटियार को 19 हज़ार 657 वोट मिले थे।
- **एक नजर 2004 लोकसभा चुनाव के नतीजों पर-** साल 2004 में हुए लोकसभा चुनाव में सोनिया गांधी रायबरेली सीट से पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ी थी। इस चुनाव में सोनिया गांधी के खिलाफ बीजेपी के अशोक कुमार सिंह मैदान में थे। लेकिन सोनिया चुनाव जीत गई। सोनिया को कुल 3 लाख 78 हज़ार 107 वोट मिले थे। जबकि दूसरे नंबर पर बीजेपी के अशोक कुमार सिंह रहे। अशोक को कुल 1 लाख 28 हज़ार 342 वोट मिले थे। वहीं तीसरे नंबर पर बसपा के राजेश यादव रहे। राजेश को कुल 57, 543 वोट मिले थे।

### यह सीट हमेशा से कांग्रेस का गढ़ रहा

रायबरेली संसदीय सीट के राजनीतिक इतिहास को देखें तो यह सीट हमेशा से कांग्रेस का गढ़ रहा है। बीजेपी को महज 2 बार ही रायबरेली सीट पर जीत मिली है। यहां पर 3 उपचुनावों समेत कुल 20 चुनाव में कांग्रेस को 17 बार जीत मिली है। सपा और बसपा का यहां अब तक खाता तक नहीं खुल सका है। रायबरेली संसदीय सीट पर किसी तरह का जातीय समीकरण काम नहीं करता है। यहां पर हमेशा से ही कांग्रेस का दबदबा रहा है। 2019 के चुनाव में यहां पर अनुसूचित जाति के वोटर्स की संख्या 32 फीसदी से ज्यादा थे। यहां पर ब्राह्मण वोटर्स की संख्या 11 फीसदी थी तो ठाकुर बिरादरी के वोटर्स 9 फीसदी थे। तो वहीं लोध और कुर्मी वोटर निर्णायक भूमिका में रहते हैं। बात अगर 2024 के लोकसभा चुनाव की करें तो अब तक भाजपा और कांग्रेस ने यहां उम्मीदवार नहीं उतारे हैं। ऐसे में देखने वाली बात होगी कि बीजेपी कांग्रेस के गढ़ में किस पर दांव खेलती हैं।

# यूपी ने देश को दिए सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री

## पीवी नरसिम्हा राव साउथ से पहले तो मोदी लगातार दो टर्म पूरे करने वाले चौथे प्रधानमंत्री

भारत का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा, यह लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम तय करेंगे। देश के वर्तमान पीएम नरेंद्र मोदी को इस पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। वह लोकसभा चुनाव 2024 के लिए एनडीए गठबंधन के पीएम फेस हैं। भारत देश का प्रधानमंत्री पद अब तक कुल 15 लोग संभाल चुके हैं, इनमें गुलजारी लाल नंदा भी शामिल हैं। उन्होंने दो बार बतौर एक्टिंग पीएम देश की कमान संभली। आइए आपको बताते हैं भारत के पीएम पद से जुड़े कुछ खास तथ्य।

उत्तर प्रदेश ने देश को सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री- देश के पहले पीएम जवाहर लाल नेहरू, दूसरे पीएम लाल बहादुर शास्त्री, तीसरी पीएम इंदिरा गांधी यूपी से चुनकर ही लोकसभा पहुंचे थे। देश के वर्तमान पीएम नरेंद्र मोदी वैसे तो गुजरात से संबंध रखते हैं लेकिन वह भी दोनों बार यूपी की वाराणसी लोकसभा सीट से ही चुनकर संसद पहुंचे हैं। यूपी ने भारत को अब तक कुल 9 प्रधानमंत्री दिए हैं, जिनमें राजीव गांधी, चंद्रशेखर, वीपी सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी और चौधरी चरण सिंह शामिल हैं।



नेहरू गांधी परिवार से तीन प्रधानमंत्री- नेहरू गांधी परिवार ने अब तक देश को तीन प्रधानमंत्री दिए हैं। देश के पहले पीएम पंडित जवाहर लाल नेहरू लगातार तीन चुनाव जीतकर देश के पीएम बने। पंडित जवाहर लाल नेहरू की बेटी इंदिरा गांधी देश की तीसरी पीएम थीं। इंदिरा गांधी ने करीब 16 साल देश की कमान संभाली। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजीव गांधी भारत के प्रधानमंत्री बने। वह पांच साल तक पीएम रहे।

बतौर पीएम कार्यकाल पूरा करने वाले पहले गैर कांग्रेसी से अटल बिहारी वाजपेयी- बीजेपी नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने कुल तीन बार देश की बागडोर संभाली। उनका पहला कार्यकाल महज 13 दिन का था, जो अब तक के प्रधानमंत्रियों में सबसे छोटा है। हालांकि अटल बिहारी वाजपेयी 1999 चुनाव के बाद जब तीसरी बार पीएम बने तो उन्होंने पांच साल का अपना कार्यकाल पूरा किया। वह बतौर पीएम कार्यकाल पूरा करने वाले पहले गैर कांग्रेसी पीएम थे। पीवी नरसिम्हा राव साउथ से पहले, मनमोहन सिंह एकमात्र सिख- पीएम पद तक पहुंचने वाले नेताओं में कांग्रेस पार्टी के पीवी नरसिम्हा राव भी शामिल हैं। पीवी नरसिम्हा राव जून 1991 में भारत के प्रधानमंत्री बने। उन्होंने पूरे पांच साल सरकार चलाई। वह दक्षिण भारत से संबंध रखने वाले देश के पहले पीएम थे। इसी तरह सरदार मनमोहन सिंह ने साल 2004 भारत के प्रधानमंत्री बने। उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने 2009 का लोकसभा चुनाव जीता। सिख समुदाय से संबंध रखने वाले वह पहले पीएम थे।

### क्या नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार बनेंगे प्रधानमंत्री?



लगातार दस साल सरकार चलाने वाले पहले गैर कांग्रेसी पीएम नरेंद्र मोदी– नरेंद्र मोदी ने साल 2014 में पीएम पद की शपथ ली। इसके बाद वह साल 2019 में दोबारा भारत के प्रधानमंत्री बने। इससे पहले जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और मनमोहन सिंह ही ऐसे पीएम जो लगातार दस साल भारत के प्रधानमंत्री रहे। नरेंद्र मोदी यह उपलब्धि हासिल करने वाले देश के पहले गैर कांग्रेसी पीएम हैं।

# झांसी लोकसभा

# इस बार किसका होगा झांसी के किले पर राज ?




**उत्तर प्रदेश की 80 सीटों में एक झांसी लोकसभा सीट है यह सीट बुंदेलखंड बेल्ट में आती है। इस सीट पर बीजेपी से उमा भारती भी जीत चुकी हैं। यहां से सांसद रहने के बाद ही उमा भारती ने राजनीति से सन्यास ले लिया था।**

उत्तर प्रदेश की 80 सीटों में एक झांसी लोकसभा सीट है यह सीट बुंदेलखंड बेल्ट में आती है। इस सीट पर बीजेपी से उमा भारती भी जीत चुकी हैं। यहां से सांसद रहने के बाद ही उमा भारती ने राजनीति से सन्यास ले लिया था। अगर बात इस सीट के इतिहास की करें, तो यहां पहली बार साल 1952 में चुनाव हुए थे। पहला चुनाव में कांग्रेस के रघुनाथ विनायक धुलेकर ने जीत दर्ज ी थी। इसके बाद साल 1957, 1962, 1967 और 1971 तक लगातार कांग्रेस का इस सीट पर कब्जा रहा था। लेकिन कांग्रेस से इस सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने वाली सुशीला नायर साल 1977 के चुनाव में पाला बदलकर जनता पार्टी से चुनाव लड़ी थी। इस चुनाव में सुशीला नायर ने कांग्रेस को यहां पराजित किया था। लेकिन साल 1980 में विश्वनाथ शर्मा और 1984 के चुनाव में सुजान सिंह बुंदेला की जीत से यहां कांग्रेस ने फिर से वापसी की थी।



साल 1989 के चुनाव में इस सीट पर बीजेपी ने पहली बार जीत दर्ज की थी और उसके बाद बीजेपी का इस सीट पर लगातार चार चुनात तक कब्जा रहा। यहां बीजेपी से लगातार साल 1989 के बाद 1991, 1996 और 1998 का चुनाव राजेंद्र अग्निहोत्री जीते। लंबे अंतराल के बाद फिर कांग्रेस ने साल 1999 में इस सीट पर वापसी की और सुजान सिंह बुंदेला सांसद बने। लेकिन साल 2004 में चंद्रपाल सिंह यादव ने सपा को जीत दिलाकर यहां पर पहली बार पार्टी का खाता खोला था। मगर फिर साल 2009 में कांग्रेस ने इस सीट पर जीत हासिल की और प्रदीप जैन आदित्य सांसद चुने गए थे। हालांकि पिछले दो चुनाव से यहां पर बीजेपी का कब्जा है। साल 2014 की मोदी लहर में इस सीट पर उमा भारती जीती थीं। उसके बाद साल 2019 के पिछले चुनाव में अनुराग शर्मा बीजेपी से सांसद चुने गए थे।

### लोकसभा सीट के तहत पांच विधानसभा

आपको बता दें कि झांसी लोकसभा सीट के तहत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें झांसी जिले की बबीना, झांसी नगर और मऊरानीपुर सुरक्षित है, जबकि ललितपुर जिले की महरौनी सुरक्षित और ललितपुर शामिल है।



# इस चीज से व्रत खोलने की गलती ना करें

**चैत्र नवरात्रि के साथ हिन्दू नववर्ष शुरू हो चुका है। अब से नौ दिन मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाएगी। लेकिन इस दौरान 3 गलतियां करने से बचें। जिनमें व्रत खोलने से लेकर खानपान के नियम शामिल हैं। सेहत के लिहाज से ये गलतियां पाप की तरह हैं। जो स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकती हैं और व्रत के दौरान बाधा आ सकती है। नवरात्रि व्रत की इन गलतियों के बारे में**

व्रत करने से शरीर अंदर से साफ होता है और गैर जरूरी कैलोरी से दूर रहकर पाचन को मजबूती मिलती है। लेकिन, कुछ लोग नवरात्रि व्रत खोलने के लिए फ्राइड आलू, साबुदाना वड़ा जैसे फ्राइड फूड खा लेते हैं, जो कि कैलोरी बढ़ाने के साथ एसिडिटी और अपच कर सकता है।

### ऐसे खोलें नवरात्रि का व्रत

नवरात्रि व्रत खोलने का हेल्दी तरीका ऐसी मील लेना है, जिसमें ताजे फल, नट्स और लौकी, कद्दू जैसी सब्जियां होनी चाहिए। यह आपकी बॉडी के लिए ज्यादा फायदेमंद होता है।

### बहुत ज्यादा खाने की गलती

नवरात्रि व्रत का मतलब खाने से थोड़ी दूर बनाना है और कंप्लीट खाना दिन में सिर्फ एक बार लेना है। लेकिन लोग इसका उल्टा ही करने लगते हैं और सामान्य दिन से ज्यादा खा जाते हैं।

### व्रत में कब और कितना खाएं

व्रत के दौरान एक वक्त ही खाएं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि प्लेट को भर लें। बल्कि थोड़ी मात्रा में खाना लें और पौष्टिक फल और सब्जियां शामिल करें, ताकि पूरे दिन के लिए ताकत और ऊर्जा मिले।

### व्रत मतलब मिठाई समझना

यह गलती काफी ज्यादा की जाती है। लोग नवरात्रि व्रत में लस्सी, खीर, हलवा के रूप में अतिरिक्त कैलोरी और मीठा खाते हैं। जो कि शरीर में जाकर नुकसान पहुंचाती है और इंफ्लामेशन पैदा करती है। इसकी जगह आप ताजे फलों की स्मूदी व जूस पी सकते हैं।





# दिमाग को चाटकर खोखला कर देंगी आपकी ये आदतें

**बेहतर जीवन के लिए दिमाग के स्वास्थ्य का ध्यान रखना जरूरी है, खराब दिमाग आपको कमजोर और बीमार कर सकता है, नीचे बताई गलतियों को सुधारकर आप स्मार्ट और इंटेलीजेंट बन सकते हैं।**

दिमाग से जुड़ी समस्याएं आम होती जा रही हैं। याददाश्त और दिमाग का कमजोर होना, चिंता, तनाव, अवसाद, बाइपोलर डिसऑर्डर सहित कई गंभीर दिमाग से जुड़ी समस्याओं से लोग परेशान रहते हैं। चिंता की बात यह है कि लोग जिस तरह अपनी त्वचा या हृदय को स्वस्थ रखने के लिए कुछ चीजें करते हैं, उसी तरह दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए कुछ नहीं करते हैं। दिमाग से जुड़ी कोई भी समस्या आपके शरीर को प्रभावित कर सकती है। इससे आपको अवसाद सिरदर्द, थकान, खराब पाचन, अनिद्रा, बेचैनी और ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई जैसी समस्याएं हो सकती हैं। वास्तव में आपकी कुछ आदतें ही मेंटल हेल्थ को खराब करती हैं। चलिए जानते हैं क्या हैं वो आदतें और इनसे बचने के लिए आपको क्या करना चाहिए।

### एक्सरसाइज नहीं करना

फिजिकल एक्टिविटी नहीं करने से दिमागी क्षमता कमजोर हो सकती है और आपकी उम्र ज्यादा दिखाई दे सकती है। व्यायाम करने से इस गिरावट को कुछ हद तक रोका जा सकता है। शोधकर्ता मानते हैं कि अगर आप अपने 60 के दशक में भी फिजिकल एक्टिविटी शुरू करते हैं, तो आपको इसका लाभ मिल सकता है।

### मीठा और फैट वाली चीजें खाना

जो चीजें आपके दिल को नुकसान पहुंचाती हैं, वही चीजें आपके दिमाग को भी नुकसान पहुंचा सकती हैं। उदाहरण के तौर पर ज्यादा मीठा और फैट वाला खाना दिमाग के लिए अच्छा नहीं होता। इससे दिमाग का आकार छोटा हो सकता है और याददाश्त कमजोर हो सकती है। मीठे के बजाय खाने सब्जियां, साबुत अनाज, मछली और जैतून के तेल आदि शामिल करें।

### आप पूरे दिन बैठे रहते हैं

अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन के 2019 के एक अध्ययन के अनुसार, ज्यादा देर तक बैठे रहना याददाश्त को कमजोर कर सकता है। वैज्ञानिक मानते हैं कि हर घंटे में पांच मिनट उठकर थोड़ा टहल लेने से आपको फायदा हो सकता है।

### आप बहुत सारा समय अकेले बिताते हैं

अकेलापन सोचने-समझने की क्षमता को कम करता है जबकि व्यस्त रहने से आपको जीवन में उद्देश्य और अर्थ खोजने में भी मदद मिलती है। दूसरों के साथ बातचीत करें, विचारों का आदान-प्रदान करें।

### ब्लड प्रेशर की जांच नहीं करना

लो और हाई ब्लड प्रेशर से दिमाग का कामकाज प्रभावित हो सकता है। इससे रक्त वाहिकाएं सख्त और सिकुड़ सकती हैं। यह ब्रेन में सेल्स और न्यूरोट्रांसमीटर में भी बदलाव का कारण बन सकता है। अपने बीपी को 120/80 से कम रखने का प्रयास करें।

### आप बहुत तनाव लेते हैं

तनाव लेने से दिमाग का कामकाज प्रभावित होता है और डिमेंशिया का भी जोखिम हो सकता है। क्रोनिक स्ट्रेस से दिमाग का आकार छोटा हो सकता है। कभी-कभी तनाव कम करना संभव नहीं है, लेकिन जहां तक संभव हो, आराम करने का प्रयास करें। शरीर पर तनाव के प्रभाव को कम करने के लिए माइंडफुलनेस और योग पर विचार करें।

# ऐसे फूड जो शरीर की सारी चर्बी गला देंगे



चैत्र नवरात्रि शुरू चुकी है और वेट लॉस करने के लिए ये बहुत अच्छा मौका है। क्योंकि, इस दौरान व्रत रखने से ना सिर्फ मां दुर्गा प्रसन्न होंगी, बल्कि शरीर की सारी चर्बी भी गल जाएगी। बस इसके लिए आपको फास्टिंग के दौरान कुछ वेट लॉस फूड का सेवन करना है। पेट, कमर, हाथ, जांघ और कूल्हों पर सबसे ज्यादा चर्बी इकट्ठा होती है। मगर फास्टिंग के दौरान जब शरीर को खाना नहीं मिलता तो एनर्जी के लिए वह इस चर्बी का इस्तेमाल करने लगता है। लेकिन इस दौरान अत्यधिक कमजोरी, थकान और चक्कर भी आ सकते हैं।

### मखाना से बर्न होगा फैट

व्रत में मखाना जरूर खाना चाहिए। यह आपकी भूख को कंट्रोल करने में मदद करता है। वहीं, यह पेट को भरा रखने वाले फाइबर और प्रोटीन का बेहतरीन स्त्रोत है। इसलिए एनसीबीआई पर प्रकाशित एक शोध इसे वेट लॉस के लिए फायदेमंद मानता है।

### पनीर खाएं

पनीर में हेल्दी फैट होता है, जो प्रोटीन की भारी मात्रा के साथ मिलता है। अगर आप पनीर को संतुलित मात्रा में खाते हैं, तो वजन कम कर सकते हैं। पनीर पेट को ज्यादा देर तक भरा रखता है और आलू का विकल्प बन सकता है।

### शकरकंद

नवरात्रि व्रत में शकरकंद का सेवन करके चर्बी कम की जा सकती है। लेकिन पनीर की तरह इसकी भी मात्रा पर ध्यान देना जरूरी है। आप शकरकंद की चाट बनाकर खा सकते हैं, जो वेट लॉस में मदद करने वाला फाइबर देती है।

### वजन कम करने के लिए फल

चैत्र नवरात्रि से गर्मी बढ़ने लगती है, जिसका असर शरीर पर भी दिखता है। गर्मी से छुटकारा दिलाने और वजन घटाने के लिए फलों की चाट खाएं। इस चाट के अंदर तरबूज, खरबूजा, सेब, अनार, पपीता आदि को मिला सकते हैं।



# ठंडे-ठंडे पानी से नहाने के हैं फायदे

सुबह सोकर उठने पर अकसर गर्म पानी से नहाने का मन करता है। हालांकि इसके कई फायदे भी हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ठंडे पानी से नहाने के भी अपने फायदे हैं। भले ही आप किसी भी प्रकार के पानी से नहाने के बारे में कैसा भी महसूस करते हों, लेकिन शोध से पता चलता है कि गर्म और ठंडे दोनों प्रकार के पानी से नहाने के अलग स्वास्थ्य लाभ हैं। ठंडे पानी से नहाने वालों की त्वचा पर होने वाली खुजली बंद हो जाती है। वहीं ये आपको सुबह की नींद खोलने में भी मदद करता है। इससे आपको कसरत के बाद मांसपेशियों में दर्द को कम करने में फायदा मिलता है। ये संभावित रूप से वजन घटाने में मदद करता है। ठंडे पानी से नहाने से बाल और त्वचा पर चमक आती है। जैसे ही ठंडा पानी आपके शरीर को थूता है ये शरीर को और एक्टिव बनाता है। ठंडे पानी ने नहाने से आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली बढ़ सकती है और आप बीमारी के प्रति अधिक प्रतिरोधी बन सकते हैं। हालांकि ठंडे पानी ने नहाने के नुकसान भी हैं। यदि आपको पहले से ही ठंड लग रही है तो कोल्ड शावर आपके लिए सही नहीं है। क्योंकि ठंडे तापमान में ठंडा पानी आपको किसी भी तरह से गर्म करने में मदद नहीं करेगा। यह वास्तव में आपको और भी ठंडा बना सकता है और आपके शरीर को वापस गर्म होने में लगने वाले समय को बढ़ा सकता है। यदि आप बीमार हैं, तो भी ठंडे पानी से न नहाएं। वहीं ठंडे पानी से नहाने से तनाव के स्तर में कमी आती है। नियमित रूप से ठंडे पानी से नहाना आपके शरीर पर थोड़ी मात्रा में तनाव डालता है, जिससे आपका शरीर सख्त हो जाता है और आपके शरीर पर तनाव का कम असर होता है। वहीं आपकी सतर्कता भी तेजी से बढ़ती है। ठंडे पानी में नहाने से दिमाग जल्दी सतर्क होना शुरू हो जाता है।



# ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करता है करेला

**करेले का नाम आते ही लोगों को कड़वा स्वाद याद आ जाता है लेकिन करेला हमारी सेहत के लिए बहुत लाभदायक है। करेले को हम कई तरह से दवा के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं।**

करेले में कई ऐसे गुण पाए जाते हैं, जिनसे कई बीमारियों की आशंकाओं को कम किया जा सकता है। बता दें कि ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में करेला बहुत मदद करता है। करेले में मोमर्सिंडीन और चैराटिन जैसे एंटी-हाइपर ग्लेसेमिक तत्व पाए जाते हैं। आपको बताते हैं कि कैसे करेला ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करता है।

### ऐसे करता है काम

करेले में पाए जाने वाले मोमर्सिंडीन और चैराटिन नामक तत्व ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करने में मदद करता है। इसके अलावा करेले में एन्टी-ऑक्सिडेंट्स भरपूर मात्रा में होते हैं जो डायबीटीज से लड़ने में सहायता करते हैं। करेले के बीज में पॉलीपेपटाइड-पी नाम का प्लांट इंसुलिन होता है। यह इंसुलिन ठीक उसी तरह काम करता है जैसे अग्नाशय से निकलने वाला इंसुलिन ब्लड शुगर लेवल को कम करता है। करेले का जूस खाली पेट पीना चाहिए। यह ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में बहुत असरकारक है। करेले का कड़वापन कम करने के लिए करेले को टुकड़ों में काटकर हल्दी और नमक के पानी में पंद्रह मिनट तक भिगोएं ।इसके बाद इन टुकड़ों में नींबू रस डालकर पीस लें। फिर इसको छानकर सुबह खाली पेट पीएं। आप चाहें तो स्वाद बदलने के लिए आंवले का रस करेले के रस में मिला सकते हैं।

### इनमें फायदा करता है करेला

1- कैंसर 2- पथरी
3- त्वचा रोग 4- उल्दी, दस्त
5- गैस की समस्या 6- पीलिया
7- गठिया 8- मुंह के छाले



# शरीर के लिए काले अंगूर से ज्यादा फायदेमंद होता है लाल अंगूर

ताजा ताजा मीठे रसीले फल तो हर किसी को खाना पसंद होता है अगर आपको अंगूर खाना पसंद है तो आज इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि किस तरह का अंगूर आपके लिए फायदेमंद रहेगा छोटे-छोटे लाल रंग के अंगूर देखने में काफी अच्छे लगते हैं जो कि स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद होते हैं लेकिन अंगूर में असरदार गुण छुपे होते हैं जो हमारे शरीर को कई तरह की बीमारियों से बचाते हैं।

अंगूर तीन रंगों में पाए जाते हैं जैसे कि हर कल और लाल लेकिन सोचने वाली बात यह है कि इन तीनों में से हमारे शरीर को कौन से अंगूर पोषण देते हैं अंगूर खाने से हमारे शरीर में आयरन की कमी दूर होती है हृदय रोगों से छुटकारा मिलता है लाल कलर के अंगूर में एंटीऑक्सीडेंट फ्री रेडिकल्स पाए जाते हैं जो हमारे शरीर को कई प्रकार की बीमारियों से बचाता है।

### दिल और स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद

लाल अंगूर हमारे लिए कई तरह से फायदेमंद होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल को काम करते हैं लाल अंगूर में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट हमारी धमनियों को साफ करते हैं। जिससे खून का प्रवाह बेहतर तरीके से होता है ।लाल अंगूर से हमारे अंदर दिल की समस्या नहीं होती है और हम अन्य प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों से बचे रहते हैं।

### पुरुष के लिए है फायदेमंद

लाल अंगूर पुरुषों के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। इसमें बोर्न नमक खनिज होता है। जो पुरुष के हार्मोन को उत्पादित करता है। अगर आप लाल अंगूर का नियमित रूप से सेवन करते हैं, तो इससे सेक्स हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है। जिससे कि पुरुष की सेक्स पावर बढ़ जाती है। इसके अलावा भी कई तरह के फायदे मिलते हैं इसलिए आपको अपनी डाइट में लाल कलर के अंगूर को शामिल करना चाहिए।

### आखों के लिए फायदेमंद

लाल लंगूर हमारी आंखों के लिए भी फायदेमंद होते हैं। इसमें बेटी और जैक्सथीं नमक केराटिन तेल पाया जाता है जो हमारी आंखों को रोशनी देता है। जिससे हमारी देखने की क्षमता बढ़ जाती है या हमें तनाव मुक्ति भी करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### एडीबी ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी विकास दर का अनुमान बढ़ाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) विकास दर का अनुमान पहले के 6.7 प्रतिशत से बढ़ाकर बृहस्पतिवार को सात प्रतिशत कर दिया।




एडीबी ने कहा कि सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की निवेश मांग से मजबूत वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।

एडीबी ने कहा कि हालांकि 2024-25 का विकास अनुमान 2022-23 वित्त वर्ष के अनुमानित 7.6 प्रतिशत से कम है। एडीबी ने पिछले साल दिसंबर में वित्त वर्ष 2024-25 में विकास दर 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया था।

### चुनाव आयोग को भेजे पत्र में ईडी का दावा, माकपा के पास 80 अघोषित बैंक खाते

**केरल।** सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के पास लगभग 80 अघोषित बैंक खाते हैं। इसके अलावा त्रिशूर में माकपा की करीब 100 अघोषित अचल संपत्तियां हैं। यह दावा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने निर्वाचन आयोग को भेजे गए अपने पत्र में किया है। ईडी के आधिकारिक सूत्रों द्वारा जानकारी दी गई कि मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित जांच में यह बात सामने आई है।

**ईडी ने चुनाव आयोग को दी यह जानकारी–** जांच एजेंसी का कहना है कि त्रिशूर स्थित करुवन्नूर सेवा सहकारी बैंक से संबंधित जांच के दौरान इन संपत्तियों का पता चला। इसे लेकर ईडी द्वारा माकपा विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री ए. सी. मोइदीन से पूछताछ की गई। एजेंसी ने निर्वाचन आयोग को इस बात की जानकारी दी है पार्टी के करीब 80 अघोषित बैंक खाते हैं, जिनमें करीब 25 करोड़ रुपये जमा हैं। ईडी का दावा है कि इन बैंक खातों में मिली जमा राशि अधिकतर नकदी के रूप में भेजी गई थी। ईडी ने यह भी बताया कि सत्तारूढ़ पार्टी के पास त्रिशूर जिले में कार्यालय भवनों के रूप में लगभग 100 अघोषित अचल संपत्तियां हैं। एंजेसी ने चुनाव आयोग को बताया कि इन बैंक खातों और कार्यालयों का इस्तेमाल माकपा द्वारा राजनीतिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। प्रवर्तन निदेशालय ने आशंका जताई है कि इन चल और अचल संपत्तियों की जानकारी माकपा द्वारा नियमों के अनुसार निर्वाचन आयोग और आयकर विभाग को नहीं दी गई। इस बात का भी संदेह है कि पार्टी के पास राज्य के कुछ अन्य जिलों में भी ऐसी संपत्ति है। सूत्रों के अनुसार चुनाव आयोग ने आयकर विभाग के प्रशासनिक प्राधिकरण केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) को इन आरोपों की जांच करने का निर्देश दिया है।

### एप्पल ने भारत में 14 अरब डॉलर के आईफोन असेंबल किए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मेक इन इंडिया का दम स्मार्टफोन असेंबलिंग सेक्टर में दिखने लगा है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक ऐपल इंक ने वित्त वर्ष 2024 में भारत में 14 अरब डॉलर के आईफोन असेंबल किए हैं। इस रिपोर्ट में मामले से परिचित लोगों का हवाला देते हुए कहा गया है कि ऐपल अब अपने 7 प्रमुख डिवाइस में से 14 प्रतिशत या लगभग 1 का निर्माण भारत से करता है।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में कहा गया है कि फॉक्सकॉन ने लगभग 67 प्रतिशत जबकि पेगाट्रॉन कॉर्प ने लगभग 17 प्रतिशत भारत निर्मित आईफोन बनाए। कर्नाटक में विस्ट्रॉन कॉर्प का प्लांट, जिसे टाटा ग्रुप ने पिछले साल खरीद लिया था, ने बाकी के आईफोन का निर्माण किया है। एप्पल ने टिप्पणी के लिए रॉयटर्स के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया।

# अनिल अंबानी की स्वामित्व वाली कंपनी और डीएएमईपीएल विवाद में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, शेयर 20 प्रतिशत टूटे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी के स्वामित्व वाली रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर की मेट्रो इकाई दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड (डीएएमईपीएल) के पक्ष में दिए गए ट्रिब्यूनल फैसले को सुप्रीम कोर्ट द्वारा रद्द किए जाने की खबरों के बीच रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के शेयरों में बुधवार की सुबह 20 फीसदी का लोअर सर्किट लगा।

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से डीएमआरसी को बड़ी राहत मिली है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को माना कि डीएमआरसी, दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को 8000 करोड़ रुपये देने के लिए बाध्य नहीं है और डीएमआरसी की क्यूरेटिव याचिका मंजूर कर ली। दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड, अनिल अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर फर्म की कंपनी है। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी



पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने मामले पर सुनवाई की।

**डीएएमईपीएल को डीएमआरसी की ओर से भुगतान की गई राशि वापस करने का आदेश–** अदालत ने डीएमआरसी द्वारा भुगतान की गई सभी राशि वापस करने का आदेश दिया और कहा कि अदालत ने डिवीजन बेंच के आदेश में हस्तक्षेप करके निर्णय की त्रुटि की, जिससे न्याय का गंभीर हनन हुआ। न्यायालय ने डीएमआरसी की उस सुधारात्मक याचिका को भी स्वीकार कर लिया जिसमें रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर की सहायक कंपनी दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड (डीएएमईपीएल) को 8,000 करोड़ रुपये का भुगतान करने के निर्देश देने के पूर्व के पंचाट फैसले को चुनौती दी गई थी।

### उच्चतम न्यायालय के आदेश से कंपनी पर कोई देनदारी नहीं बनतीः रिलायंस इन्फ्रा

इस बीच, रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेश से कंपनी पर कोई देनदारी नहीं बनती और कंपनी को मध्यस्थ फैसले के तहत डीएमआरसी/डीएएमईपीएल से कोई राशि नहीं मिली है। डीएमआरसी ने एक बयान में कहा, हम आपको सूचित करते हैं कि माननीय उच्चतम न्यायालय ने आज दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड (डीएएमईपीएल) के खिलाफ दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) की सुधारात्मक याचिका को स्वीकार कर लिया है। रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर ने शेयर बाजारों को भेजे एक संदेश में कहा, रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर स्पष्ट करना चाहता है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित 10 अप्रैल, 2024 का आदेश कंपनी पर कोई दायित्व नहीं डालता है और कंपनी को मध्यस्थ निर्णय के तहत डीएमआरसी/डीएएमईपीएल से कोई पैसा नहीं मिला है।

### अदालत के फैसले की खबर के बाद कंपनी के शेयरों में 20 प्रतिशत का लोअर सर्किट लगा

बीएसई पर रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर का शेयर 284.20 रुपये की पिछली क्लोजिंग के मुकाबले 20 प्रतिशत गिरकर 227.40 रुपये पर आ गया। कंपनी का मार्केट कैप घटकर 9,008 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी के कुल 7.46 लाख शेयरों का लेनदेन हुआ और बीएसई पर कंपनी ने 18.34 करोड़ रुपये का कारोबार किया। 2017 में दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस ने दिल्ली मेट्रो रेल के खिलाफ मध्यस्थता वाद जीता था। दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो ने कहा था कि एयरपोर्ट लाइन पर ट्रेन चलाना दिल्ली मेट्रो रेल द्वारा बनाए गए वायडक्ट में संरचनात्मक दोषों के कारण व्यवहार्य नहीं था। सितंबर 2021 में शीर्ष अदालत ने मध्यस्थ पुरस्कार को बरकरार रखा था। नवंबर 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने मामले में दिल्ली मेट्रो द्वारा दायर एक समीक्षा याचिका को खारिज कर दिया था। अगस्त 2022 में दिल्ली मेट्रो ने ट्रिब्यूनल के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में क्यूरेटिव याचिका दायर की।

## दालों की कीमतों पर लगाम लगाने की कवायद, केंद्र सरकार ने लिया एक्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले कुछ सप्ताह से विभिन्न दालों की कीमतों में आ रही तेजी के बीच केंद्र सरकार ने हस्तक्षेप किया है। केंद्र की ओर से सभी राज्यों को निर्देश दिया गया है कि वे ट्रेडर्स के द्वारा विभिन्न दालों के भंडार का साप्ताहिक आधार पर खुलासा सुनिश्चित करें। साथ ही राज्यों को ट्रेडर्स के द्वारा किए गए खुलासे को सत्यापित करने के लिए भी कहा गया है।

**इन दालों के भंडार पर रहेगी निगाह–** एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि केंद्र सरकार ने जिन दालों के स्टॉक को लेकर खुलासे का प्रावधान किया है, उनमें अरहर दाल, उड़द दाल, चना दाल, मसूर दाल और मूंग दाल शामिल है। इनके अलावा आयातित पीली मटर दाल के स्टॉक की भी निगरानी करने के लिए कहा गया है। पीली मटर दाल के आयात की मंजूरी पिछले साल के अंत में दी गई थी। यह मंजूरी 8 दिसंबर से 30 जून तक के लिए है।

**राज्यों को दिए गए ये निर्देश–** बयान के अनुसार, कंज्युमर अफेयर्स डिपार्टमेंट की सेक्रेटरी निधि खरे ने दालों की कीमतों पर लगाम लगाने की कवायद के तहत राज्यों के प्रधान सचिवों व उपभोक्ता मामले के विभाग के सचिवों के साथ मुलाकात की। उन्होंने सभी राज्य सचिवों को स्टॉकहोल्डिंग एंटिटीज के द्वारा स्टॉक डिस्क्लोजर सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने दाल के आयातकों समेत इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों के साथ भी मुलाकात की।

**सबसे ज्यादा बढ़े अरहर दाल के भाव–** सरकार ने यह कदम ऐसे समय उठाया है, जब पिछले कुछ सप्ताह के दौरान विभिन्न दालों



खासकर पीली मटर, अरहर और उड़द की दाल की कीमतों में तेजी देखी गई है। अप्रैल की शुरुआत में अरहर दाल की कीमतें एक महीने पहले की तुलना में 100 रुपए तक बढ़ गईं। अभी अरहर दाल के भाव अन्य दालों की तुलना में सबसे ज्यादा हैं। अरहर दाल की मौजूदा औसत कीमत 160 रुपए किलो है। अरहर दाल के अलावा मूंग और मसूर दाल के मामले में भी कीमतों में इसी तरह की तेजी देखी गई है।

## डूबने वाली है चीन की इकॉनामी ! बढ़ती मुश्किलों के बीच फिच ने घटाई ड्रैगन की क्रेडिट रेटिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कई दशक तक ग्लोबल इकॉनमी का इंजन रहे चीन की इकॉनमी का दम फूलने लगा है। देश की इकॉनमी कई मोर्चों पर संघर्ष कर रही है और अब फिच ने भी चीन की क्रेडिट रेटिंग का डाउनग्रेड कर दिया है। उनका कहना है कि चीन कई तरह की आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है और उसके वित्तीय स्थिति को लेकर जोखिम लगातार बढ़ता जा रहा है। फिच ने चीन के आउटलुक को स्टेबल से निगेटिव कर दिया है। इससे चीन की क्रेडिटवर्दीनेस के भी डाउनग्रेड होने की आशंका बढ़ गई है। हालांकि फिच ने अभी चीन के सॉवरेन बॉन्ड्स की रेटिंग को + पर बरकरार रखा है। चीन लंबे समय से रियल एस्टेट के संकट से जूझ रहा है जिससे पूरी इकॉनमी के डूबने का खतरा पैदा हो गया है।



फिच ने एक बयान में कहा कि क्रेडिट रेटिंग में बदलाव इस बात को दर्शाता है कि चीन में पब्लिक फाइनेंस आउटलुक को लेकर जोखिम लगातार बढ़ रहा है। देश प्रॉपर्टी पर निर्भर ग्रोथ से सस्टेनेबल ग्रोथ मॉडल की तरफ जा रहा है जिससे आगे इकॉनमी का भविष्य को लेकर अनिश्चतता है। चीन की सरकार रियल एस्टेट पर निर्भरता कम करने के लिए दूसरे सेक्टर्स पर फोकस कर रही है। देश की जीडीपी में रियल एस्टेट की करीब 30 फीसदी हिस्सेदारी है। लेकिन पिछले कुछ साल से यह गहरे संकट में है और इस कारण देश की पूरी इकॉनमी के चौपट होने की आशंका जताई जा रही है।

### बढ़ रहा है कर्ज

फिच का अनुमान है कि चीन में सरकार का घाटा 2024 में बढ़कर जीडीपी का 7.1 फीसदी पहुंच सकता है जो पिछले साल 5.8 फीसदी था। यह घाटा 2020 के बाद सबसे ज्यादा होगा जब कोरोना महामारी के कारण लगाई गई पाबंदियों से सरकार का खजाना बुरी तरह प्रभावित हुआ था। हालांकि चीन की सरकार ने फिच के इस कदम पर अफसोस जताया है। सरकार का कहना है कि उसने फिच रेटिंग्स की टीम के साथ शुरुआती चरण में पूरी संजीदगी के साथ बातचीत की थी और यह रिपोर्ट चीन की असली तस्वीर बयां नहीं करती है। इसमें इकनॉमिक ग्रोथ में फिस्कल पॉलिसी के पॉजिटिव रोल के बारे में नहीं बताया गया है। लॉन्ग टर्म में इससे इकॉनमी को काफी फायदा होगा।

इससे पहले दिसंबर में रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भी चीन की क्रेडिट रेटिंग को स्टेबल से निगेटिव कर दिया था। उसका कहना था कि प्रॉपर्टी सेक्टर गहरे संकट में है और इस कारण पूरी इकॉनमी के प्रभावित होने की आशंका है। अमेरिका के बाद चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी है। लेकिन पिछले कुछ समय से चीन की इकॉनमी कई मोर्चों पर संघर्ष कर रही है। मंदी की आशंका के कारण लोग खर्च करने से बच रहे हैं। इससे घरेलू खपत प्रभावित हुई है। साथ ही अमेरिका के साथ रिश्तों में तनाव बना हुआ है। देश का एक्सपोर्ट गिर रहा है जबकि विदेशी निवेशक भी मुंह मोड़ने लगे हैं। पिछले साल चीन के शेयर मार्केट का प्रदर्शन दुनिया में सबसे खराब रहा। विदेशी कंपनियां भी चीन से अपना बोरिया-बिस्तर समेट रही हैं।

## आधार एटीएम से घर बैठे निकाल पाएंगे कैश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक ने शुरू की नई सुविधा इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक ने ऑनलाइन आधार एटीएम सुविधा शुरू की है। इसकी मदद से ग्राहक घर बैठे ही कैश पा सकेंगे। उन्हें बैंक या पास नजदीकी एटीएम बूथ पर जाने की जरूरत नहीं होगी। इस सेवा में स्थानीय डाकिया घर पर नकद पहुंचाएगा। यह भुगतान सेवा पूरी तरह आधार सिस्टम पर आधारित है। इसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति अपने बायोमैट्रिक का इस्तेमाल करके लेनदेन कर सकता है। इसके लिए बैंक खाते का आधार कार्ड से लिंक होना जरूरी है। इस सुविधा के जरिए नकदी निकासी के अलावा बैलेंस पता करना और खाते का विवरण निकाला जा सकता है।

### कैश मांगने की प्रक्रिया

घर बैठे कैश प्राप्त करने के लिए सबसे पहले इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की वेबसाइट पर जाकर आवेदन करना होगा। इसके बाद डाकिया माइक्रो एटीएम लेकर ग्राहक के घर पहुंचेगा। ग्राहक को केवल बायोमैट्रिक का इस्तेमाल करना होगा। आधार कार्ड की जरूरत नहीं होगी। पहचान सत्यापित होते ही डाकिया नकदी दे देगा। यह पैसा ग्राहक के बैंक खाते से कट जाएगा।

## बहुराष्ट्रीय कंपनियों की भारत को लेकर बढ़ती रूचि से देश को हो रहा लाभः संरा रिपोर्ट

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** बहुराष्ट्रीय कंपनियों की भारत को लेकर दिलचस्पी बढ़ रही है और इससे देश को फायदा हो रहा है। ये कंपनियां विकसित अर्थव्यवस्थाओं की आपूर्ति व्यवस्था को विविध रूप देने की रणनीतियों के




संदर्भ में भारत को एक वैकल्पिक विनिर्माण आधार के रूप में देख रही हैं। इससे भारत में निवेश मजबूत बना हुआ है। संयुक्त राष्ट्र की मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। 'सतत विकास वित्तपोषण रिपोर्ट 2024: विकास के लिए वित्तपोषण एक चौराहे पर (एफएसडीआर 2024) शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि विकास के लिए जरूरी वित्तपोषण अंतर को कम करने के लिए बड़े पैमाने पर राशि जुटाने को लेकर तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्तपोषण का यह अंतर अब सालाना 4,200 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। कोविड-19 महामारी से पहले यह 2,500 अरब डॉलर था। इस बीच, वैश्विक स्तर पर बढ़ते राजनीतिक तनाव, जलवायु आपदाओं और जीवनयापन के स्तर पर वैश्विक संकट ने अरबों लोगों को प्रभावित किया है। इससे स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य विकास लक्ष्यों के मामले में प्रगति प्रभावित हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर निवेश नरम रहने की संभावना है।

इसमें कहा गया है, ''इसके उलट, दक्षिण एशिया, विशेष रूप से भारत में निवेश मजबूत बना हुआ है। भारत को लेकर बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बढ़ती रुचि से देश को लाभ हो रहा है। ये कंपनियां इसे विकसित अर्थव्यवस्थाओं की आपूर्ति व्यवस्था को विविध रूप देने की रणनीतियों के संदर्भ में एक वैकल्पिक विनिर्माण आधार के रूप में देख रही हैं।

## 2000 तक पहुंचेगा एचडीएफसी बैंक का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एचडीएफसी बैंक के शेयर आने वाले कुछ ही दिनों में 2000 रुपये तक पहुंच सकते हैं। घरेलू ब्रोक्रेज फर्म प्रभुदास लीलाधर ने इसका टार्गेट प्राइस 2000 रुपये रखते हुए खरीदारी की सिफारिश की है। यानी चंद दिनों में ही यह स्टॉक 30 फीसद से अधिक मुनाफा दे सकता है। अभी यह 1534.95 रुपये पर है। इससे पहले मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने इसमें खरीदारी की सलाह देते हुए 1950 रुपये का टार्गेट दिया था। एचडीएफसी बैंक के शेयर पिछले महीने काफी गिर गए थे। एक साल में 1757.50 रुपये तक पहुंचने वाला शेयर 1363.55 रुपये के निचले स्तर तक आ गया। अब पिछले कुछ हफ्तों से इसमें जान आ गई है। एक महीने में यह 7.50 फीसद चढ़ा है। हालांकि, साल 2024 में यह करीब 10 फीसद टूट चुका है। कुल 39 शेयर मार्केट एनॉलिस्ट ने एचडीएफसी बैंक के शेयर पर अपने टिप्स दिए हैं। इनमें से 21 ने स्ट्रांग बाय की सिफारिश की है। दूसरी ओर 14 ने क्ह्व4 रेटिंग दी है। इनके अलाव चार ने होल्ड करने को कहा है। किसी ने भी इस स्टॉक से निकलने की बात नहीं की है। मार्च तीमाही में प्रमोटर्स ने अपनी हिस्सेदारी घटाकर 25.52 फीसद कर दी है।




## इस साल वैश्विक व्यापार में देखने को मिल सकता है सुधार

### विश्व व्यापार संगठन ने जारी किया पूर्वानुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीते साल गिरावट आने के बाद वर्ष 2024 में वैश्विक व्यापार में धीरे-धीरे बढ़ोतरी देखने की उम्मीद है। हालांकि, कई हिस्सों में युद्ध, भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक नीति को लेकर अनिश्चितता की वजह से काफी जोखिम पैदा हो रहे हैं। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने बुधवार को अपना यह पूर्वानुमान जारी किया। इसके साथ ही डब्ल्यूटीओ ने वर्ष 2024 के लिए वैश्विक व्यापार में बढ़ोतरी संबंधी अपने अनुमान को घटाकर 2.6 फीसदी कर दिया। पिछले साल अक्तूबर में डब्ल्यूटीओ ने व्यापार वृद्धि दर 3.3 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था।




**इस साल वैश्विक वस्तु व्यापार धीरे-धीरे बढ़ने की उम्मीद–** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने बयान में कहा कि वर्ष 2023 में गिरावट आने के बाद इस साल वैश्विक वस्तु व्यापार धीरे-धीरे बढ़ने की उम्मीद है। पिछले साल उच्च ऊर्जा कीमतों और मुद्रास्फीति के लंबे समय तक बने रहने का प्रभाव रहा। इसमें कहा गया है कि वस्तुओं के वैश्विक व्यापार की मात्रा 2023 में 1.2 फीसदी गिरने के बाद इस साल बढ़कर 2.6 फीसदी और वर्ष 2025 में 3.3 फीसदी रहनी चाहिए।

**वर्ष 2024-2025 में मुद्रास्फीति धीरे-धीरे कम होने की आसार–** इसके मुताबिक, हालांकि क्षेत्रीय संघर्ष, भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक नीति को लेकर अनिश्चितता का माहौल पूर्वानुमान के लिए काफी नकारात्मक जोखिम पैदा करते हैं। वर्ष 2023 में व्यापारिक निर्यात में गिरावट के पीछे तेल एवं गैस जैसी वस्तुओं की गिरती कीमतें प्रमुख वजह थी। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने कहा कि वर्ष 2024 और 2025 में मुद्रास्फीति धीरे-धीरे कम होने की उम्मीद है। इससे उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में वास्तविक आय, विनिर्मित वस्तुओं की खपत बढ़ेगी। व्यापार-योग्य वस्तुओं की मांग में सुधार पहले से ही स्पष्ट है। यह बेहतर आय संभावनाओं से जुड़ी घरेलू खपत में वृद्धि से संबंधित है।

**जोखिमों को कम करना जरूरी–नगोजी ओकोंजो इवेला–** डब्ल्यूटीओ के महानिदेशक नगोजी ओकोंजो-इवेला ने कहा कि हम जुझारू आपूर्ति श्रृंखलाओं और एक ठोस बहुपक्षीय व्यापार ढांचे की बदौलत वैश्विक व्यापार में सुधार की दिशा में बढ़ रहे हैं, जो आजीविका और कल्याण में सुधार के लिए जरूरी हैं। जरूरी है कि हम आर्थिक वृद्धि और स्थिरता बनाए रखने के लिए जोखिमों को कम करें।

## इस साल सोना-चांदी ने सेंसेक्स-निफ्टी को भी पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साल 2024 न केवल शेयर मार्केट के लिए बल्कि सर्राफा बाजार के लिए रोज नया इतिहास रच रहा है। आमतौर पर माना जाता है कि जब शेयर मार्केट उछलता है तो सोने-चांदी के भाव गिरते हैं, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हो रहा। सोना-चांदी के साथ सेंसेक्स-निफ्टी भी रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन कर रहे हैं। इस रेस में सोना-चांदी सेंसेक्स-निफ्टी को पछाड़ दिए हैं।

साल-दर-साल आधार पर रिटर्न की तुलना करें तो इस साल अब तक गोल्ड ने अपने निवेशकों को 13 प्रतिशत का रिटर्न दिया है, जबकि चांदी ने अपने निवेशकों को लगभग 8 प्रतिशत रिटर्न दिया है। दूसरी ओर, भारतीय शेयर



मार्केट के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांकों में, एनएसई निफ्टी 4.65 प्रतिशत, बीएसई सेंसेक्स 3.83 प्रतिशत बढ़ा है, जबकि बैंक निफ्टी इंडेक्स इस साल लगभग 1.56 प्रतिशत चढ़ा है। इन सभी एसेट के 2024 में एक नए शिखर पर चढ़ने के बावजूद सोने और चांदी ने ङ्क्षझ्ष्ठ समय में भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांकों को पीछे छोड़ दिया है।

**क्यों उछल रहे सोना-चांदी–** अमेरिकी फेड रेट में कटौती की चर्चा और दुनिया भर में केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की खरीदारी जारी रखना व इक्विटी को बढ़ावा देने वाले ट्रिगर्स ने सोने और चांदी की कीमतों में तेजी का समर्थन किया है। इसके अलावा मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव जैसी वैश्विक अनिश्चितताओं से संबंधित कारकों ने सराफा बाजार की रैली में अहम भूमिका निभाई है।

# 18 जून को पावो नूरमी खेलों में भाग लेंगे नीरज चोपड़ा

## मैक्स डेह्निंग से मिल सकती है कड़ी चुनौती




नई दिल्ली, एजेंसी। चोपड़ा 10 मई को दोहा डायमंड लीग मीट से अपने सत्र की शुरुआत करेंगे। पावो नूरमी खेलों का नाम फिनलैंड के मध्य और लंबी दूरी के धावक के नाम पर रखा गया है। यह विश्व एथलेटिक्स की 'कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड सीरीज' स्तर की प्रतियोगिता है। यह डायमंड लीग मीट सीरीज के बाहर सबसे प्रतिष्ठित एक दिवसीय प्रतियोगिताओं में से एक है। दिग्गज भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 18 जून को फिनलैंड के तुर्कू में होने जा रहे पावो नूरमी खेलों में खेलते नजर आएंगे। इसमें उन्हें जर्मनी के 19 वर्षीय मैक्स डेह्निंग से कड़ी चुनौती मिल सकती है। इसकी जानकारी पावो नूरमी खेलों के आयोजकों ने दी। 2022 सत्र में 89.30 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था। यह उनके करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो है। उन्होंने 2023 में चोटिल होने के कारण इस टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया था। चोपड़ा का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर है। वहीं, डेह्निंग हाल ही में 90 मीटर की बाधा पार करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने।

### डायमंड लीग मीट से सत्र की शुरुआत करेंगे चोपड़ा

चोपड़ा 10 मई को दोहा डायमंड लीग मीट से अपने सत्र की शुरुआत करेंगे। पावो नूरमी खेलों का नाम फिनलैंड के मध्य और लंबी दूरी के धावक के नाम पर रखा गया है। यह विश्व एथलेटिक्स की 'कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड सीरीज' स्तर की प्रतियोगिता है। यह डायमंड लीग मीट सीरीज के बाहर सबसे प्रतिष्ठित एक दिवसीय प्रतियोगिताओं में से एक है। टूर्नामेंट के आधिकारिक वेबसाइट पर खिलाड़ियों से करार के लिए जिम्मेदार आर्टटू सलोनेन ने कहा,卐भाला फेंक ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा जून में तुर्कू लौटेंगे। चोपड़ा एक साल के ब्रेक के बाद पावो नूरमी खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे जहां उनका सामना बेहतरीन प्रतियोगियों के समूह से होगा। प्रतियोगिता 18 जून को तुर्कू में होगी।

### जूलियन वेबर और मैक्स डेह्निंग से भी किया गया अनुबंध

उन्होंने बताया कि चोपड़ा के अलावा जर्मनी के दिग्गज जूलियन वेबर और मैक्स डेह्निंग के साथ भी अनुबंध किया गया है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य पेरिस ओलंपिक से पहले तुर्कू में गर्मियों की सबसे कठिन भाला फेंक प्रतियोगिता को आयोजित करना है। इसके लिए दूसरे खिलाड़ियों के साथ बातचीत जारी है। हम चाहते हैं कि शीर्ष घरेलू नाम तुर्कू में प्रतिस्पर्धा करें जिसका नेतृत्व ओलिवर हेलैंडर (जिन्होंने 2022 सत्र में 89.83 मीटर की दूरी के साथ स्वर्ण पदक जीता था) करेंगे।

## डोपिंग अपराध के लिए तीन भारतीय एथलीटों पर चला नाडा का डंडा, किए गए निलंबित, जानें नाम


नई दिल्ली, एजेंसी। गोवा राष्ट्रीय खेलों के रजत पदक विजेता स्टीपलचेज खिलाड़ी मोहम्मद नूर हसन के साथ भारत के विश्व क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के प्रतिभागी हेमराज गुर्जर और अंजलि कुमारी को प्रतिबंधित पदार्थों की जांच में पॉजिटिव पाए जाने के बाद अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। गोवा राष्ट्रीय खेलों के रजत पदक विजेता स्टीपलचेज खिलाड़ी मोहम्मद नूर हसन के साथ भारत के विश्व क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के प्रतिभागी हेमराज गुर्जर और अंजलि कुमारी को प्रतिबंधित पदार्थों की जांच में पॉजिटिव पाए जाने के बाद अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। भारतीय एथलेटिक्स में डोपिंग के नवीनतम मामलों में राष्ट्रीय डोपिंग विरोधी एजेंसी पैनल द्वारा धावक जी लक्ष्मणन और धाविका हिमानी चंदेल पर भी क्रमश: दो और चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है।

संक्षिप्त समाचार

## गावस्कर ने राशिद खान की तुलना बेन स्टोक्स से की

- कहा- कुछ ही खिलाड़ी हैं जो फील्ड में सब कुछ झोंक देते हैं

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत के महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने गुजरात टाइटंस के उपकप्तान राशिद खान के प्रदर्शन की तारीफ की है। गावस्कर ने राशिद की तुलना इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स से की है। राशिद खान ने बुधवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जयपुर में खेले गए मुकाबले में गुजरात टाइटंस को आखिरी गेंद पर जीत दिलाई। राशिद खान ने पहले गेंद से कमाल दिखाया



और फिर बल्ले से उन्होंने टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। आईपीएल 2024 में गुजरात टाइटंस की ये तीसरी जीत है, जबकि टीम ने तीन मुकाबले गंवाए भी हैं।

राशिद खान ने गेंदबाजी के दौरान जोस बटलर को आउट किया और 11 गेंद में 24 रन की दमदार पारी खेली। गावस्कर ने राशिद की न केवल महत्वपूर्ण विकेट लेने की उनकी क्षमता के लिए बल्कि उस समय बल्ले से उनके योगदान के लिए भी प्रशंसा की जब उनकी टीम को उनकी सबसे ज्यादा जरूरत थी।

सुनील गावस्कर ने कहा, ाशिद हमेशा की तरह विकेट लेता है और जब बल्ले से जरूरत होती है तो वह अपना काम करता है। यही कारण है कि दुनिया भर में मौजूद फ्रेंचाइजी उसे खरीदना चाहती हैं। वे उसे चाहते हैं क्योंकि वे उसकी प्रतिबद्धता, बल्लेबाजी, गेंदबाजी, क्षेत्ररक्षण देखते हैं।

## यूईएफए चैंपियंस लीग क्वार्टरफाइनल...

- पहला लेग: बार्सिलोना ने क्वस्त को हराया, राफिन्हा के दो गोल, दूसरे मुकाबले में एथलेटिको मैड्रिड जीती

नईदिल्ली, एजेंसी। क्वार्टरफाइनल के तीसरे मुकाबले में बार्सिलोना ने पीएसजी को 3-2 से हराया। एफसी बार्सिलोना की ओर से विंगर राफिन्हा ने 2 गोल दागे। वहीं, तीसरा गोल डिफेंडर आंद्रेस क्रिश्चनसन ने किया। पीएसजी की ओर से ओसमान डेम्बेले और विटिन्हा ने गोल किए। बुधवार देर रात क्वार्टरफाइनल के दो मुकाबले खेले गए। एक मुकाबला स्पैनिश क्लब बार्सिलोना और फ्रेंच क्लब पीएसजी के बीच पेरिस में हुआ। वहीं, दूसरा मुकाबला मैड्रिड में स्पैनिश क्लब एथलेटिको मैड्रिड और जर्मन क्लब बोरुसिया डॉर्टमुंड के बीच खेला गया। दिन के दूसरे मुकाबले में एथलेटिको



मैड्रिड ने बोरुसिया डॉर्टमुंड को 2-1 से हराया। इससे पहले मंगलवार को रियल मैड्रिड में मैनचेस्टर सिटी और रियल मैड्रिड के बीच खेला गया पहला मुकाबला और लंदन में इंग्लैंड के क्लब आर्सेनल और जर्मनी के क्लब बायर्न म्यूनिख के बीच खेला गया दूसरा मुकाबला ड्रॉ रहा था। दूसरे लेग के मुकाबले अगले हफ्ते खेले जाएंगे।

पहले हाफ में बार्सिलोना ने बनाई लीड, दूसरे हाफ में पीएसजी के सितारे चमके

बार्सिलोना ने मैच की शुरुआत शानदार की। टीम ने लगातार गोल करने के चांस बनाए। वहीं, दूसरी ओर पीएसजी ने भी लगातार प्रयास किए।




## संजू सैमसन पर 12 लाख जुर्माना

### गुजरात के खिलाफ ओवररेट धीमा था, फील्डिंग प्रतिबंध भी लगा, पंत पर 2 बार लग चुका फाइन

नईदिल्ली, एजेंसी। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जयपुर में बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में स्लो ओवर रेट के चलते संजू पर जुर्माना लगा। इंडियन प्रीमियर लीग ने यह जानकारी बुधवार को दी। 17वें सीजन में राजस्थान रॉयल्स को बुधवार को इस सीजन की पहली हार मिली। टॉस हार कर पहले बैटिंग करने उतरी राजस्थान ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 196 रन बनाए। 197 रन का टारगेट गुजरात ने 20 ओवर में 7 विकेट पर हासिल कर लिया।

**20वें ओवर में जीता गुजरात, इस ओवर में सिर्फ 4 प्लेयर बाउंड्री पर थे-** गुजरात को जीत के लिए 20वें ओवर जीत के लिए 15 रन चाहिए थे। राजस्थान की टीम तय वक्त पर ओवर करने से 5 मिनट पिछड़ गई। इसके चलते आखिरी ओवर में संजू 5 की जगह सिर्फ 4 प्लेयर बाउंड्री पर भेज पाए ।राशिद खान ने 3 चौके लगाकर टीम को जीत दिला दी।

## हार्दिक-कुणाल के साथ करोड़ों का धोखा

### पंड्या ब्रदर्स ने सौतेले भाई को कराया गिरफ्तार

मुंबई, एजेंसी। क्रिकेटर हार्दिक पंड्या के सौतेले भाई को बुधवार को क्रिकेटर और उनके भाई के साथ कथित तौर पर धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। मुंबई पुलिस के आर्थिक अपराध शाखा के अधिकारियों के बयान के अनुसार, सौतेले भाई वैभव पंड्या (37) ने कथित तौर पर मुंबई स्थित साझेदारी फर्म से लगभग 4.3 करोड़ रुपये का हेरफेर किया, जिससे क्रिकेटर और उनके भाई क्रुणाल को नुकसान हुआ। वैभव पर धोखाधड़ी और जालसाजी का आरोप लगाया गया है।




दरअसल, 2021 में तीनों ने संयुक्त रूप से एक पॉलीमर बिजनस शुरू किया था। साझेदारी की शर्तें यह थीं कि क्रिकेटर और उनके भाई प्रत्येक 40त्न पूंजी लगाएंगे, जबकि सौतेला भाई 20 प्रतिशत फंड लगाएगा और फर्म को चलाने की पूरी जिम्मेदारी संभालेगा। बिजनस से मिला फायदे भी उसी अनुपात में वितरित किए जाने थे। हालांकि, सौतेले भाई ने टर्म्स का उल्लंघन करते हुए क्रिकेटर और उनके भाई को सूचित किए बिना उसी बिजनस का एक और फर्म खोल दिया। एक सूत्र ने कहा- इससे मुख्य कंपनी को 3 करोड़ रुपये का घाटा हुआ। उन्होंने कहा कि सौतेले भाई ने गुप्त रूप से अपने लाभ को 20त्न से बढ़ाकर 33.3त्न कर दिया, जिससे क्रिकेटर और उनके भाई को नुकसान हुआ। सौतेले भाई ने कथित तौर पर साझेदारी फर्म के खाते से लाखों रुपये अपने खाते में डायवर्ट किए, जिसमें 1 करोड़ रुपये लिए गए।

इस बारे में जब पंड्या ब्रदर्स ने भाई से बात करनी चाही तो उन्होंने उन्हें धमकाया। इस बारे में क्रुणाल पंड्या और हार्दिक पंड्या ने वैभव के खिलाफ एक्शन लेने का फैसला किया। बात दें कि हार्दिक पंड्या आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस के कप्तान हैं, जबकि क्रुणाल पंड्या केएल राहुल की कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जायंट्स टीम में शामिल हैं।

## कोहली और शमी दोनों में दबाव झेलने की क्षमता जबरदस्त है: पारस

मुंबई, एजेंसी। भारत के वर्तमान पुरुष गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कहा कि हालांकि विराट कोहली और मोहम्मद शमी शारीरिक भाषा और मानसिक दृष्टिकोण दोनों में पूरी तरह से अलग हैं, लेकिन करिश्माई क्रिकेटरों को जोड़ने वाली आम बात उनकी शीर्ष स्तर पर दबाव को आत्मसात करने की जबरदस्त क्षमता है।

कोहली और शमी घरेलू धरती पर 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में भारत के उपविजेता स्थान में क्रमशः अग्रणी रन बनाने वाले और विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। ये दोनों शारीरिक भाषा और मानसिक दृष्टिकोण के मामले में पूरी तरह से अलग हैं। मानसिक बनावट के अलावा विराट चेहरे पर भी हर समय बेहद आक्रामक रहते हैं। लेकिन अगर आप शमी को देखें, तो वह पूरी तरह से विपरीत है - आप विकेट लेने के बाद जश्न मनाने में बहुत अधिक गेंदबाजों को शामिल होते देखेंगे।

लेकिन शमी हमेशा की तरह नमस्ते और इस तरह की बातें करेंगे। मानसिक मजबूती के मामले में दोनों ही आगे हैं। दिखने में शमी एक शांत स्वभाव के व्यक्ति लगेंगे, लेकिन अपने खेल को अंदर-बाहर बहुत अच्छे से समझते हैं। वह जानता है कि उससे और टीम से क्या अपेक्षा की जाती है। प्रशिक्षण के संदर्भ में, वह कुछ अलग करेगा, लेकिन कुछ भी जो उसे सूट करेगा और वह जानता है कि उसके शरीर के लिए सबसे अच्छा क्या काम करता है, जिसके बारे में वह अंदर-बाहर जानता है और किसी व्यक्ति के जीवन में सफल होने के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है।

आईआईएसएम, मुंबई में गोट्स मस्ट बी क्रेज़ी पुस्तक के लॉन्च पर म्हाम्ब्रे ने कहा कि शमी और कोहली दोनों में दबाव झेलने की क्षमता सबसे ऊपर है। विराट लक्ष्य का पीछा करने में सर्वश्रेष्ठ में से एक हैं, जिसे सीमित ओवरों के क्रिकेट में बहुत मुश्किल काम माना जाता था। लेकिन अब आप देखिए, वह प्रमुख कारण है कि भारत ने विशाल स्कोर का पीछा किया है। शमी ने जिस तरह से भारत के लिए मैच जीते हैं,



वैसा ही उनके साथ भी है। दोनों अलग हैं, लेकिन वे अपनी भूमिकाओं और खुद को बहुत अच्छी तरह से समझते हैं कि अपने कौशल का उपयोग बहुत अलग तरीके से कैसे करना है। उन्होंने बताया कि कैसे कोहली की कार्य नैतिकता का भारतीय टीम के युवा क्रिकेटरों पर प्रभाव पड़ा है। विराट द्वारा दिन-रात किए गए काम को देखना आंखें खोलने वाला है। आप युवाओं को उनसे बात करते और उनसे सीखने की कोशिश करते हुए देखते हैं। यह हर किसी को शानदार जानकारी देता है कि वह कैसे तैयारी करता है।

ओलिंपिक गेम्स 2024

## गोल्ड मेडल जीतने पर मिलेंगे 50 हजार डॉलर

### खत्म हो रही है 128 साल पुरानी परंपरा

नईदिल्ली, एजेंसी। ओलिंपिक मेडल जीतने बड़ी बात है, लेकिन क्या आपको पता है कि ओलिंपिक खेलों में कोई एथलीट गोल्ड मेडल भी जीत जाए तो भी कोई ईनाम उसको आधिकारिक तौर पर नहीं मिलता है। ये परंपरा 128 साल से चली आ रही है। हालांकि, अब ये सदियों पुरानी परंपरा खत्म होने जा रही है। इस बार के ओलिंपिक खेलों में खिलाड़ियों को ईनाम मिलेगा। हालांकि, सिर्फ एथलेटिक्स में ही खिलाड़ियों को प्राइज मनी दिए जाने का ऐलान किया गया है। वहीं, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडलिस्ट को इस बार के ओलिंपिक्स में कोई ईनामी राशि नहीं मिलेगी। 2028 के ओलिंपिक्स में उनको भी ईनाम दिया जाएगा। पेरिस में इस साल आयोजित होने वाले ओलिंपिक खेलों में एथलेटिक्स में गोल्ड मेडल जीतने वाले एथलीट को 50 हजार डॉलर यानी करीब 41 लाख रुपये मिलेंगे। बुधवार को इस बात का ऐलान हुआ कि 48 गोल्ड मेडलिस्ट को 50-50 हजार डॉलर ईनाम के तौर पर मिलेंगे और इस तरह 128 साल पुरानी परंपरा खत्म हो जाएगी। हालांकि, पूरी तरह से एमैच्योर कंपटीशन की अवधारणा लंबे समय से आधुनिक ओलिंपिक से गायब हो गई है, जिसमें एथलीटों को अक्सर प्रायोजकों और 30 से अधिक वर्षों से भाग लेने वाले पेशेवरों से भुगतान मिलता है, विश्व एथलेटिक्स का निर्णय खेलों के लिए एक बड़ा बदलाव है।



### जब सानिया ने बंद करा दिया मुंह

वर्ल्ड एथलेटिक्स के अध्यक्ष सबैस्टियान कोए ने पत्रकारों से कहा, यह हमारे खेल के लिए एक मुद्दा है, लेकिन मैं नहीं मानता कि यह उस अवधारणा से दूर-दूर तक भिन्न है जिसके बारे में आईओसी अक्सर बात करती है, जो खेलों की समग्र सफलता के लिए हमारे प्रतिस्पर्धियों द्वारा किए गए प्रयासों को मान्यता दे रही है। कोए ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति के साथ योजना के बारे में कोई चर्चा नहीं हुई है, केवल उनके संगठन ने 2.4 मिलियन डॉलर के पुरस्कार पॉट की घोषणा करने से कुछ समय पहले आईओसी को सचेत कर दिया था।

## खराब फॉर्म यशस्वी जायसवाल के लिए खड़ी करेगा मुसीबत! शुभमन गिल बन सकते हैं फेवरेट



नईदिल्ली, एजेंसी। यशस्वी जायसवाल का फॉर्म में आना भारतीय टीम के लिए इसलिए भी अहम है, क्योंकि इस युवा बल्लेबाज के पास वो विस्फोटक क्षमता है, जो उन्हें रोहित शर्मा के साथ एक बतौर सलामी बल्लेबाजी में चाहिए. बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के 5 पारियों के स्कोर कुछ ऐसे हैं- 24, 5, 10, 0, 24. यानी 5 पारियों में सिर्फ 63 रन. टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का सेलेक्शन जल्द होने वाला है. इस सेलेक्शन में आईपीएल 2024 में खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी अहम होगा.

जीनत अमान ने कपल्स को दी सलाह

# ‘लिव-इन में रहना पाप है’



वेटरन एक्ट्रेस जीनत अमान ने अपनी दमदार एक्टिंग से लाखों दिलों पर राज किया है। एक्ट्रेस ने एक से बढ़कर एक फिल्मों में काम किया है। एक्ट्रेस अपनी खूबसूरती के अलावा अपने बयानों को लेकर भी खूब चर्चा में रहती हैं। वह सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपने फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर लंबा चौड़ा कैप्शन लिखा और आज की जनरेशन को शादी से पहले लिव-इन रिलेशनशिप में रहने की सलाह दी है। इसी के साथ जीनत ने बताया कि एक फैन ने उनसे रिलेशनशिप एडवाइस मांगी थी। जीनत ने ये भी बताया कि ये जो सलाह वो फैन्स को दे रही हैं, अपने बेटों को भी वो यही रिलेशनशिप एडवाइस देती हैं। एक्ट्रेस ने अपनी कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं।

### हर हाल में शादी से पहले लिव इन रिलेशनशिप में रहें

दरअसल जीनत अमान ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर अपने डॉग के साथ दो तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा कि आप में से किसी ने मेरे पिछले पोस्ट में कमेंट कर रिलेशनशिप पर सलाह देने को कहा था। तो मैं अपनी निजी राय बताती हूं, जो पहले नहीं कही है। अगर आप रिलेशनशिप में हैं तो मैं ये सलाह दूंगी कि आप हर हाल में शादी से पहले लिव इन रिलेशनशिप में रहें। मैंने अपने बेटों को भी यही मशवरा दिया था। दोनों ही लिव-इन रिलेशनशिप में रहे हैं या फिर रह रहे हैं।

### खराब मूड झेल सकते हैं?

जीनत ने अपने पोस्ट में आगे लिखा कि ये मुझे लॉजिकल लगता है कि इससे पहले कि दो लोग अपने परिवार और सरकार को अपनी इक्केशन में शामिल करें, वे पहले अपने रिश्ते को अल्टीमेट टेस्ट करें। दिन में कुछ घंटे अपने खुद का बेस्ट वर्जन बनना आसान है। लेकिन क्या आप बाथरूम शेयर कर सकते हैं? खराब मूड झेल सकते हैं? क्या यह मान जाते हैं कि रात को डिनर में क्या खाना चाहिए? क्या आप बेडरूम में एक-दूसरे के बीच फायर बनाए रखते हैं? उन लाखों छोटे-छोटे झगड़ों पर काम करें जो दो क्लोज लोगों के बीच क्रिएट होते हैं? यह उन्हें पहले चेक कर लेना चाहिए।

### लोग क्या कहेंगे

एक्ट्रेस ने आगे लिखा कि जरूरी है कि आप देखें कि आपके बीच तालमेल है? कंपैटिबिलिटी है? मैं जानती हूं कि भारतीय समाज में ‘लिव इन को पाप’ मानते हैं, लेकिन फिर भी, समाज तो कई चीजों को लेकर सख्त होता है! लोग क्या कहेंगे? लेकिन समाज तो कई और चीजों को लेकर भी शख्त है। लोग क्या कहेंगे। लेकिन परिवार और सरकार को बीच में लाने से पहले जरूरी है कि पार्टनर्स अपने रिश्ते का फाइनल टेस्ट कर लें।




# अक्षय कुमार के नाम पर 6 लाख की ठगी

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार इन दिनों फिल्म ‘बड़े मियां छोटे मियां’ को लेकर चर्चा में हैं। इसे ईद के मौके पर आज यानी कि 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। मूवी ने रिलीज से पहले ही एडवांस बुकिंग में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा खासा प्रदर्शन किया है। इसी बीच एक्टर से जुड़ी खबर सामने आ रही है कि उनके नाम पर एक महिला के साथ 6 लाख की ठगी की कोशिश की गई है। बताया जा रहा है कि महिला को एक्टर के प्रोडक्शन हाउस में नौकरी देने का झांसा दिया गया था। जिस महिला के साथ 6 लाख का फ्रॉड होते-होते रह गया। उसे लेकर बताया जा रहा है कि वो एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर पूजा अनंदानी हैं। उन्होंने जुहू के पुलिस स्टेशन में केस दर्ज करवाया है। शख्स ने महिला को अक्षय कुमार के प्रोडक्शन हाउस में नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। फ्री प्रेस जरनल की रिपोर्ट की मानें तो कहा जा रहा है कि महिला को प्रिंसकुमार राजन अंजनीकुमार सिन्हा की ओर से कॉल आया था कि वो अपकमिंग फिल्म के लिए सेलेक्ट हो गई हैं। शख्स की ओर से पूजा को उसका नाम रोहन मेहरा बताया गया था और कहा था कि वो एक्टर के ऑफिस से बात क रहा है। जबकि, वो उनके ऑफिस में काम ही नहीं करता था और जॉब ऑफर कर रहा था।

### ठग ने मांगे 6 लाख

इतना ही नहीं, 29 साल की पूजा ने आरोप लगाया कि उनसे शख्स की ओर से कहा गया कि वो उनकी कुछ अच्छी फोटोज चाहता है, जो कि अमिताभ बच्चन के फोटोग्राफर से क्लिक कराना चाहता है। उसने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर से 6 लाख की मांग की। साथ ही कहा कि फोटो क्लिक कराने के बाद उन्हें प्रोडक्शन हाउस की फिल्म में काम मिल जाएगा। जुहू पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस की ओर से कहा गया कि पूजा अपने इंप्रेसिव रील्स के लिए जानी जाती हैं।



पॉप गायिका ने बेबी प्लानिंग पर कही ये बात

# ‘भगवान जितना चाहेगें उतने बच्चे होगें’

पॉप सिंगर रिहाना ने एक पुराने साक्षात्कार में दो से ज्यादा बच्चों की इच्छा जताई। उन्होंने कहा, भगवान जितना चाहेगें उतने बच्चे होगें। मालूम हो कि रिहाना दो बच्चों की मां हैं। गायिका के दो बेटे हैं।

पिछले दिनों अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग समारोह में अपनी प्रस्तुति को लेकर पॉप सिंगर रिहाना खूब चर्चा में रहीं। अब रिहाना का एक बयान सामने आया है, जिसके बाद से वह फिर सुर्खियों में आ गई हैं। दरअसल, रिहाना का एक पुराना वीडियो अचानक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसमें पॉप गायिका से पूछा गया है कि उनके कितने बच्चे होने चाहिए। इस पर अपने जवाब से रिहाना ने सभी को हैरान कर दिया है। एक मैगजीन को दिए साक्षात्कार में जब 36 वर्षीय पॉप सिंगर से पूछा गया कि वे कितने बच्चे चाहती हैं तो रिहाना ने जवाब दिया, जितने भगवान चाहता हो। उनके इस जवाब ने सभी को चौका दिया। आगे उनसे जब पूछा गया कि क्या वो दो से ज्यादा बच्चे चाहती हैं? तो रिहाना ने कहा, मुझे नहीं पता भगवान क्या चाहते हैं, लेकिन मैं दो से ज्यादा बच्चे चाहूंगी। मैं एक लड़की चाहती हूं।

### दो बच्चों की मां हैं रिहाना

रिहाना दो बच्चों की मां हैं। पिछले साल नवंबर में पॉप सिंगर रिहाना ने दूसरे बेटे को जन्म दिया। रिहाना ने मां बनने के बाद अपने पार्टनर रॉकी के साथ अपने कनेक्शन को और गहरा होने की बात कही। हालांकि हॉलीवुड जोड़े ने अभी तक शादी नहीं की है, दोनों ही साल 2020 से एक-दूसरे के साथ रह रहे हैं।

### पैरेंटिग पर रिहाना ने कही ये बात

बीते दिनों रिहाना ने एक बातचीत के दौरान पैरेंटिंग को लेकर कहा था, सबसे खूबसूरत बात यह है कि बच्चे बिना किसी तर्क के अपने व्यक्तित्व और ईमानदारी के साथ दुनिया में आते हैं, जो आपको महसूस कराता है कि आपको एक निश्चित समूह में फिट होना चाहिए। बच्चों को देखना वाकई बहुत खूबसूरत है।

वो जानते हैं कि उन्हें क्या बनना है, क्योंकि वह खूबसूरत हैं और अपनी ही तरह रहना चाहते हैं। उन्हें इस तरह देखकर मुझे प्यार आता है।

# जान्हवी ने शिखर से किया प्यार का इजहार



दान की स्क्रीनिंग में पहुंचीं एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने आखिरकार शिखर पहाड़िया के साथ अपने रिश्ते की पुष्टि कर दी है। फिल्म की स्क्रीनिंग पर पहुंची जान्हवी क्रीम रंग के पैंटसूट में बेहद खूबसूरत लग रही थी। उन्होंने अपने लुक को शिखू लिखे कस्टम-मेड नेकपीस के साथ पूरा किया। एक्ट्रेस के इस नेकपीस ने सभी का ध्यान खींचा, जिससे ऐसा लगता है कि वह अपने रिलेशन को कन्फर्म कर रही हैं। स्क्रीनिंग के दौरान एक्ट्रेस को रेड कार्पेट पर अपने पिता और मैदान के निर्माता बोनी कपूर, अपने भाई अर्जुन कपूर के साथ पोज देते हुए देखा गया। मैदान एक जीवनी पर आधारित स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसे अमित रविंदरनाथ शर्मा ने लिखा और निर्देशित किया है। इसमें अजय देवगन, प्रियामणि और गजराज राव हैं। फिल्म प्रतिष्ठित फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम के जीवन और यात्रा के बारे में बात करती है।

# अमिताभ बच्चन की दीवानी हैं जया किशोरी

कथा वाचक जया किशोरी को कौन नहीं जानता। देशभर में उनके करोड़ों फैन हैं। सोशल मीडिया पर 11 मिलियन से ज्यादा लोग उन्हें फॉलो करते हैं, लेकिन वह सदी के महानायक अमिताभ बच्चन की दीवानी हैं। जी हां! जया किशोरी ने खुद इसका खुलासा किया है। कई लोगों का मानना है कि वह एक कथा वाचक हैं तो उनका जीवन आम लोगों से अलग होगा। लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है, वह एक सामान्य लड़की की तरह ही अपनी जिंदगी जीती हैं और उन्हें बाकी लोगों की तरह ही फिल्में देखना व घूमना फिरना पसंद है।

### जया किशोरी को है फिल्मों का शौक



जया किशोरी को उनके इंटरव्यू में कई बार कहते देखा गया है कि उन्हें लाइफ को एन्जॉय करना पसंद है। उन्होंने एक इंटरव्यू में उनके जीवन में एंटरटेनमेंट की क्या जगह है इसके बारे में भी बताया। उनके मुताबिक मनोरंजन जीवन का अहम हिस्सा है, लोगों को फिल्मों और गेम्स में एंटरटेनमेंट ढूंढना चाहिए।

### अमिताभ बच्चन हैं फेवरेट

जया ने बताया कि उन्हें अमिताभ बच्चन बहुत पसंद हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म के हिसाब से एक्टर्स में उनकी पसंद बदलती रहती है, लेकिन अमिताभ एक ऐसे हैं जो हमेशा उनके फेवरेट रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमिताभ उनके ऑल टाइम फेवरेट हैं और वह उनकी ही फिल्में देखकर बड़ी हुई हैं।



रणदीप हुड्डा का बड़ा खुलासा

# फिल्म वक्त जा सकती थी मेरी की जान

हुड्डा ने एक चौंकाने वाली बात से पर्दा उठाया है। अभिनेता ने खुलासा करते हुए बताया कि इस एक फिल्म को करते वक्त उनकी जान पर बन आई थी। आइए जानते है कि रणदीप के साथ यह जानलेवा हादसा किस फिल्म के दौरान हुआ था।

बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा अपने बेहतरीन अभिनय के लिए मशहूर हैं। रणदीप हुड्डा की जबर्दस्त अदाकारी से सभी वाकिफ हैं। रणदीप हुड्डा की पहली निर्देशित फिल्म स्वातंर्त्य वीर सावरकर है।

फिल्म स्वातंर्त्य वीर सावरकर की कहानी स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की बायॉपिक है। जिसमें अंग्रेजों के अत्याचार के खिलाफ उनकी लड़ाई को दर्शाया गया हैं। रणदीप हुड्डा की फिल्म स्वातंर्त्य वीर सावरकर 22 मार्च को रिलीज हुए थी। फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाले रणदीप हुड्डा आए दिन इस फिल्म से जुड़ी कोई-न-कोई जानकारी साझा करते रहते हैं। इसी सिलसिले को जारी रखते हुए उन्होंने एक और दिलचस्प और खतरनाक बात बताई है।

रणदीप इस फिल्म के किरदार में इस कदर डूबे कि उन्होंने अपना वजन इतना कम कर लिया कि उनकी जान पर बन आई थी। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि फिल्म स्वातंर्त्य वीर सावरकर कि शूटिंग करते वक्त एक समय ऐसा भी था जब वह केवल पानी और कॉफी पर ही रहने लगे थे और जबरदस्त डाइटिंग करने लगे थे। रणदीप ने बताया कि फिल्म में वजन कम करने के लिए उन्होंने इतनी ज्यादा डाइडिंग कर ली थी कि एक समय ऐसा था जब उनकी जान तक जा सकती थी।

### फिल्म के लिए घटाया वजन

रणदीप की फिल्म स्वातंर्त्य वीर सावरकर बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। लेकिन इस फिल्म के लिए अभिनेता ने कड़ी मेहनत की है। एक इंटरव्यू के दौरान रणदीप ने बताया, इस फिल्म के लिए उन्होंने 32 किलो तक का वजन घटाया है।

इस वजह को उन्हें पूरे 18 महीने तक मेनटेन करके रखना पड़ा था। फिल्म की शुरुआत और अंत के लिए शुरू से ही किसी रूल को फॉलो नहीं किया जा रहा था, जिसकी वजह से रणदीप पर भावनात्मक और शारीरिक प्रभाव देखने को मिला।

# भोजपुरी एक्टर पवन सिंह लड़ेंगे चुनाव

बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत और गोविंदा के बाद अब एक और एक्टर की राजनीति में एंट्री हो गई है। भोजपुरी एक्टर पवन सिंह ने घोषणा की है कि वो आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में बिहार के काराकाट से चुनाव लड़ेंगे।



पवन सिंह इस बार लोकसभा चुनाव को लेकर पहले से ही चर्चा में थे। बीजेपी ने उन्हें बंगाल के आसनसोल से टिकट दिया था, लेकिन टिकट ऐलान के बाद ही पवन सिंह ने आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा कर दी थी। हालांकि बीजेपी का टिकट ठुकराने के बाद उन्होंने बाद में ट्वीट कर कहा था कि वह चुनाव लड़ेंगे, लेकिन यह साफ नहीं किया था कि वह किस सीट से चुनाव लड़ेंगे। अब उन्होंने घोषणा की है कि वह पश्चिम बंगाल के आसनसोल से नहीं बल्कि बिहार के काराकाट लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे।

# आलिया ने भंसाली की हीरामंडी को बताया जादू

आलिया भट्ट अपनी अदाकारी के दम पर कई सालों से सिनेमा जगत में बेमिसाल काम कर रही हैं।

अभिनेत्री की खूबसूरती उनका अनोखा अंदाज और उनकी लाजवाब अदाकारी उन्हें सभी अभिनेत्रियों के बीच में सबसे अलग बनाती है। अब हाल ही में, आलिया ने संजय लीला भंसाली की सीरीज हीरामंडी के ट्रेलर की खूब प्रशंसा की है और इसे उम्दा बताया है।



अभिनेत्री ने क्या कहा है। संजय लीला भंसाली की 2022 की ब्लॉकबस्टर गंगूबाई काठियावाड़ी में वास्तविक जीवन की सेक्स वर्कर की भूमिका के लिए आलिया भट्ट को काफी प्रशंसा मिली थी। अब आलिया ने फिल्म निर्माता भंसाली की पहली वेब सीरीज हीरामंडी के ट्रेलर को साझा किया और उसकी सराहना की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, उफ्फ!! बस जादू!!। न केवल आलिया, बल्कि उनकी फिल्म राजी के सह-कलाकार विक्की कौशल ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर ट्रेलर साझा किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, यह कितना आश्चर्यजनक है!

दिलचस्प बात यह है कि आलिया अपने पति रणबीर कपूर और विक्की के साथ भंसाली की अगली फीचर फिल्म लव एंड वॉर के लिए साथ काम कर रहे हैं।

यह फिल्म अगले साल क्रिसमस पर रिलीज होने वाली है। फिल्म को लेकर फैंस के बीच काफी बज बना हुआ है और सभी यह देखने को उत्साहित हैं कि भंसाली इस तिकड़ी के साथ स्क्रीन पर क्या नया धमाल करने वाले हैं।

- साभार एजेंसी